मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.0 | 11.4 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 10.0 |
| डालटनगंज | 26.0 | 08.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *



पेज 8-9

www.lagatar.in | शनिवार, 16 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 238 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- बीजिंग में हिमपात से रेल दुर्घटना, 515 यात्री घायल
- हमास के खिलाफ लड़ाई में वक्त लगेगा : इजराइल
- यूक्रेन को मदद देने पर यूएस संसद में सहमति नहीं
- हमले में लाइबेरिया के जहाज में आग लगी

**नेशनल**
- देशभर में कोविड के 312 नए मामले आए सामने
- ईएसआईसी ने अक्टूबर में 17 .28 लाख नए सदस्य जोड़े
- बेलगावी की घटना पर भाजपा ने संसद में किया प्रदर्शन
- पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव को अस्पताल से मिली छुट्टी

**स्टेट**
- विकास बजरंगी को गॉल ब्लॉडर में निकला स्टोन
- सिख दंगों की स्टेटस रिपोर्ट जुटा रही रांची पुलिस
- वंदना दादेल 16 से 28 दिसंबर तक अवकाश पर
- मनी लॉन्ड्रिंग में जय चौधरी को अग्रिम बेल से इंकार

**स्पोर्ट्स**
- पुरुष हॉकी टीम पांच देशों के टूर्नामेंट में स्पेन से हारी
- अंडर-19 क्रिकेट एशिया कप सेफा में हारा भारत
- भारतीय महिला हॉकी टीम को स्पेन ने 3-2 से हराया
- रोहित की जगह हार्दिक मुंबई इंडियन्स के कप्तान

## किसने क्या कहा

- धीरज साहू झारखंड के अंबानी और अडाणी की तरह हैं : इरफान अंसारी
- हवाई अड्डों पर यात्रियों के कुशल प्रबंधन के लिए उठाए गए कदम : ज्योतिरादित्य
- मांस-मछली की खुले में बिक्री प्रतिबंध के फैसले पर एमपी सरकार विचार करें : मायावती

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई तीन तक स्थगित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को अगले साल तीन जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी. लोकसभा में आचार समिति की रिपोर्ट को मंजूर किए जाने के बाद गत सोमवार को तृणमूल नेता को सदन से निष्कासित कर दिया गया. इसके विरोध में मोइत्रा ने शीर्ष अदालत का रुख किया है. पीठ सर्दियों की छुट्टियों के बाद इसपर सुनवाई करना चाहती है.

### पाक में दो आतंकी हमला 5 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय और एक नाके पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी. इन घटनाओं में चार आंतकवादी भी मारे गए. तीन दिन पहले, इसी क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गयी थी. अधिकारियों के मुताबिक पहला हमला खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में पुलिस लाइन पर हुआ. अधिकारियों ने कहा कि चार आतंकवादी भी मारे गए.

### तीन जिलों के डीसी को सरकार ने किया शोकॉज

**रांची।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लापरवाही बरतने वाले और खराब प्रदर्शन करने वाले तीन जिलों के डीसी को शोकॉज किया गया है. राज्य सरकार ने पलामू, प.सिंहभूम और चतरा के डीसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. जारी नोटिस में कहा गया है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पलामू की प्रगति 0.94, वेस्ट सिंहभूम 0.82 और चतरा जिले की प्रगति महज 0.66% है.

### कोर्ट परिसर में ताबड़तोड़ फायरिंग, कैदी की हत्या

**पटना।** दानापुर कोर्ट में पेशी के लिए लाए गए एक कैदी की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गयी. मृतक का नाम छोटे सरकार बताया जा रहा है. कोर्ट परिसर में अचानक फायरिंग के बाद अफरा-तफरी मच गयी. पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. कैदी छोटे सरकार को पांच से छह गोलियां मारी गयीं. नौबतपुर के रहने वाले अभिषेक कुमार उर्फ छोटे सरकार को एक मामले में पेशी के लिए दानापुर कोर्ट लाया गया था. यहां अपराधी पहले से घात लगाए बैठे थे.

### प्रिंस हैरी ने फोन हैकिंग मुकदमा जीता

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने 'डेली मिरर' के प्रकाशक के खिलाफ दायर फोन हैकिंग का मुकदमा जीत लिया है और अदालत ने समाचार पत्र को उन्हें क्षतिपूर्ति के रूप में 1,40,000 ब्रिटिश पाउंड देने का आदेश दिया है. हैरी ने 'डेली मिरर' के खिलाफ कई मुकदमे किए हैं, जिनमें यह मुकदमा भी शामिल है. कोर्ट ने पाया कि मिरर समूह के समाचार पत्रों के लिए वर्षों से फोन हैकिंग की जा रही थी.

---

### » जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के लिए 6.50 लाख अभ्यर्थियों ने भरे फॉर्म

- आयोग ने कहा त्रुटियों के कारण रद्द किए गए आवेदन

# 85000 से अधिक आवेदन रद्द

रजनीश / शुभम किशोर । रांची

झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग( जेएसएससी) ने सीजीएल परीक्षा के 85,023 अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द कर दिया है. इसे लेकर आयोग ने 297 पन्नों की अधिसूचना शुक्रवार (15 दिसंबर 2023 ) को जारी कर दी है. इतने बड़े पैमाने पर अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द करने का कारण आवेदन भरने में हुई विभिन्न त्रुटियों को बताया गया है. बता दें कि इस परीक्षा के लिए लगभग साढ़े साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था.

**जेएसएससी ने आवेदन रद्द करने की वजहें बतायीं:** कई अभ्यर्थियों ने क्षेत्रीय भाषा का चयन नहीं किया, कुछ ने आरक्षण कोटि और दिव्यांगता के कॉलम में परिवर्तन किया, लेकिन शुल्क का भुगतान नहीं किया. इसके अलावा कई अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन से आगे की प्रक्रिया पूरी ही नहीं की, जिस कारण उनके आवेदन को रद्द कर दिया गया. बता दें कि आयोग ने पहले 16-17 दिसंबर को होने वाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा बीते 11 दिसंबर को स्थगित कर दी थी. आयोग ने बताया था कि परीक्षा लेने वाली एजेंसी ने असमर्थता जता दी है. इससे परीक्षा स्थगित की जाती है. इसके बाद छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया. विरोध को देखते हुए आयोग ने अगले ही दिन परीक्षा की नई तिथि 21 जनवरी और 28 जनवरी तय कर दी है. तिथि में बदलाव को लेकर छात्रों का विरोध शुरू हो गया है.

- शेष पेज 13 पर

### जेएसएससी कार्यालय का घेराव कर छात्रों ने किया प्रदर्शन

## नौकरी दो-नौकरी दो, गद्दी छोड़ दो...





एक अभ्यर्थी ने शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की, हिरासत में

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के कार्यालय का घेराव करने राज्य भर से 1000 से भी अधिक अभ्यर्थी शुक्रवार की सुबह नामकुम पहुंचे. बार-बार परीक्षा स्थगित किए जाने से अभ्यर्थी गुस्से में थे और आयोग व सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे. आयोग से युवाओं के भविष्य के साथ खिलबाड़ बंद करने की गुहार लगा रहे थे. छात्रों का कहना था कि जेपीएससी व जेएसएससी निष्क्रिय हो चुका है. न तो समय पर कोई परीक्षा ही ले पा रहा है और समय पर कभी किसी परीक्षा का रिजल्ट ही जारी हुआ है. यदि परीक्षा होती भी है, तो विवादित हो जाती है. और अंततः में रद्द कर दी जाती है. परीक्षा के इंतजार में हजारों छात्रों की नौकरी की उम्र सीमा समाप्त हो गयी है. आयोग कार्यालय के समक्ष अभ्यर्थी नारेबाजी करते रहे-युवाओं को ठगना बंद करो, नौकरी दो -नौकरी दो, नहीं तो गद्दी छोड़ दो. अभ्यर्थियों के घेराव को लेकर मौके पर काफी पुलिस के जवान तैनात थे. इस बीच आयोग कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन व नारेबाजी कर रहे अभ्यर्थियों की भीड़ में से अचानक एक युवक हाथों में बोतल लिए नारेबाजी करते हुए निकला. उसने बोतल में रखा पेट्रोल अपनी शरीर पर उड़ेल कर आत्मदाह करने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिस के जवान व दूसरे अभ्यर्थियों ने पकड़ दिया. उसे हिरासत में ले लिया. फिर बांड भरा कर छोड़ा गया.

**डेट बढ़ाने से हो रही परेशानी :** अभ्यर्थियों का कहना है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षा की तिथि बार-बार आगे बढ़ाये जाने से उन्हें काफी नुकसान हो रहा है. कई अभ्यर्थियों की उम्र सीमा पार कर चुकी है. ऐसे में बार-बार परीक्षा स्थगित करना उचित नहीं है. इससे उनकी परेशानी बढ़ रही है.

---

## एमएस धौनी को बड़ा सम्मान




एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को बड़ा सम्मान दिया है. बोर्ड ने एमएस धोनी की 7 नंबर वाली जर्सी को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए रिटायर कर दिया है. यानि कि जर्सी नंबर 7 अब किसी भी अन्य भारतीय क्रिकेटर को नहीं दिया जाएगा. इंटरनेशनल क्रिकेट में अब कोई खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 पहनकर भारत के लिए नहीं खेल सकेगा. आम तौर पर एक क्रिकेटर को भारत के लिए डेब्यू करने से पहले अपनी पसंदीदा जर्सी नंबर चुनने की स्वतंत्रता दी जाती है. आईसीसी नियमों के अनुसार, उन्हें खिलाड़ी को कोई भी नंबर चुनने की अनुमति है, लेकिन अब भारत में ऐसा नहीं होगा.

# किसी भारतीय क्रिकेटर को नहीं मिलेगी जर्सी नं 7

### बीसीसीआई ने 7 नंबर वाली जर्सी को किया रिटायर

### सचिन के बाद धौनी को मिला सम्मान

बीसीसीआई ने युवा भारतीय खिलाड़ियों को सूचित किया है कि वे अब नंबर 7 जर्सी के लिए अनुरोध नहीं कर सकते हैं. तेंदुलकर का नंबर 10 साल 2017 में लिस्ट से बाहर हो गया था. बीसीसीआई ने खेल में धौनी के योगदान के लिए धौनी की टी-शर्ट को रिटायर करने का फैसला किया है. कोई भी नया खिलाड़ी नंबर 7 नहीं ले सकता है और नंबर 10 पहले से ही उपलब्ध नंबरों की सूची से बाहर था. यह फैसला धौनी के अगस्त 2020 में संन्यास लेने के साढ़े तीन साल बाद आया है. हालांकि, उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के मैनचेस्टर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की जर्सी नंबर 7 पहनकर मैदान पर कदम रखा था.

### धौनी के मामले में आईपीएस अधिकारी को सजा सुनाई

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने आईपीएस के अधिकारी जी संपत कुमार को महेंद्र सिंह धौनी द्वारा दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में शुक्रवार को 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई. हालांकि, न्यायमूर्ति एसएस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके. धौनी ने उच्चतम न्यायालय व हाईकोर्ट के खिलाफ कथित रूप से अवमानना वाले बयान देने के लिए आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराया था. धौनी ने आईपीएल सट्टेबाजी में अपना नाम लिए जाने को लेकर 2014 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था और 100 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की थी. इसी मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है.



- 2014 में आईपीएल में सट्टेबाजी में नाम लिए जाने को लेकर धौनी ने किया था केस

---

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है. पहले दिन भाजपा ने सदन के बाहर धीरज साहू मामले को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. धीरज साहू की गिरफ्तारी और कैश कांड की सीबीआई जांच कराने की मांग की. सुबह 11.07 में विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई. स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रारंभिक वक्तव्य दिया. कार्य संचालन नियमावली के तहत सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा की. राजभवन के लौटाये गये 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक के साथ आई राज्यपाल की टिप्पणी पढ़ी. इसके बाद सदन में शोक प्रकाश लाया गया. इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.



- धीरज साहू मामले को लेकर विपक्ष का सदन के बाहर प्रदर्शन
- सदन में स्पीकर ने पढ़ी राजभवन से लौटे 1932 विधेयक के साथ आई राज्यपाल की टिप्पणी
- राज्यपाल ने सिर्फ फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को आरक्षित करने का दिया है सुझाव
- शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए की स्थगित



### एजी से सुझाव लेने के बाद राज्यपाल ने दिया है मंतव्य

1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक के साथ भेजे गये राज्यपाल की टिप्पणी को पढ़ते हुए स्पीकर ने बताया कि राज्यपाल ने 1932 विधेयक के कुछ बिंदुओं पर विधानसभा को पुनर्विचार करने के लिए कहा है. राजभवन ने अपना सुझाव विधेयक में शामिल कानूनी प्रावधानों पर अटॉर्नी जनरल से मंतव्य लेने के बाद दिया है.

### विशेष सत्र बुलाकर पारित किया गया था विधेयक

11 नवंबर 2022 को हेमंत सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति पारित किया था. इसे (झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक- 2022) नाम से पारित किया गया था. फिर राजभवन ने विधेयक लौटा दिया था.

---

### संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर गतिरोध जारी

**नयी दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी विपक्षी सदस्यों ने तत्काल चर्चा कराने और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर दोनों सदनों में हंगामा किया. संसद के दोनों ही सदनों की कार्यवाही बाधित हुई और कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका. लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही क्षणों के भीतर दोपहर दो बजे तक और फिर दोबारा शुरू होते ही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी, जबकि राज्यसभा की कार्यवाही भी एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी. हालांकि राज्यसभा में सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और सदस्यों की ओर से स्थायी समिति की रिपोर्ट पेश की गयीं. यह तीसरा दिन है जब संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर संसदीय कार्यवाही बाधित हुई.

- पेज 15 भी देखें

---

### झारखंड कैबिनेट ने लिये कई अहम निर्णय

# जमशेदपुर में बनेगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप

**कैबिनेट के फैसले**

विशेष संवाददाता। रांची

जमशेदपुर औद्योगिक नगरी बनेगा. इसका विस्तार 15725 एकड़ भूमि पर होगा. सरकार के लिए एक समिति का गठन करेगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को हेमंत सोरेन कैबिनेट में मंजूरी प्रदान कर दी गयी. इसकी मांग झारखंड गठन के पूर्व से ही लगातार होती रही है. झारखंड का यह दूसरा बड़ा शहर है. वर्तमान में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा शहरी निकायों से संबंधित कार्य निष्पादित किए जाते हैं. शहरी सुविधा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं जुस्को द्वारा यूटिलिटी सर्विसेज मुहैया करायी जाती है. मगर यह आवश्यक हो गया था कि अन्य औद्योगिक नगरों की तर्ज पर जमशेदपुर औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित हो. इसमें वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 7,11, 13,14, 15, 16, 17, 18 और 19 को शामिल किया जाएगा. औद्योगिक नगरी संचालन के लिए जमशेदपुर औद्योगिक नगरी समिति का गठन किया जाएगा. इसमें अध्यक्ष जिला के प्रभारी मंत्री/ स्थानीय मंत्री अध्यक्ष होंगे. जबकि स्थानीय उपायुक्त इसके उपाध्यक्ष होंगे. इसके लिए एक प्रशासक और तीन सदस्य होंगे. इसमें टाटा स्टील के कुल 11 लोग शामिल होंगे.

**झारखंड आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा :** राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए झारखंड आंदोलनकारियों के परिजनों एवं आश्रितों को बड़ा तोहफा दिया है.

- शेष पेज 13 पर

### झारखंड आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा

**एक आश्रित को नियुक्ति में अलग से 5% और महिलाओं को 5% आरक्षण देगी सरकार**




- झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाले की रिपोर्ट विधानसभा में रखी जाएगी
- जेपीएससी नियमावली में संशोधन की मंजूरी

### परीक्षा संचालन में आ रही अड़चनें अब होंगी दूर

जेपीएससी परीक्षा आयोजित करने में आ रही दिक्कतों का समाधान करीब-करीब सरकार ने कर लिया है. सरकार ने शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नियामवली में संशोधन करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है. अब जेपीएससी एक साथ 11 वीं और 13 वीं जेपीएससी की परीक्षा कंडक्ट करा सकती है. किए गए संशोधन के अनुसार सिविल सेवा की संयुक्त परीक्षा में बैठने की गणना के लिए कट ऑफ डेट अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तरह अब एक अगस्त होगा. दूसरे संशोधन के अनुसार पीटी रिजल्ट में अगर दिव्यांग , महिला और अन्य क्षेत्रीय आरक्षण के हकदार अभ्यार्थी की संख्या नियमानुसार 15 गुणा नहीं हो पाती है. अब उनके मार्क्स को नीचे करने का प्रावधान किया गया है.

---

**चिंताजनक** झारखंड में फसल तीव्रता में आई कमी, सब्जी उत्पादन भी घटा

# सब्जी-अनाज की कीमत में 10% तक हो सकती है वृद्धि

रवि भारती। रांची

झारखंड में इस साल अनाज और सब्जी के उत्पादन में कमी आई है. इस साल 10 लाख टन कम अनाज उत्पादन की आशंका जताई जा रही है. वहीं सब्जी के उत्पादन में भी कमी आयी है. सब्जी उत्पादन के मामले में झारखंड राष्ट्रीय औसत से पीछे हो गया है.

इस साल झारखंड में 14 टन प्रति हेक्टेयर सब्जी उत्पादन की संभावना जताई है, जबकि राष्ट्रीय औसत 17 टन प्रति हेक्टेयर है. वहीं साथ बने पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में 14.4 टन और छत्तीसगढ़ में 16 टन प्रति हेक्टेयर सब्जी का उत्पादन होता है.



### 12.25 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में खेती नहीं

झारखंड में 38 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें 25.75 लाख हेक्टेयर भूमि पर ही खेती है. 12.25 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में खेती नहीं होती है. प्रदेश में फसल तीव्रता भी राष्ट्रीय मानक से कम है. झारखंड में फसल तीव्रता 120 फीसदी है, जबकि राष्ट्रीय मानक 130 फीसदी है.

## इस साल 10 लाख टन कम अनाज उत्पादन की संभावना

### अनाज के लिए बिहार, छग पर निर्भर रहना होगा

इस साल फिर अनाज के लिए छत्तीसगढ़, पंजाब और बिहार पर निर्भर रहना होगा. सामान्य स्थिति में प्रदेश में 55 लाख टन अनाज का उत्पादन होता है. इस साल 40 लाख टन अनाज उत्पादन की संभावना जताई जा रही है. प्रति टन अनाज की कीमत लगभग 1000 रुपये आती है. इस हिसाब से 125 करोड़ रुपये का अनाज बाहर से मंगाना पड़ सकता है.

### खेतों तक पानी नहीं पहुंचना बड़ी वजह

झारखंड सिंचाई के मामले में भी पड़ोसी राज्यों से पिछड़ रहा है। साथ बने राज्य उत्तराखंड में 45 फीसदी से अधिक कृषि भूमि में सिंचाई होती है। जबकि झारखंड में सिर्फ 25 फीसदी कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है। पठारी क्षेत्र होने के बावजूद उत्तराखंड में दस वर्षीय फसल चक्र व्यवस्था है। पड़ोसी राज्य बिहार में 43.86 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है.

### उत्पादन कम होने के कारण

- 15 जून से 30 सितंबर तक 75 फीसदी से कम बारिश
- नॉर्मल डिफरेंशियल वेजिटेशन (एनडीवीआई) 0.4 प्रतिशत से होना चाहिए कम
- आद्रता 0.4 फीसदी से होना चाहिये कम

### किस भूमि पर किसकी खेती

- ढाई से तीन लाख हेक्टेयर : सब्जी की खेती
- एक से डेढ़ लाख हेक्टेयर : फलों की खेती
- 20 हजार हेक्टेयर : काजू की खेती
- 1000 हेक्टेयर : संतरा की खेती
- 4000 हेक्टेयर : फूलों की खेती
- 26 हजार हेक्टेयर : आर्गेनिक फार्मिंग

### 6 लाख 21 हजार 465 किसानों का हुआ लैंड वेरीफिकेशन

# 14.28 लाख किसानों ने फसल राहत योजना के लिए किया आवेदन

संवाददाता। रांची

राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य फसल राहत योजना के नाम से एक नई योजना की घोषणा की गई है. यह योजना मुख्य रूप से किसी भी प्राकृतिक आपदा और प्राकृतिक दुर्घटनाओं के कारण फसल क्षति की स्थिति में कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके.

राज्य में 45 लाख से अधिक किसान निबंधित होने के वाद भी योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन नहीं करते. विगत रवि फसल के लिए योजना में आवेदन किए गये किसानों को भी वर्तमान समय में योजना से लाभ नहीं मिला है. सहकारिता विभाग के पास सांख्यिकी की रिपोर्ट आने के बाद किसानों को योजना का लाभ मिल सकेगा. सांख्यिकी की रिपोर्ट सहकारिता विभाग के पास मार्च में आती है. इसके बाद ही किसानों को राहत मिलने की उम्मीद की जा सकती है. विभाग के अनुसार हलका, सीआई या अंचलाधिकारी के वेरिफिकेशन में आवेदन में कुछ कमी पाई गई, उनका आवेदन रिजेक्ट हुआ है. 31.43 प्रतिशत किसानों ने ही योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है. बताते चलें कि राज्य के लगभग 28 लाख हेक्टेयर जमीन में से 10 लाख हेक्टेयर जमीन खाली रह गयी. वहीं जिन किसानों ने किसी तरह धान और अन्य खरीफ की फसल लगायी.

**6517**

**किसानों के खरीफ के लिए किए गये आवेदन हुए रिजेक्ट**

## किस जिले के कितने किसानों ने लिया ऋण माफी का लाभ




**किसानों पर 1700 करोड़ ऋण का बकाया**

राज्य सरकार ने अगर एनपीए खाताधारी किसानों का ऋण माफ किया, तो करीब चार लाख किसानों को इसका लाभ मिलेगा. इन पर करीब 1700 करोड़ रुपये ऋण का बकाया है. योजना के तहत किसानों का औसतन करीब 50 हजार रुपये माफ होगा. राज्य सरकार राज्य के एनपीए खाताधारी किसानों को कर्नाटक मॉडल पर ऋण माफ करने की योजना पर बात कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### उषा मार्टिन के एमडी को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. इससे पहले 9 अक्टूबर को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने राजीव झंवर को राहत नहीं देते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी. इसके बाद राजीव झंवर ने ईडी कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की.

### तत्कालीन इंजीनियर को बेल देने से इंकार

**रांची।** खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला के जरिए अर्जित किए गए पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी तत्कालीन इंजीनियर जय किशोर चौधरी को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है. शुक्रवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत अर्जी निचली अदालत खारिज कर चुका है. दरअसल मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसमें जय किशोर चौधरी का भी नाम शामिल है.

### विधानसभा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था का लिया जायजा

**रांची।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है. 15 से 21 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र चलेगा.संसद में हुई घटना को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है. 1000 से अधिक जवान इसकी सुरक्षा में लगाए गए हैं. आम से लेकर खास तक अभी के जांच के बाद ही विधानसभा में प्रवेश दिया जा रहा है. पूरे परिसर में धारा 144 लगाया गया है. रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ सदर दीपक दुबे ने विधानसभा के धरना स्थल का मुआयना किया.

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का तीसरा चरण

# मुख्यमंत्री ने 20 दिन में 15 जिलों को दी 4979.22 करोड़ की सौगात

**खास बातें**

- लाभुकों के बीच 18513 .99 करोड़ की परिसंपत्ति वितरित
- राज्य भर में लगाये गये अबतक 3521 शिविर

सत्य शरण मिश्रा। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए राज्य के 15 स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में जिलों को 4979.22 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी है. इसमें योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास दोनों शामिल हैं. इस दौरान सीएम ने शिविरों में लाभुकों के बीच 18513.99 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया है. 24 नवंबर को अपने विधानसभा क्षेत्र बरहेट से सीएम ने इस कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरुआत की थी. उसके बाद पाकुड़, लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा, पलामू, गिरिडीह, कोडरमा, सरायकेला, पोटका, गोड्डा, देवघर, चास, दुमका और जामताड़ा में उन्होंने सैकड़ों योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया.

### 644062 आवेदनों पर सरकार ने की कार्रवाई

इस योजना के तहत पूरे राज्य के पंचायतों और नगर निकायों में 3521 शिविर लगाये गये. इन शिविरों में अबतक 3202290 लोगों ने सरकार को आवेदन दिये. इनमें से 644062 आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उनका निपटारा कर दिया गया, जबकि 2558228 आवेदनों पर कार्रवाई चल रही है. वहीं इन शिविरों में कुल 3746860 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया है, जबकि 382408223 रुपये विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के खाते में डीबीटी के जरिये ट्रांसफर की गई है.

### सीएम ने किस जिले को दी कितने की योजनाओं की सौगात

| जिला/योजनाएं | राशि |
|---|---|
| **जामताड़ा** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 634 .30 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 182 .12 करोड़ |
| **दुमका** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 1035 .10 |
| परिसंपत्ति वितरण | 53 .23 करोड़ |
| **चास** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 168 .22 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 321.57 |
| **देवघर** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 255 .54 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 7 .97 करोड़ |
| **गोड्डा** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 441 .06 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 300 .96 करोड़ |
| **पोटका** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 348 .10 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 204 .11 करोड़ |
| **खरसावां** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 316 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 244 करोड़ |
| **कोडरमा** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 433 .9 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 10 .49 करोड़ |
| **गिरिडीह** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 305 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 30 करोड़ |
| **पलामू** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 175 .69 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 68 .67 वितरण |
| **गढ़वा** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 211 .36 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 2 .49 करोड़ |
| **सिमडेगा** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 155 .78 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 31 .17 करोड़ |
| **लोहरदगा** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 133 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 132 करोड़ |
| **पाकुड़** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 153 .81 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 126 .94 करोड़ |
| **बरहेट** | |
| शिलान्यास-उद्घाटन | 212 .91 करोड़ |
| परिसंपत्ति वितरण | 298 .27 करोड़ |

### इन योजनाओं के आए सबसे अधिक आवेदन




| योजना | कुल आवेदन | आवेदनों का निपटारा |
|---|---|---|
| सर्वजन पेंशन योजना | 75292 | 30969 |
| आयुष्मान कार्ड | 47658 | 26676 |
| सीएम पशुधन योजना | 74381 | 10319 |
| राशन कार्ड में सुधार | 55128 | 13735 |
| किशोरी समृद्धि योजना | 48737 | 15949 |
| आधार कार्ड में सुधार | 16025 | 8928 |
| अबुआ आवास योजना | 1721041 | 1721041 |
| आय प्रमाण पत्र | 37728 | 19774 |
| जाति प्रमाण पत्र | 54907 | 25678 |
| जन्म प्रमाण पत्र | 21675 | 6373 |
| धोती-साड़ी-लुंगी वितरण | 290049 | 187048 |
| मनरेगा में नया कार्य | 106010 | 52753 |
| कंबल वितरण | 209102 | 133367 |


# सिख दंगों से जुड़े 167 मामलों की जानकारी जुटा रही रांची पुलिस

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रांची पुलिस सिख दंगों से जुड़ी प्राथमिकी की वर्तमान स्थिति की जानकारी जुटाने में लगी है. अदालत ने सोमवार को राज्य सरकार से पूछा था कि सिख दंगों से जुड़े विभिन्न मुकदमों की अद्यतन स्थिति क्या है. वहीं सिख दंगा में पीड़ित कितने परिवारों को मुआवजा दिया गया है. इसके बाद रांची एसएसपी ने रांची सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार को पत्राचार किया है. उन्होंने पूछा है कि सिख दंगे के बाद रांची में दर्ज कुल 167 प्राथमिकी की स्टेटस रिपोर्ट क्या है. दरअसल झारखंड हाईकोर्ट 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है. पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हाजिर होने का निर्देश दिया है. इस मामले पर अदालत में 19 दिसंबर को सुनवाई होने वाली है.

CLASSIFIED




























### प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी घोटालेबाज राइस मिल संचालकों पर नहीं होती कार्रवाई

# गबन करने वालों पर भी नहीं होती ठोस कार्रवाई

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड में हर साल एक दर्जन राइस मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होती है. थानों में राइस मिल संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होता है. एफआईआर में चावल की हेराफेरी करने, करोड़ों गमन करने सहित कई गंभीर आरोप होते हैं. संचालकों से करोड़ों की वसूली करनी होती है. मगर पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच के नाम पर राइस मिल संचालकों को राहत दे देती है.

झारखंड में 80 राइस मिल संचालित हो रहे हैं. राज्य सरकार की 14 राइस मिलों का संचालन भी जल्द शुरू हो जाएगा. पिछले पांच साल में 23 राइस मिल संचालकों के खिलाफ प्रदेशभर के विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज हुए. जिनपर तकरीबन 110 करोड़ रुपये से ज्यादा के गबन का आरोप है. मिलरों से राशि वसूली होनी है. झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा थानों में एफआईआर दर्ज कराने के साथ-साथ राइस मिल संचालकों से गबन की राशि वसूलने की भी बात कही गई है. मगर पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बाद करोड़ों गबन करने वाले राइस मिल संचालकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती है. जांच के नाम पर मामले को लंबित रखा जाता है.

### वर्षों से राइस मिलों पर करोड़ों बकाया

प्रदेश की 48 राइस मिलों पर सरकार के करोड़ों रुपये बकाया है. इन राइस मिलरों को कई नोटिस भेजे गए. प्राथमिकी कराई गई. मगर राइस मिल संचालकों से राशि की वसूली नहीं हो सकी. संकट मोचन राइस मिल, मेसर्स आदित्या राइस मिल, गणपति राइस मिल, लक्की राइस मिल, कामाख्या राइस मिल, तृप्ति राइस मिल, रश्मि राइस मिल, मां देवड़ी राइस मिल, देवघर मिल, चौधरी राइस मिल पर ज्यादा पैसे बकाया हैं. जामताड़ा, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गिरीडीह, सरायकेला, लोहरदगा सहित अन्य जिलों के कई राइस मिलों ने बकाया राशि सरकार को नहीं लौटाई है.

### 2023 में दर्ज किए गए मामले

1. 2 जनवरी को हजारीबाग के मुफस्सिल थाना में मेसर्स हजारीबाग राइस मिल संचालक विजय सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ. संचालक पर 24 .33 करोड़ के चावल गायब करने और 76874 .07 क्विंटल चावल की कालाबाजारी करने का आरोप है. एफआईआर दर्ज कराते समय विजय सिंह से 24 .33 करोड़ रुपये वसूली करने की बात कही गई है. इस मामले में अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई. पुलिस एक वर्ष से जांच कर रही है. 2. 25 अगस्त को पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना में दो राइस मिल संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, जिसमें बिहार रोहतास (हरनाथपुर) के जय बजरंग एग्रो फार्म प्राइवेट लिमिटेड के रामचंद्र सिंह और सासाराम के मेसर्स सिंघानिया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के संचालक राजेश प्रसाद आरोपी बनाया गया है. सिंघानिया राइस मिल पर 2 .46 करोड़ और जय बजरंग एग्रो प्राइवेट लिमिटेड को 3 .30 करोड़ रुपये जमा करने थे. मिलर द्वारा राशि जमा नहीं करने पर सर्टिफिकेट केस भी हुआ. कई बार सुनवाई होने के बाद भी दोनों राइस मिल ने पैसा जमा नहीं किया.

### 2022 में दर्ज किए गए मामले

17 नवंबर को पलामू में 10 राइस मिल के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश हुआ. इसमें अदिति देव मिल प्राइवेट लिमिटेड, गुप्ताजी ब्रदर्स राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, हनुमानजी मॉडर्न राइस मिल, हरिओम राइस मिल, जय बजरंग एग्रो फार्म प्राइवेट लिमिटेड, पशुपति राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, श्रीहनुमानजी मॉर्डन राइस मिल नोखा, श्रीभगवानजी मॉर्डन राइस मिल, सिंघानिया एग्रो व ठाकुरजी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड. इन राइस मिल संचालकों पर आरोप है कि एक साल बाद भी मात्र 61 .49 प्रतिशत ही चावल की आपूर्ति एफसीआई को की. जो चावल उपलब्ध नहीं कराए गए, उनके मूल्य करोड़ों में थे. पैक्स व मिल संचालकों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की धान की हेराफेरी की गई, मगर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई.

तापमान
22° अधिकतम | 08° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शनिवार, 16 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 238 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

### आयकर की छापेमारी के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू सामने आये, दी सफाई

# जो भी पैसा दिखाया जा रहा, वह मेरा नहीं, मेरे परिवार व उनके फर्म का है

संवाददाता। रांची

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू सहित उनसे जुड़े ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल के 10 से अधिक ठिकानों पर लगातार एक सप्ताह तक चली छापेमारी में करोड़ों रुपयों को बरामदगी के साथ ही गोल्ड व चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज आयकर टीम के हाथ लगने की बात सामने आयी है. आयकर विभाग की लगातार सप्ताह भर चली छापेमारी पूरी होते ही कांग्रेस सांसद धीरज साहू नयी दिल्ली में मीडिया के समक्ष आये. समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में सांसद साहू ने छापेमारी और रुपये बरामदगी मामले में अपनी सफाई दी. सांसद साहू ने कहा- मैं करीब 30-35 साल से सक्रिय राजनीति में हूं. मेरे साथ यह पहली वारदात हुई है, जिससे मेरे दिल को काफी चोट पहुंची है. मैं हमेशा चाहता था कि में किसी तरह के विवाद में न आऊं. लेकिन आज विवाद खड़ा हो गया, तो मुझे मजबूरन अपना और अपने परिवार के बारे में जानकारी दे रहा हूं. मेरे बड़े भाई शिव प्रसाद साहू दो बार रांची के सांसद रहे. हमलोगों ने काफी कुछ विकास का काम किया है. लोहरदगा हो या रांची हो या अन्य जगह हो, ओडिशा हो, सभी जगह विकास के काम किए हैं. मेरे पिता स्व राय साहेब बलदेव साहू भी गरीबों की काफी मदद करते थे. समाज सेवा करते थे. हमलोगों ने काफी सारे स्कूल-कॉलेज खोले. लेकिन आज तरह से जो हो रहा है, उससे काफी दुख पहुंचा है. मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जो पैसा बरामद हुआ है, वह मेरे फर्म का पैसा है. शराब के कारोबार का पैसा है. हमारा शराब का कारोबार 100 साल पुराना है. आज इस तरह से हो रहा है, उससे हमें काफी चोट पहुंची है.

## इनकम टैक्स ने छापेमारी की है, हम व हमारे परिवार वाले सभी पैसों का हिसाब-किताब देंगे

### सामने आने में शर्म महसूस हो रही थी इसलिए नहीं आया

मैं चाहता हूं कि अपने तरफ से बरामद पैसों के बारे खुलासा कर दूं. लोगों को जानकारी मिले. मैं दिल्ली में ही था, आपलोगों से मिलना चाहता था, लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसी आ गईं, जिससे आपलोगों के सामने आने में शर्म महसूस हो रही थी. मैं राजनीति छोड़ कर मैं अपने बिजनेस पर ज्यादा ध्यान नहीं देता था. बिजनेस हमारे परिवार वाले करते थे. कभी कभार मैं बिजनेस के बारे पूछ लिया करता था. मैं अधिकतर् समय राजनीति में अपना समय दिया करता था.



### जो कैश पकड़ा गया है, वह शराब व्यवसाय व फर्मों का पैसा है

हमारा परिवार के एक संयुक्त परिवार है. बहुत बड़ा परिवार है. हमलोग छह भाई हैं, उनके बच्चे लोग भी हैं, आज बच्चे सब भी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं. हमारी 100 साल से भी ऊपर की कंपनी है या जो फिर पुराना जो बिजनेस है. और ये जो कैश पैसा पकड़ा गया है, ये हमारे व्यापार शराब से संबंधित फर्मों का पैसा पकड़ा गया है. हमारा जो भी कारोबार है, बिल्कुल पारदर्शी है. जो कैश पकड़ा गया है, वह शराब बिक्री का पैसा है, क्योंकि शराब व्यापार में सारा सेल कैश से होता है. यह पैसा सेल कलेक्शन का था. इस पैसे का कांग्रेस पार्टी या अन्य राजनीतिक दलों से कोई संबंध नहीं है. यह पैसा पूर्ण रूप से हमारी कंपनी का पैसा था. शराब का बिजनेस जहां-जहां भी होता है, कैश से होता है. इसका हम हिसाब दे देंगे.

### ओडिशा में बीपीडीएल डिस्टिलरी है, वहां कोई कैश नहीं मिला

बललदेव साहू- शिव प्रसाद साहू एंड सन्स , रितेश साहू एंड सन्स के अलावा अन्य कई फर्म हमारे रिश्तेदार का है.इसके अलावा और भी हमारे रिश्तेदारों के नाम से है, जो शराब के कारोबार से जुड़े हैं. जहां तक बीपीडीएल की बात है, वहां मीडिया के माध्यम से दिखाया जा रहा है कि वहां से काफी बड़ी मात्रा कैश बरामद हुआ, जो गलत है. वहां से कोई कैश बरामद नहीं हुआ है. वहां हमारी डिस्टिलरी है, वहां शराब बनती है. वहां किसी तरह का कैश नहीं मिला है. मीडिया के माध्यम से जो पैसा मेरा दिखाया जा रहा है, वह सारा पैसा मेरा नहीं है, यह पैसा मेरे परिवार तथा अन्य संबंधित फर्मों का है. इसमें कोई छुपानेवाली बात नहीं है. मैं कांफीडेंस के साथ कह रहा हूं कि इनकम टैक्स ने छापा मारा है, तो इसका सारा बिसाब-किताब हमलोगों को देना है. कुछ पैसा महुआ खरीद का पेमेंट देना था. कुछ पॉलिसी मैटर में रेवेन्यू का पैसा देना था, वह पैसा भी रख गया था. खैर वो सबके बारे में मेरे परिवार वाले इनकम टैक्स को जानकारी देंगे. कुछ दिन और इंतजार कीजिए, सारे पैसों के बारे में हमलोग जानकारी देंगे. इकम टैक्स को जांच में पूरा सहयोग करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### हत्या के इरादे से आये दो बदमाश गिरफ्तार

**रांची।** संजीत मिश्रा नाम के व्यक्ति की हत्या करने से पहले रांची पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है.

### वेतन भुगतान के लिए 5 करोड़ 27 लाख आवंटित

**रांची।** चतरा जिला में स्वास्थ्य विभाग के तहत काम करने वाले विभिन्न श्रेणी के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन की भुगतान के लिए 5 करोड़ 27 लाख का आवंटन किया गया है. स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने आवंटन राशि निर्गत किया है. राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी चतरा जिले के सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद होंगे.

### डीआरसीएचओ डॉ शशि भूषण खलखो का निधन

**रांची।** जिले में प्रतिरक्षण पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा देने वाले डॉ शशिभूषण खलखो का शुक्रवार को रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया. दो दिन पूर्व पेट में दर्द होने के बाद उन्हें रिम्स में भर्ती कराया था. उनके गॉलब्लाडर में पथरी मिली थी. डॉ शशिभूषण का ट्रांसफर रामगढ़ डीआरसीएचओ के पद पर किया गया था.



### अभियंता नियुक्ति के लिए 21 तक करें आवेदन

**रांची।** रिम्स में विभिन्न श्रेणी के अभियंताओं के लिए चार पदों पर होने वाली नियुक्ति के आवेदन की तिथि 21 दिसंबर तक बढ़ गयी है. एक साल के लिए या सेवा विस्तार होने तक अनुबंध पर चयनित अभियंताओं की सेवा ली जाएगी.

### कारोबारी की हत्या से व्यवसायियों में आक्रोश, डॉक्टर का खुलासा

# चाकू के हमले की वजह से कारोबारी की जान गई

संवाददाता। रांची

अपराधियों की गोली से नहीं चाकू के हमले की वजह से व्यवसायी गोपाल श्रीवास्तव की जान गई. यह खुलासा डॉक्टरों की जांच में हुई है. डॉक्टरों ने मानें तो गोली निकाल दी गई थी, मगर चाकू के हमले से उनके मल-मूत्र की नली कट गई थी. डॉक्टरों ने उसे जोड़ भी दिया था, मगर उनकी जान नहीं बच सकी. बता दें कि बीते 11 दिसंबर को रातू रोड के लाहकोठी में व्यवसायी गोपाल श्रीवास्तव को बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने पहले गोली मारी, फिर से चाकू मारकर भाग निकले. हमले में घायल व्यवसायी ने गुरुवार को रिम्स में दम तोड़ दिया.



रांची में कारोबारी की हत्या से व्यवसायियों में आक्रोश है. शुक्रवार को विरोध में व्यवसायियों ने अपर बाजार स्थित अपनी टायर की दुकानों को बंद रखा और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की. रांची टायर डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर टायर कारोबारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं. रांची टायर डीलर एसोसिएशन के सेक्रेटरी पंकज जैन ने कहा कि अपराधियों ने हमारे एक साथी की जान ले ली. प्रशासन हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करे और सख्त से सख्त सजा दिलाये. गोपाल के हथियारों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है. जिससे कारोबारियों में आक्रोश है. हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी की वजह से हत्या की बात सामने आ रही है. पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि गोपाल का एक युवक के साथ कुछ दिनों से विवाद चल रहा था. पुलिस को संदेह है कि उसी युवक ने गोपाल पर गोली चलायी है. हालांकि सुखदेवनगर थाना में गोपाल की पत्नी ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है. सीसीटीवी फुटेज में हेलमेट लगाये अपराधी नजर आ रहे हैं. पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है.

**परिजनों का आरोप- पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई :** वहीं मारे गये गोपाल के परिजनों का आरोप है कि पुलिस केवल जांच की बात कह रही है. घटना के पांच दिन बीत गये, मगर अभी तक अपराधियों के बारे में पुलिस के हाथ कोई सुराग तक नहीं लगा.




### एसएसपी से मिला चैंबर प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** सोमवार को राजधानी रांची के व्यस्ततम इलाके रातू रोड में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद रांची व्यवसायियों में गुस्सा देखा जा रहा है. इसे लेकर व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में वरीय पुलिस अधीक्षक से मिला. इस दौरान सभी ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि पुलिस प्रशासन इस घटना को लेकर गंभीर है. उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के लॉ एंड ऑर्डर उप समिति चेयरमैन राम बांगड़, पंकज जैन, विजय साहू शामिल थे.

## नागपुरी गायक की पीट-पीटकर हत्या

**रांची।** लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में नागपुरी गायक डेविड मिंज की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई. घटना जिले के मांडर थाना क्षेत्र में हुई है. पेशे से नागपुरी गायक डेविड मिंज मूल रूप से मांडर के ही झिंझरी गांव का निवासी था. वर्तमान में वह पिछले एक माह से टटकुंदो गांव में अपने दोस्त काली उरांव के साथ रह रहा था. उसकी हत्या के आरोप में मांडर पुलिस ने त्वरित करवाई कर टटकुंदो गांव के एक ही परिवार के सोमरा उरांव, जीतपहान उरांव और सोनू उरांव (तीनों पीड़िता के बड़े चाचा, चचेरे भाई और बहनोई) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया. लड़की से छेड़खानी के मामले में लड़की के परिवार के लोग डेविड मिंज को पकड़कर गांव के बीच में ले आए और सामूहिक रूप से लाठी-डंडे से मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मांडर पुलिस डेविड मिंज को वहां से घायलावस्था में लेकर रेफरल अस्पताल पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया. रिम्स में ही इलाज के क्रम में डेविड मिंज की मौत हो गई.



### अभिनेता श्रेयस तलपड़े को पड़ा दिल का दौरा

**मुंबई।** अभिनेता श्रेयस तलपड़े को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी यहां एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है. अस्पताल के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अभिनेता की पत्नी दीप्ति ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी कर कहा कि श्रेयस की हालत स्थिर है और उन्हें कुछ दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी. श्रेयस (47) ने गुरुवार को बेचैनी की शिकायत की थी और वह अपने घर में बेहोश हो गए थे. उनके परिवार के सदस्य उन्हें अंधेरी के बेलेव्यू हॉस्पिटल लेकर गए थे. अभी वे ठीक हैं, लेकिन आईसीयू में हैं. दीप्ति ने बाद में अभिनेता के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए उनके मित्रों व प्रशंसकों का शुभकामनाओं के लिए आभार जताया.





### 1000 कलाकारों ने पेश किया छऊ

क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के समापन पर सोनाहातू प्रखंड के थाना मैदान में शुक्रवार को 1000 कलाकारों ने एक साथ, एक ताल पर छऊ नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी.

### आंदोलनकारियों की आर्थिक नाकेबंदी आज से

# निकाला गया मशाल जुलूस

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन शनिवार को शुरू होगा. आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए पूर्व संध्या पर राज्य के हर जिला व प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला गया. राजधानी रांची में जिला स्कूल प्रांगण से अलबर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया. मोर्चा झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, सबको राजकीय सम्मान राशि 50-50 हजार रुपया प्रति माह देने, झारखंड आंदोलनकारियों को मान -सम्मान व अलग पहचान देने, आंदोलनकारी के पुत्र/ पुत्रियों /आश्रितों को बिना किसी भेदभाव के राज्य सरकार की नौकरियों में सीधी बहाली करने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं. आंदोलनकारी झारखंड के अस्तित्व व अस्मिता की रक्षा हो, झारखंड को बेहतर राज्य बनाना है जैसे नारे लगा रहे थे. मशाल जुलूस में झारखंड आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट, जितेंद्र सिंह, इजहार राही, सरोजिनी कच्छप ,सुबोध लकड़ा, मंजूर खान, राजेंद्र मेहता, जबीउल्लाह अंसारी, शम्स कमर लड्डन, पुष्पा बरदेवा, महेंद्र पाठक, अजय सिंह, निरंजना हेरेंज आदि आंदोलनकारी शामिल थे.

### सीमावर्ती जिलों में खनिज की ढुलाई रोकी जाएगी : महतो



### अपने ही राज्य में हक के लिए करना पड़ रहा आंदोलन

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि आज आंदोलनकारियों को मान -सम्मान, नौकरी एवं अलग पहचान के साथ झारखंड को बेहतर राज्य बनाने व अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने ही राज्य में संघर्ष करना पड़ रहा है. यह सबसे बड़ी पीड़ा है. आज आंदोलनकारी बेमौत मर रहे हैं. कुपोषण का शिकार हो रहे हैं, लेकिन उन्हें देखनेवाला कोई नहीं है, जबकि राज्य के प्रमुख आंदोलनकारियों को तमाम सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं.

**सावधान** ठंड में ब्लड प्रेशर के मरीज रहें सचेत, डॉक्टरों की सलाह : ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करायें

# ठंड में हाई बीपी से स्ट्रोक का खतरा, बढ़ गए ब्रेन स्ट्रोक के मामले

सौरभ शुक्ला। रांची

बदलते मौसम और लुढ़कते पारे के बीच अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ गयी है. इनमें अधिकतर लोगों में सर्दी, खांसी, बुखार व स्ट्रोक के बाद अस्पताल पहुंच रहे हैं. ठंड में लोगों के ब्लड प्रेशर का बढ़ना हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का बड़ा कारण है. रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गयी है. कॉरिडोर तक मरीजों का इलाज फर्श पर किया जा रहा है. रिम्स में हर दिन 12 से 15 मरीज ब्रेन के गंभीर स्ट्रोक की समस्या के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं. ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में 40 से 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है. 200 के करीब मरीज भर्ती हैं.

### ब्रेन स्ट्रोक का पहला घंटा गोल्डन आवर

न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ सीबी सहाय ने बताया कि सर्दियों में ब्रेन स्ट्रोक के मामले नसों के सिकुड़ने के कारण बढ़ जाते हैं. मरीजों में अधिकतर की उम्र 50 से अधिक है. डॉ सहाय के अनुसार, जैसे-जैसे पारा गिरता है, शरीर के अंगों की प्रक्रिया भी धीमी होने लगती है, नसें सिकुड़ने लगती हैं. इस कारण दिमाग में रक्तप्रवाह मंद हो जाता है. ब्रेन स्ट्रोक होने पर पहला घंटा ही गोल्डन आवर माना जाता है. अगर, मरीज शरीर के अंग को टेढ़ा कर रहा है, उसके देखने, सुनने व समझने की क्षमता प्रभावित हो गयी हो तो फौरन डॉक्टर के पास ले जाएं.

### रिम्स ओपीडी में पहुंचे 1588 मरीज सबसे ज्यादा मेडिसिन विभाग में



रिम्स के आधिकारिक आंकड़े के अनुसार शुक्रवार को कुल 1588 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे. इनमें 1122 नए मरीज, जबकि 466 मरीज दोबारा चिकित्सक से परामर्श के लिए पहुंचे. इनमें सबसे ज्यादा मेडिसिन विभाग में 258 मरीज पहुंचे. 173 नए मरीज, जबकि 85 मरीज दोबारा परामर्श के लिए पहुंचे थे. आधे मरीजों में सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित थे. वहीं न्यूरोसर्जरी विभाग में शुक्रवार को 12 मरीज भर्ती हुए. इनमें 10 वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं.

### डॉक्टर की सलाह लें

डॉ सीबी सहाय ने बताया कि तेजी से लुढ़कते पारे से शरीर के आंतरिक क्रियाएं भी प्रभावित होती है. नसों में संकुचन से रक्तचाप अनियंत्रित हो जाता है. ऐसे में रक्तचाप की दवा का डोज बढ़ जाता है. इसको चिकित्सक की सलाह पर ही लेनी चाहिए.

### बीपी की जांच जरूरी

डॉ गोविंद ने कहा कि ठंड के बढ़ते ही हार्ट अटैक और ब्रेन अटैक के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है. ब्लड प्रेशर बढ़ने की वजह से किसी भी व्यक्ति को लकवा मारने का खतरा रहता है. अपना बीपी रेगुलर जांच करवाते रहें.

### बैंक पीओ को धमकी देने का मामला

# पतरातू से 5 बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

पांडेय गिरोह के नाम से बैंक अधिकारी को धमकी देने के मामले में सीआईडी ने रामगढ़ जिले के पतरातू से पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है. सीआईडी की टीम ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में दो जगहों पर छापेमारी की. इसमें सीआईडी की टीम ने पतरातू थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के सामने रोड नंबर 8 आवास संख्या बी-3 और पीटीपीएस न्यू मार्केट में छापा मारा. इस दौरान सीआईडी की टीम ने लैपटॉप, कंप्यूटर सेट के साथ कमल कुमार सिंह और कमल सिंह के यहां कार्यरत बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार को अपने साथ लेकर रांची आ गई. वहीं, पीटीपीएस न्यू मार्केट से मो. जमीर को भी सीआईडी की टीम अपने साथ ले गई.

**खास बातें**

- सीआईडी टीम ने छापेमारी कर बदमाशों को धर दबोचा
- टीम ने बदमाशों से लैपटॉप, और कंप्यूटर सेट बरामद किया

**जानें क्या है मामला :** एसबीआई मेन ब्रांच शाखा रामगढ़ के फील्ड ऑफिसर ने डीजी सीआईडी झारखंड को पत्र लिखकर बताया था कि रंजीत सिंह उर्फ कमल कुमार सिंह, पिता रामरेखा सिंह, पतरातू रोड नंबर 8 निवासी और मो. जमीर, न्यू मार्केट पतरातू निवासी के द्वारा पांडेय गिरोह के नाम से धमकी दी जा रही है, और अवैध तरीके से फर्जी दस्तावेजों के साथ लोन करने का दबाव दिया जा रहा है.

## शहर में आज

1. सीए क्रिकेट, मेकॉन, 8:00 बजे
2. कलश यात्रा, द्वारिकाधीश धाम, गाड़ीखाना, 9:30 बजे
3. झारखंड आंदोलन संघर्ष मोर्चा की आर्थिक नाकेबंदी, शहर में, 10:00 बजे
4. मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल, मोरहाबादी, 3:00 बजे
5. केसी राय मेमोरियल स्कूल का सिल्वर जुबली, टेंडर(रातू), 3:00 बजे
6. टेंडर हार्ट स्कूल का एनुअल डे, टेंडर हार्ट स्कूल, 4:30 बजे
7. सुंदरकांड पाठ, गुजरती स्कूल, 7:00 बजे

सूचनाः शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### बिना परमिट 36 ऑटो व 50 ई-रिक्शा पकड़े गये

**रांची ।** 11 से 15 दिसंबर तक रांची में ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान महात्मा गांधी मार्ग यानी मेन रोड यातायात बाधित करने वाले ठेले, खोमचा वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई. वहीं बिना परमिट वाहन चलाने वाले 36 ऑटो और 50 ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी को जब्त कर लिया गया. कहा गया कि आगे भी इस तरह के अभियान चलाये जाएंगे.

### 72605 दुकानदारों को मिले हैं 104 करोड़ रुपये

**रांची ।** पीएम स्वनिधि योजना के तहत अब तक झारखंड के 72605 फुटपाथ दुकानदारों को 104 करोड़ रुपये की राशि ऋण के रूप में उपलब्ध कराई गई है. लोकसभा में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने सांसद संजय सेठ के सवाल पर यह जानकारी दी. केंद्रीय राज्यमंत्री ने सदन में बताया कि इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभुक उत्तर प्रदेश में हैं. वहां 12 लाख 40 हजार 522 फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण दिया गया है.

### हाईकोर्ट ने कार्रवाई पर रोक बरकरार रखा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है. न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा. अब अदालत 12 जनवरी को इस मामले में सुनवाई करेगा. बता दें कि मधुपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान सांसद निशिकांत दुबे पर आचार संहिता उल्लंघन के पांच अलग-अलग मामले दर्ज किये गये थे.

### सरदार पटेल और पंडित सुवंश झा को किया याद

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सूर्यकांत शुक्ला, नेली नाथन, जगदीश साहु, सुरेन राम, निरंजन पासवान, केदार पासवान, तनवीर खान, पप्पु अजहर प्रभात कुमार, राज रंजन झा, कृष्णा रंजन झा, छोटू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे.



**गोंदा थाना क्षेत्र के गांधीनगर में जमीन कारोबारी करा रहे थे बाउंड्री**

# आदिवासी संगठनों ने तोड़ी अवैध चहारदीवारी

**संवाददाता ।रांची**

झारखंड बनने के बाद रांची में फर्जी कागजात के सहारे आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री का मामला बढ़ा है. ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को गोंदा थाना के गांधी नगर में देखने को मिला, जहां जमीन कारोबारी रंजीत टोप्पो ने रैयत जगन्नाथ टोप्पो के 97 डिसमिल पर चहारदीवारी का निर्माण कर रहे थे. इसकी शिकायत वरीय पुलिस को दी गई थी. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण आदिवासी संगठनों के सहयोग से अवैध तरीके से बन रहे चहारदीवारी को तोड़ दिया गया. सभी लोग हरवे हथियार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे. भीड़ को देखकर काम करने वाले सभी मजदूर और जमीन कारोबारी भाग गये. जमीन मालिक जगन्नाथ टोप्पो ने कहा कि जमीन कारोबारी रंजीत टोप्पो ने फर्जी वंशावली बनकर जमीन को गैर आदिवासी बिल्डर को करोड़ों रुपये लेकर बेच दिया था. इस पर चहारदीवारी का निर्माण किया जा रहा था. जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा था. जान से मारने का धमकी दी जा रही थी.

इसकी शिकायत गोंदा थाना को दी गई थी, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर आदिवासी संगठनों का सहारा लेना पड़ा. जय आदिवासी संगठन के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने कहा कि झारखंड बनने के बाद से आदिवासियों की जमीन पर भूमाफिया गिद्ध जैसी नजर जमाये हुए हैं. आदिवासी युवाओं को जमीन दलाल बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा है. उन्हें मोटी रकम दी जा रही है. लालच में आकर गरीब आदिवासियों की जमीन को फर्जी डीड बनाकर बेच रहे हैं. अब इसे रोकने के लिए राज्य भर के आदिवासी समाज एकजुट हो गये हैं. पाहन संघ महासचिव हलधर चंदन पाहन और अध्यक्ष जगदीश पाहन ने कहा कि फर्जी कागजात बनाकर रैयतों को परेशान करने वाले को चिन्हित किया जाएगा. जरूरत पड़ी तो जमीन कारोबारियों का सेंदरा भी किया जाएगा, ताकि गलत तरीके से जमीन हड़पने वाले को सबक मिल सके. मौके पर आदिवासी एकता परिषद के प्रदीप उरांव, महिला विंग के अरपना बाड़ा, वामसेप के ज्योति भेंगरा, सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर के सोनू खलखो, सक्रिय सदस्य राहुल तिर्की, राजू टोप्पो, बसंत पाहन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे.





भू-माफिया की गिरफ्तारी की मांग करतीं महिलाएं व गोंदा थाना के गांधीनगर में चहारदीवारी को तोड़ते संगठनों के लोग.

**सरकार विकास को दे रही रफ्तार, पर विपक्ष कहता है हम काम नहीं करते**

# विपक्ष ने डर दिखाकर सरकार गिराने की साजिश रची : सीएम

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खूंटी के कचहरी मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में भाजपा पर जमकर हमले किए. कहा कि हमारी सरकार ने सावित्रीबाई फुले योजना लागू कर बच्चियों की पढ़ाई का बीड़ा उठाया. 10वीं क्लास के बाद बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड का योजना का लाभ दिया जा रहा है, हायर एजुकेशन के लिए बच्चे विदेश भेजे जा रहे हैं. बुजुर्गों, विधवाओं को पेंशन दी जा रही है. साल में दो बार धोती-साड़ी दी जा रही. अबुआ आवास दिया जा रहा, लेकिन विपक्ष आरोप लगाता है कि हेमंत सरकार काम नहीं करती. विपक्ष ने हमारी सरकार बनने के दूसरे दिन से ही सरकार को अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी. मुझे जेल और समन का डर दिखाकर सरकार गिराने की साजिश रची. ये लोग रोज षडयंत्र करते हैं, लेकिन मैं डिगा नहीं. सीएम ने कहा कि जब अलग झारखंड राज्य बनाने की बात आई, तो विपक्ष ने विरोध किया. जब शिबू सोरेन ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी, तो विरोधियों ने तंज कसे, लेकिन वे विचलित हुए बिना लक्ष्य पाने के लिए लड़ते रहे. अलग राज्य की लड़ाई लड़ते-लड़ते शिबू सोरेन बच्चे से बुजुर्ग हो गये तब जाकर यह राज्य मिला.





### खास बातें

- 406 .20 करोड़ की 27 योजनाओं का उद्घाटन किया
- सीएम ने 437 .48 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास
- लाभुकों के बीच 88 .64 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण
- अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले शिबू सोरेन का उड़ाया था मजाक

### 103 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 437 करोड़ 48 लाख रुपये की 76 योजनाओं का शिलान्यास और 406 करोड़ 20 लाख रुपये की 27 योजनाओं का उद्घाटन किया, वहीं 11,841 लाभुकों के बीच 88 करोड़ 64 लाख की परिसंपत्ति बांटी. 103 योजनाओं का शिलान्यास किया.

### सिर्फ रांची से नहीं चल रही सरकार, गांव-गांव पहुंच रहे हैं अधिकारी

सीएम ने कहा आपकी योजना–आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्यभर में 24 नवंबर से शिविर लगाये जा रहे हैं. राज्य की सभी पंचायतों में त्योहार जैसा माहौल है. चुनाव के दौरान ही हमने कहा था कि सरकार रांची स्थित हेडक्वार्टर से नहीं चलेगी, बल्कि गांव–गांव जाकर काम करेगी. राज्य गठन का 23वां साल चल रहा है. 2020 से हम मुख्यमंत्री हैं, लेकिन क्या इससे पहले आपने कभी देखा–सुना कि कोई पदाधिकारी या कर्मचारी गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करता हो.

### केंद्र सिर्फ कहता रहा, हमने हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज चढ़ाया

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही कोरोना महामारी आ गई थी. लोग मर रहे थे. हमारे सामने सबसे बड़ा चैलेंज लोगों की जान बचाना था. राज्य के सैंकड़ो मजदूर दूसरे राज्यों में फंसे हुए थे. उस दौरान सरकार के सामने उन्हें वापस लाने की चुनौती आई. तब हमारी सरकार ने पहली बार उन मजदूरों को हवाई जहाज में बैठाया. जिन लोगों ने सपने में भी हवाई जहाज के बारे में नहीं सोचा होगा, उनको हमने हवाई जहाज से झारखंड वापस लाया. केंद्र सरकार सिर्फ कहती रह गई की हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में बैठाएंगे.

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को दूसरी बार भी बरकरार रखा

**रांची/नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हाईकोर्ट ने आईटीपीआई (इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर ऑफ इंडिया) से 26/8/2020 के बाद जारी सर्टिफिकेट वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करने का आदेश दिया था. इस संबंध में चंदन भगत ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुला की बेंच ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने देबी स्मिता बासु की याचिका भी खारिज की थी. दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने इसी वर्ष 17 सितंबर को टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में आदेश दिया था.

## हत्या के विरोध में टायर डीलर एसोसिएशन ने जताई नाराजगी



बैठक कर विरोध जताते टायर डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी.

**संवाददाता ।रांची**

टायर व्यवसायी गोपाल श्रीवास्तव के हत्या को लेकर रांची के टायर व्यावसायिक वर्ग ने रांची टायर डीलर एसोसिएशन के तहत अपनी नाराजगी जाहिर की है. रातू रोड निवासी गोपाल श्रीवास्तव को दो दिन पहले अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई थी. जिनका इलाज के दौरान रिम्स में गुरुवार को निधन हो गया. शुक्रवार को टायर व्यवसाय संघ के अध्यक्ष विजय कुमार साहू तथा सचिव पंकज जैन के नेतृत्व में रांची के सभी टायर्स दुकान विरोध स्वरूप में अपने-अपने दुकान शुक्रवार को बंद रखी है. रांची टायर डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि राज्य में व्यवसाय आप सुरक्षित नहीं रहा इस सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं. सरकार जल्द कोई कार्रवाई करे.

## शिविर में 75 आवेदनों का ऑन द स्पॉट किया गया निबटारा



**संवाददाता ।रांची**

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगर निगम द्वारा वार्ड नं 35 तथा वार्ड नं 36 में शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया. निगम स्तर से दोनों शिविर में कुल मिलाकर 75 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया. इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 190 कंबल का वितरण भी किया गया. बता दें कि आज को वार्ड नंबर 37 (पुरुष आश्रय गृह, जगरनाथपुर चौक) तथा वार्ड नंबर 38 (सामुदायिक भवन, आदर्श नगर) में शिविर का आयोजन किया जाएगा.

### रिम्स के विस्तार के लिए अधिग्रहित भूमि से अतिक्रमण हटाने का डीसी ने निर्देश दिया

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को सीसीएल की भूमि से संबंधित मामलों की समीक्षा की. बैठक में डीसी ने बड़गाई अंचल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रिम्स के विस्तार के लिए अर्जित भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने को कहा गया. रिम्स के नए आईपीडी व ओपीडी भवन निर्माण के लिए डीआईजी मैदान का चयन किया गया है. लेकिन अभी उस स्थान में अतिक्रमण किया गया है. संबंधित अधिकारी से विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को पिपरवार रेलवे साइडिंग निर्माण एवं एन. के. एरिया के विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए रैयती भूमि के विरुद्ध मुआवजा व नौकरी के संबंध में डीसी ने सीओ खलारी व सीसीएल अधिकारियों को कैंप लगाकर आवेदन लेने व मुआवजा देने का निर्देश दिया.

## ई-नीलामी से गेहूं-चावल की बिक्री

**संवाददाता।रांची**

भारतीय खाद्य निगम खुली बिक्री योजना के माध्यम से समय-समय पर पूर्व निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध स्टॉक से गेहूं की बिक्री करता है ताकि बाज़ार में गेहूं की आपूर्ति में वृद्धि हो सके. विशेष रूप से लीन सीजन के दौरान ताकि कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके. इसको लेकर शुक्रवार को झारखंड एफसीआई ने प्रेसवार्ता कर जानाकरी दी की भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं व चावल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए सेंट्रल पूल स्टॉक से ई-नीलामी के माध्यम से पूरे देश में गेहूं एवं चावल की बिक्री पंजीकृत खरीदारों के लिए ओएमएसएस (डी) के तहत प्रत्येक सप्ताह कर रहा है. वर्तमान में भी गेहूं की खुले बाजार में बिक्री गेहूं 2150 प्रति क्विंटल व चावल 2900 प्रति क्विंटल के मूल्य पर किया जा रहा है.

इससे पूर्व प्रत्येक सप्ताह भारतीय खाद्य निगम 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए देश भर में निगम के विभिन्न गोदामों से निविदा आमंत्रित कर रहा था. आनेवाले सप्ताह से इसे दो गुणा बढ़ाकर 4 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है. वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम, झारखंड क्षेत्र द्वारा प्रत्येक सप्ताह 7000 मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए निविदा आमंत्रित किया जा रहा था, जिसे अब बाजार में गेहूं की बढ़ती मांग के मद्देनजर और राज्य के लोकल मिलर/आटा चक्की एसोसिएशन की मांग को देखते हुए, 7000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 11,500 मीट्रिक टन किया गया.



प्रेस वार्ता में जानकारी देते एफसीआई के अधिकारी.

### हाईकोर्ट का आदेश : काम से हटाए गए एफपीओ की नियुक्ति नियमित की जाए

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से वन विभाग में 25 वर्षों से काम कर रहे फॉरेस्ट प्रोड्यूस ओवरसीयर को बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत ने राज्य सरकार को सेवा से निकाले गए और सेवा देने वालों की नियुक्ति नियमित करने का निर्देश दिया है. याचिका दाखिल करने वाले फॉरेस्ट प्रोड्यूस ओवरसीयर 25 वर्षों से दैनिक मजदूरी पर काम कर रहे थे. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि किसी विवाद के कारण अगर किसी फॉरेस्ट प्रोड्यूस ओवरसीयर को हटाया गया है तो उनकी भी नियुक्ति नियमित की जाये. पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

**दो लड़कियों की बाध्यता हुई खत्म, अब सभी बेटियों को मिलेगा का लाभ**

# नामकुम-रांची स्टेशन के बीच बनेगा आरओबी, जाम से मिलेगी मुक्ति

**विशेष संवाददाता ।रांची**

कतारी बगान चुटिया के लोगों की वर्षों की मांग अब पूरी होने जा रही है. जाम से कराह रहे चुटिया के निवासियों को जल्द जाम से मुक्ति मिलने की संभावना है. राज्य सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में केतारीबागान नामकुम और रांची स्टेशन के बीच पथ ऊपरी पुल (आरओबी) के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है. पथ निर्माण विभाग ने नामकुम-रांची स्टेशन के बीच आरओबी निर्माण की योजना बनायी है. आरओबी निर्माण 44.80 करोड़ रुपये की लागत से की जाएगी. प्राधिकृत समिति योजना को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी. अब कैबिनेट से मंजूरी प्रदान होने के बाद इसके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. इसके अतिरिक्त सरकार ने सावित्री फूले बाई किशोरी स्मृद्धि योजना में संसोधन किया है. अभी इसका लाभ केवल एक माता की दो बेटियों को मिल रहा है. अब सरकार ने इसकी बाध्यता समाप्त करते हुए सभी बेटियों को इसका लाभ देने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.

**निवेश पर मिलेगा 5 प्रतिशत तक अनुदान :** राज्य सरकार ने झारखंड ऑडिटिंग निवेश प्रोत्सान नीति में आंशिक संशोधन किया है. अब निवेशकों को 5 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी.




### कैबिनेट के अन्य निर्णय

- गुमला में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के लिए 127 करोड़ की योजना स्वीकृत.
- **बंशीधर नगर पंचायत के लिए 102 करोड़, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के लिए स्वीकृत किये गये**
- दुमका नगर परिषद में भी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के लिए 172 करोड़ की योजना को मंजूरी
- **झारखंड कंबाइंड सिविल सेवा रूल्स 2021 में संशोधन किया गया.**
- मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड विधानसभा में नियुक्ति एवं प्रमोशन में बरती गई गड़बड़ी की जांच के लिए एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय न्यायालय के समर्पित रिपोर्ट को आवश्यक कार्रवाई के लिए सभा में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया.
- **सेंट्रल रोड फंड के अंतर्गत एनएच 114 में जरमुंडी से बेलडहा तक 47 .9 किलोमीटर रोड को फोरलेन बनाने के लिए 252 करोड़ की मंजूरी मिली.**
- राज्य के नियोजन पदाधिकारी को ग्रेड पे में संशोधन की मंजूरी
- **प्रज्ञान नेशनल विश्वविद्यालय 2023 को निरस्त करने के प्रस्ताव की मंजूरी**
- शाइन को विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी.
- **कैबिनेट में बीपीओ पॉलिसी 2023 की मंजूरी दी गई.**

### बोकारो में बनेगा 500 बेड का नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल

राज्य सरकार ने शक्रवार को कैबिनेट में बोकारो में 500 बेड के अस्पताल का नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण की मंजूरी दी. इसमें 688 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

**शुभारंभ** **होटवार स्थित बत्तख प्रजनन केंद्र और अजोला शेड का उद्घाटन, कृषि मंत्री ने कहा-**

# 4 माह में दूध का प्रतिदिन उत्पादन बढ़कर हुआ 280 लीटर

**संवाददाता।रांची**

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शुक्रवार को होटवार स्थित बत्तख प्रजनन केंद्र और अजोला शेड का उद्घाटन किया. उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि हमें झारखंड को पोल्ट्री और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में आगे ले जाना है. निदेशक पशुपालन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके ही प्रयास से यह सब संभव हो पाया है. जीर्ण-शीर्ण पड़े प्रजनन केंद्र के जीर्णोद्धार की योजना का सफल तरीके से कार्यान्वयन करना सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन विभाग के सभी पदाधिकारियों में समन्वय की वजह से प्रजनन केंद्र अब नए रूप में सामने आ गया है. इस प्रजनन केंद्र के शुरू होने से अगले तीन महीने में नतीजे भी सामने आने लगेंगे और यह एक मॉडल प्रजनन केंद्र बनेगा. होटवार स्थित दुग्ध आपूर्ति सह गव्य प्रक्षेत्र का भी जायजा लिया, जहां उन्होंने कटर यूनिट और केंचुआ खाद यूनिट का उद्घाटन किया.



### चार महीने में दूध का रिकॉर्ड उत्पादन

कृषि पशुपालन विभाग ने होटवार स्थित दुग्ध आपूर्ति सह गव्य प्रक्षेत्र में एक मिसाल कायम किया है. वह भी महज चार महीने के अंदर. पशुपालन विभाग के पास होटवार में 160 दुधारू भैंसे हैं, जिससे चार महीने पहले मात्र 30 लीटर दूध का उत्पादन होता था, विभागीय सक्रियता से अब हर दिन 280 ली. दूध का उत्पादन हो रहा है.

### सेंटर राज्य के लिए एक बड़ा एक्सपोजर बनेगा : निदेशक

राज्य को पोल्ट्री में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है. मुख्यमंत्री के निर्देश और मंत्री के नेतृत्व में 90 हजार क्षमता वाली हैचरी यूनिट मार्च तक शुरू हो जाएगी. शुक्रवार को 2 हजार बत्तख को रखा गया है, जल्द ही यहां दस हजार बत्तखों को रखा जाएगा. प्रतिदिन 10 हजार बत्तख के अंडे और 80–90 हजार मुर्गी के अंडों का उत्पादन हो सकेगा. साथ ही मीट का भी उत्पादन हो सकेगा. यह सेंटर राज्य के लिए एक बड़ा एक्सपोजर बनेगा. मौके पर मुख्य रूप से सीईओ जेएसआईए डॉ प्रवीण कुमार झा, वेटनरी ऑफिसर, क्षेत्रीय कुक्कुट धनंजय कुमार सिन्हा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

क्रीड़ा क्षेत्र : चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के कोल इंडिया के सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा दिन

# लखनऊ, इंदौर, भोपाल, गाजियाबाद, रांची, उदयपुर और जयपुर जीते

संवाददाता । रांची



चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल के क्रिकेट श्रंखला के दूसरे दिन लखनऊ, इंदौर, भोपाल, गाजियाबाद, रांची, उदयपुर और जयपुर के टीम ने जीत दर्ज की. उषा मार्टिन के मैदान में खेले पहले मैच में लखनऊ ने जमशेदपुर को मात दी. लखनऊ ने निर्धारित 20 ओवर्स पर 4 विकेट खोकर 204 रन बनाये जवाब में जमशेदपुर की टीम 20 ओवर्स में 6 विकेट खोकर 117 रन ही बना पायी.

दूसरे मैच में इंदौर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी की एवं आगरा की पारी को 75 रनों पर रोक कर ये लक्ष्य 8.4 ओवर्स में 1 विकेट खोकर ही हासिल कर लिया. टॉरियन स्कूल में खेले गए पहले मैच में भोपाल की टीम ने बरेली को 221 रनों से हरा दिया पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भोपाल की टीम ने 20 ओवर्स में 4 विकेट खोकर 264 रन बनाये. जवाब में बरेली की टीम 43 रनों पर ढेर हो गयी. इस मैदान के दूसरे मैच में गाज़ियाबाद ने अलवर को 121 रनों से मात दी.

मेकॉन मैदान में खेले गए पहले मैच में मेज़बान रांची ने पटना की टीम को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया. पटना ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 139 रनों का लक्ष्य दिया. जिसे रांची ने 19.5 ओवर्स में 5 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया. मेकॉन के दूसरे मैच में उदयपुर की टीम ने कानपूर को 8 विकेट से शिकस्त दी. कानपूर ने 20 ओवर्स में 5 विकेट खोकर 117 रन बनाये. बदले में उदयपुर की टीम ने 12.5 ओवर्स में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. सफायर मैदान में खेले गए मैच में जयपुर ने मेरठ के ऊपर 6 विकेट से जीत हासिल की. मेरठ के 120 रनों के लक्ष्य को जयपुर ने 17.1 ओवर्स में 4 विकेट खोलकर हासिल कर लिया.

**खास बातें**

- उषा मार्टिन मैदान में पहले मैच में लखनऊ ने जमशेदपुर को मात दी
- मेकॉन के मैदान में पहले मैच में मेज़बान रांची ने पटना को हराया

दूसरे मैच में किशनगढ़ की टीम ने रायपुर को 7 विकेट से परास्त किया. रायपुर ने 20 ओवर्स में 8 विकेट खोकर 152 रन की चुनौती दी. किशनगढ़ ने 16.3 वर्ष में 3 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया.

शाम के कार्यक्रम में जेएससीए स्टेडियम में ट्रॉफी के अनावरण का कार्यक्रम हुआ. इसमें मुख्या अतिथि के रूप में झारखंड के मंत्री हाफिज़ूल हसन अंसारी उपस्थित थे. साथ में अतिथि के रूप में जेएससीए के सचिव देबाशीष चक्रबर्ती एवं कंट्री क्लब के सचिव राहुल झा उपस्थित थे. इनके साथ देश भर से आये सेंट्रल कौंसिल मेंबर्स एवं रीजनल कौंसिल मेंबर्स तथा रांची के सभी वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित हुए.

## न्यूज अपडेट

### जेवीएम श्यामली में 321 स्टूडेंट्स पुरस्कृत किए गए

**रांची ।** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 321 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. शैक्षणिक विषयों, लघुनाटिका, गायन, वादन, संगीत, वाद-विवाद, काव्य-पाठ, विज्ञान सह कला प्रदर्शनी व निबंध प्रतियोगिता के सफल स्टूडेंट्स को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया. मुख्य अतिथि विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा व हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने छात्रों को लक्ष्य पाने के लिए मेहनत, धैर्य और दृढ़-संकल्प से आगे बढ़ने को प्रेरित किया.





### लायंस क्लब ने शहर में की अलाव की व्यवस्था

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की तरफ से शुक्रवार से एक माह के लिए फिरायालाल चौक पर अलाव की व्यवस्था की गई. इसका उद्घाटन चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने किया. कंपकंपाती ठंड में प्रत्येक वर्ष 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक लायंस क्लब द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती है, जहां लोग ठंड से थोड़ी राहत महसूस करते हैं. विशेष केडिया ने लगातार 5 दिनों के लिए लकड़ी की व्यवस्था की.



### कश्मीरी युवाओं को भा रही झारखंड की संस्कृति

**रांची ।** क्लचरल एक्सचेंज कार्यक्रम में कश्मीर से आए युवाओं के समक्ष पहले दिन के कार्यक्रम में झारखंडी संस्कृति का प्रदर्शन किया गया. उनके समक्ष जहां झारखंड के नृत्य, गीत, संगीत की प्रस्तुति की गयी, वहीं कश्मीर से आये युवाओं ने कश्मीरी संगीत की प्रस्तुति दी. झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार मनपूरन नायक और नाट्य दल ने नाटक की प्रस्तुति दी. वाईबीएन यूनिवर्सिटी के छात्रों ने कश्मीरी युवाओं के सम्मान में नागपुरी नृत्य प्रस्तुत किए.



### अयोध्या से आया अक्षत कलश, बांटा जाएगा आमंत्रण

**रांची।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चहुंओर उत्साह की लहर है. हिंदू संगठनों द्वारा जन-जन को प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण पत्र बांटा जायेगा. इसी कड़ी में शुक्रवार को अयोध्या से अक्षत कलश रांची पहुंचा. श्रीरामजानकी, तपोवन मंदिर में महंथ ओमप्रकाश शरण ने नेम-निष्ठा से कलश पूजन किया. बाद में 16 नगरों में इसे वितरित करने के लिए नगर संयोजक और सहसंयोजक को सौंपा गया.



### डीएसपीएमयू के इतिहास विभाग में परिचर्चा

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व से संबंधित परिचर्चा सह विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इसमें 20 प्रतिभागियों ने देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के संपूर्ण व्यक्तित्व और राजनीतिक जीवन पर विस्तार से अपने-अपने विचार प्रकट किए.



### फिरायालाल पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता

**रांची ।** फिरायालाल पब्लिक स्कूल में सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 100, 200 और 400 मीटर रेस में कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान रोमांचक दौड़ को देखकर मैदान पर मौजूद विद्यालय के छात्र उत्साहित दिखे. वहीं मौके पर उपस्थित प्राचार्य नीरज सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी.



### पांच दिवसीय स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप शुरू

**रांची ।** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16वें स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का शुभारंभ बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन स्टेट स्नूकर चैंपियन यश किंगर ने किया. इस वर्ष के इवेंट में मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स, 9 बॉल्स और पूल है. विजेताओं एवं उपविजेताओं को कैश, ट्रॉफी एवं क्लब का मेंबरशिप दिया जाएगा.

### काली मंदिर के गेट से हटाई गई चहारदीवारी

**रांची।** काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति, कांके रोड के सदस्यों का धरना समाप्त हो गया. रॉक गार्डेन प्रबंधन बैकफुट पर आया. आरआरडीए के अधिकारियों ने शुक्रवार को काली मंदिर से अतिक्रमण हटवा दिया. इसके साथ ही धरना भी समाप्त हो गया. काली पूजा समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि समझौते के बाद सार्थक कदम उठाया गया. प्रवेशद्वार के पास की गयी चहारदीवारी हटा लिए जाने से क्षेत्र के श्रद्धालु खुश हैं.

### मारवाड़ी स्कूल के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण

**रांची।** वोकेशनल शिक्षा प्रदान करने और बच्चों के कौशल विकास के उद्देश्य से मारवाड़ी 2 उच्च विद्यालय के 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया. लालपुर स्थित होटल रेनड्यू के भ्रमण के दौरान छात्रों को फ्रंट डेस्क से लेकर रसोई और होटल के संचालन का पूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किया गया. प्रधानाध्यापक आशीष कुमार के नेतृत्व में वोकेशनल ट्रेनर इस भ्रमण के दौरान काफी उत्साहित दिखे.

### किसानों को दिया गया प्रसंस्करण का प्रशिक्षण

**रांची।** मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेस, अनगड़ा के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ. मधुबनी से आये किसानों को मोटे अनाज की खेती और प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण दिया गया. किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के तरीके सिखाए गए. इन किसानों को महिलाओं द्वारा बनाए उत्पादों की जानकारी दी गयी.

## ब्रीफ खबरें

### प्री क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन

**रांची।** गुड न्यूज सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को वाईएमसीए कांटा टोली के प्रांगण में प्री क्रिसमस गैथरिंग का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत परमेश्वर की आराधना से हुई. मुख्य अतिथि निदेशक गुड न्यूज़ सेंटर डॉ. राकेश पॉल शामिल हुए.

### दो दिवसीय क्रिसमस गैदरिंग का आगाज

**रांची।** रांची पल्ली युवा संघ के बैनर तले शनिवार को दो दिवसीय क्रिसमस गैदरिंग संत मरिया महागिरजाघर में शुरू की जाएगी. इसकी जानकारी अभिषेक सागर लकड़ा ने. कहा कि संत मरिया महागिरजाघर में 16-17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक गैदरिंग कार्यक्रम चलेगा.

### मसीही समुदाय का कार्निवाल जुलूस आज

**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को दोपहर बाद 2 बजे से लोयला मैदान से कार्निवाल जुलूस निकाला जाएगा. मुख्य अतिथि बिशप फेलेक्स टोप्पो, सहायक बिशप थियोडोर मास्केरेहेनस, जीएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च राजीव सतीश टोप्पो समेत सैकड़ों फादर शामिल होंगे.

रांची जिला स्कूल में लगाई गई राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

# कुल 123 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 14 ने किया क्वालिफाई

संवाददाता । रांची



रांची जिला स्कूल में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस प्रदर्शनी में झारखंड के कुल 123 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. आगे लिए कुल 14 प्रर्दशन को चयनित किया गया. जिन14 प्रदर्शनों को चयनित किया गया उन्हें राष्ट्र स्तर में प्रदर्शित किया जाएगा. इस प्रदर्शनी में भारत सरकार के प्रौद्योगिकी मंत्रालय का सहयोग रहा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में माध्यमिक शिक्षा के निदेशक डॉ. सुनील कुमार उपस्थित थे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो शामिल थे. इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा बोकारो के 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. डॉ. अनिल महतो ने कहा कि बच्चे हमेशा नए खोज करते रहें. आइडिया के मामले में झारखंड का भारत में 6ठा स्थान है. मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे बच्चे एक नंबर में भी आएंगे. जैक के बच्चे गांव से लेकर शहर तक में हैं. वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं. डॉ सुनील कुमार ने कहा कि नवाचार और आविष्कार समय की आवश्यकता है.

**खास बातें**

- चुने गए प्रदर्शों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा
- प्रदर्शनी में रहा भारत सरकार के प्रौद्योगिकी मंत्रालय का सहयोग

बच्चों को साइंस से इसलिए जोड़ा जाता है. इस प्रकार का काम इसलिए किया जाता है. क्योंकि बच्चों के मन में नया आइडिया आए और वह देश निर्माण में अपने आइडिया को लाए. इन बच्चों का काम बहुत अच्छा है. आगे एसे ही काम करते रहे और झारखंड और देश का नाम रोशन करते रहे. इस दौरान रूपेश कुमार, तुहीन भट्टाचार्य, देवानंद रविदास, मनीषा कुमारी, अनस फैजान, प्रखर सिंह, श्रेया कुमारी, प्रीति कुमारी, सायरस दत्ता,माहिरा ठाकुर, जायरा महाविश, निखिल कुमार, विकास कुमार पंडित और दिव्या लुगुन आगे के लिये क्वालिफाई किये.

कार्यक्रम में जैक सचिव सच्चिदानन्द द्विवेदू तिग्गा, राज्य नोडल पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेटटा, अवर प्रमंडल शिक्षा पदाधिकारी दिप्ती कुमारी, ओम प्रकाश उपाध्याय, अपर्णा तिवारी, डॉली जायसवाल, डॉ शाहनवाज कुरैशी, अनिल सिंह, सुमीत मुखर्जी, शंकर झा. अनुज केरकेटा, विशाल शामिल थे.



### राज्यपाल सचिवालय के ओएसडी बने रोहित सिंह

**रांची ।** राज्य सरकार ने रोहित सिंह को राज्यपाल सचिवालय का ओएसडी बनाया है. इससे पहले सिंह राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में व्याख्याता के पद पदस्थापित थे. जितेंद्र कुमार पांडे, व्याख्याता राज्य ग्रामीण विकास संस्थान रांची को राजभवन का प्रोटोकॉल पदाधिकारी बनाया गया है. उपनिदेशक जनजाति कल्याण के पद पर पदस्थापित मो मुमताज अंसारी को अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड व सदस्य झारखंड राज्य वक्फ न्यायाधिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. गढ़वा के भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर की सेवा भू राजस्व विभाग से वापस लेते हुए उन्हें संयुक्त सचिव कृषि विभाग के साथ बीएयू के निदेशक प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

### हीमोफीलिया पर सीएमई सह जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** सदर अस्पताल रांची के सभागार में हीमोफीलिया पर सीएमई और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह ने काफी विस्तार से हीमोफीलिया के बारे में जानकारी प्रदान की. क्षेत्रीय निदेशक डॉ विनोद कुमार ने हीमोफीलिया के इलाज के संबंध में जानकारी दी. अंतरराष्ट्रीय स्तर के चिकित्सक डॉ के घोष ने हीमोफीलिया के बारे में कई नये रिसर्च के बारे में विस्तार से अवगत कराया.

## गुरुनानक स्कूल में वार्षिक खेलकूद में छात्रों ने दिखाए दम





संवाददाता । रांची

गुरुनानक उच्चतर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों के लिए सीबीएसई के फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया. इसका आरंभ शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ. फन रेस भी हुआ. छात्रों ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह को बढ़ाया. पिट्टू और क्रिकेट मैच आकर्षण का केंद्र रहा. सभी विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कैप्टन डॉ सुमित कौर उपप्रधान अध्यापिका सोनिया कौर और मुख्य अध्यापिका हरप्रीत कौर उपस्थित थीं.


'मेरे नन्हे कदम' प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव

## बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से किया मंत्र-मुग्ध

संवाददाता । रांची

'मेरे नन्हे कदम' प्ले स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव टाना भगत ऑडिटोरियम में शुक्रवार को मनाया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि रांची मेयर और बीजेपी नेत्री आशा लकड़ा शामिल हुईं. गेस्ट ऑफ ऑनर सैयद समेऔल अहमद (नेशनल प्रेसिडेंट - पीएसएसीडब्ल्यूए) थे. कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूलों के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल भी मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की गई.

इन दौरान नन्हें बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से अतिथियों और अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया. बता दें कि मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल की तीनों शाखाओं लाइन टैंक रोड, अशोक नगर और रामगढ़ के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया.



### बच्चों ने पेश किये मोहक कार्यक्रम

छात्रा हाजिक खान ने पापा पर बहुत ही सुंदर कविता सुनाई. शिखर अथर्व ने चंद्रयान बनकर सारे वैज्ञानिकों को बधाई दी. छोटी-छोटी बच्चियों ने नृत्य कर के माध्यम से नारी सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला. नन्हें-मुन्हे बच्चों द्वारा गीत वी शैल ओवरकम भी गाया गया. जिसे सभी अभिभावकों ने बहुत सराहा. कुछ बच्चों ने कविता एवं बालगीत गाकर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध किया. अभिभावकों की आंखें खुली की खुली रह गईं जब बच्चों ने पापा मेरे पापा, महबूबा, जादू, मेरा वाला डांस, आरंभ है प्रचंड, वो कृष्णा है, राम जी की निकली सवारी, फ्लूट डांस और डांडिया के ताल पर नृत्य प्रस्तुत किया. बच्चों ने नाटक भी प्रस्तुत किया.

### शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास

स्कूल की निर्देशक विभा सिंह ने बताया कि हम अपने बच्चों को इस तरह तैयार करते हैं कि शहर के सभी टॉप स्कूलों में उनका नामांकन उनकी मेरिट पर होता है. ना सिर्फ हम प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराते हैं बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि वे वहां जा कर भी वहां के टॉपर रहें. मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल ना सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी अपना मुख्य उद्देश्य समझता है. बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना की. उन्होंने कहा की वे आगे भी बच्चों में छुपे हुनर को तराशने की पूरी कोशिश करेंगी. अभिभावकों ने बच्चों में स्कूल द्वारा सिखाये गये अनुशासन की भी तारीफ की.

धर्म-अध्यात्म कहीं पूजा-पाठ तो कहीं होंगे भजन, कथा व प्रवचन, कहीं शोभा यात्रा तो कहीं श्री सुंदरकांड पाठ महोत्सव

# खरमास के साथ ही मांगलिक कार्यों पर ब्रेक, आध्यात्मिक कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता । रांची

खरमास के साथ शनिवार से मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग जायेगा, लेकिन राजधानी में सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी. कहीं पूजा-पाठ तो कहीं भजन-प्रवचन होंगे. गुरुद्वारा साहिब में श्रीतेगबहादुर का शहादद दिवस मनाया जायेगा. इसके अलावे सामाजिक गतिविधियां भी होंगी. विविध कार्यक्रमों की तैयारी जोर-शोर से चल रही है. श्रद्धालु भक्ति गंगा में श्रद्धा की डुबकी साल के अंत तक लगाते रहेंगे. नव वर्ष पर भी पूरे माह धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का क्रमवार सिलसिला चलेगा.

**गाजे-बाजे के साथ आज निकलेगी कलश यात्रा :** श्रीद्वारिकाधीश धाम, राम मंदिर गाड़ीखाना में 25 दिसंबर तक संगीतमय श्रीराम कथारस की धारा बहेगी. प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य विमलेशदास जी अपने प्रवचन और भजन के माध्यम से कथा का सुंदर चित्रण करेंगे. शनिवार को कलश यात्रा से इसकी शुरुआत होगी. महंथ अमरदास जी महाराज ने बताया कि सुबह नौ बजे मंदिर परिसर से यात्रा निकाली जायेगी. इसमें कलशधारी महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. रविवार को सुबह नौ बजे से गणपति गौरी आदि पूजन और नवाह्न पाठ किया जायेगा. दिन के दो बजे से कथा प्रारंभ होगी, जो शाम छह बजे तक चलेगी. 25 दिसंबर को श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव के साथ कथा विराम होगा. 26 दिसंबर को पूर्णाहुति और भंडारा होगा. अमरदास जी ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

**श्रीसुंदरकांड पाठ महोत्सव आज :** श्रीबाला जी परिवार श्रीसुंदरकांड पाठ महोत्सव धूमधाम से मनायेगा. गुजराती स्कूल मेन रोड में शनिवार को इसका आयोजन ओसीसी महिला मंडल की ओर से किया जा रहा है. श्रद्धालु सुरेश बजाज संग सस्वर पाठ कर भक्ति में रमेंगे. भजन-संकीर्तन कर उत्सव मनायेंगे. महिला मंडल ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने का आग्रह किया है.

### श्रीगुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरुपर्व आज

गुरुद्वारा साहिब, कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को श्रीगुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरुपर्व श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. इस अवसर पर रात आठ से साढ़े 11 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा. इसमें सिख पंथ के रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह जी सोनू वीर शबद गायन से साध संगत को निहाल करेंगे. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि 21 दिसंबर से शहीदी सप्ताह मनाया जायेगा. इसके तहत सत्संग सभा द्वारा तीन दिनी दीवान सजाया जायेगा. 26, 27 और 28 दिसंबर को सुबह नौ से दस और रात को नौ से साढ़े दस बजे तक दीवान सजाया जाएगा. भाई गुरबक्श जी शान कथा और कीर्तन कर संगत को गुरवाणी से जोड़ेंगे. रात्रि दीवान में गुरु का लंगर भी बरतेगा.

### हरमू रोडःखाटू नरेश का चंदन शृंगार आज

श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को खाटू नरेश का चंदन तिलक शृंगार शाम साढ़े चार बजे किया जायेगा. शृंगार-पूजन के बाद प्रभु को सुरेश डागा और उनकी पत्नी मंजू डागा बागा सेवा प्रदान करेंगी. श्रीश्याम भंडारा का आयोजन किया जायेगा. 19 दिसंबर को सुंदर कांड का पाठ होगा. 22 दिसंबर को एकादशी संकीर्तन कर श्रद्धालु श्रीश्याम की भक्ति में रमे रहेंगे.

### बाला जी मंदिर में बैकुंठ उत्सव 21 से

श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, रातू रोड में बैकुंठ उत्सव मनाया जायेगा. इस अवसर पर रविवार को विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी. 21 दिसंबर से उत्सव श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया जायेगा. सुबह से दोपहर बाद और शाम चार से सात बजे तक दर्शन-पूजन कर श्रद्धालु श्रद्धा का पुष्प अपने इष्ट के श्रीचरणों में चढ़ायेंगे. सिंह ने भक्तों से इसमें भाग लेने की अपील की है.

### सद्भावना सम्मान समारोह आज

बिहार क्लब, कचहरी रोड में शनिवार को सद्भावना सम्मान समारोह होगा. सर्वधर्म सद्भावना समिति के इस समारोह में रांची जिला प्रशासन के प्रमुख पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन संग विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों सहित प्रेस-मीडिया के लोगों को सम्मानित किया जायेगा. अध्यक्ष मो इसलाम ने बताया कि दिन के साढ़े 11 बजे से समारोह शुरू होगा.

### राजागढ़ मैदान में शिव गुरु महोत्सव कल

भगवान शिव को अपना गुरु बनायें के भाव से रविवार को शिव गुरु महोत्सव का खास आयोजन किया जा रहा है. राजागढ़ मैदान, रातू में दिन के दस से अपराह्न तीन बजे तक महोत्सव चलेगा. इसमें शिव शिष्य हरीन्द्रानंद जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा. दीदी बरखा आनंद इसमें हिस्सा लेंगी. रमेश कुमार मलिक ने बताया कि शिव शिष्य महोत्सव के दौरान श्रीशिव चर्चा करेंगे.



# दुकान से मोबाइल चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददता। बेरमो

गोमिया अंचल पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में मोबाइल दुकान से चोरी करने वाले तीन चोरों को एंड्रॉयड मोबाइल और कीपैड के साथ गिरफ्तार किया है. इस संबंध में गोमिया थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर अंचल निरीक्षक ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पिछले 01 नवंबर को गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल सुंडी टोला स्थित सेवा साव के दुकान के उपर का शीट तोड़कर दुकान में रखे मोबाइल को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था. इस संबंध में गोमिया थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया. पुलिस अधीक्षक बोकारो के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) के निर्देशानुसार कांड के उद्भेदन के लिए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया. अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गोमिया थाना क्षेत्र के बेलाटांड़ निवासी पीयूष कुमार पासवान के घर पर छापेमारी किया गया. उसके घर से चोरी के एंड्रॉयड तथा कीपैड मोबाइल एवं अन्य सामानों को जब्त किया गया. पीयूष कुमार से पूछताछ करने पर महुआटांड़ थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव निवासी विजय साव को गिरफ्तार किया गया. उसके निशानदेही पर भी चोरी के एंड्रॉयड मोबाइल एवं अन्य सामानों को बरामद किया गया. विजय साव के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इस कांड के एवं अन्य कांडों में चोरी की गई कीपैड मोबाइलों को खरीदने वाला व्यक्ति रमेश प्रसाद गुप्ता को गिरफ्तार किया गया. रमेश प्रसाद रामगढ़ जिला के रजरप्पा बारलौंग, कुंदरुकला का रहने वाला है. इसके घर और दुकान पर छापेमारी करने पर चोरी के कीपैड मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया. उन्होंने बताया कि पीयूष कुमार पासवान और विजय साव अपने अन्य सहयोगी के साथ मिलकर आईईएल. थाना बीटीपीएस थाना क्षेत्र के कई दुकान से मोबाइल एवं अन्य सामानों को चोरी की है. जिसमें से कुछ सामानों को बरामद कर जप्त किया गया है.



**बरामद सामान:** एन्ड्रॉयड मोबाइल 06 पीस, कीपैड मोबाइल 18 पीस, स्पीकर 2 पीस, लाइट 1 पीस, टैब 1 पीस, मिक्सी 1 पीस बरामद हुए हैं.

## आओ जानें

### वर्ष 2021 में चार्जशीट दाखिल हुए

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | 84.6 | मणिपुर | 42.2 |
| आंध्रप्रदेश | 91.7 | मेघालय | 40.6 |
| अरुणाचल प्रदेश | 78.9 | मिजोरम | 91.3 |
| असम | 46.8 | नागालैंड | 75.0 |
| बिहार | 90.0 | ओडिशा | 81.1 |
| छत्तीसगढ़ | 92.4 | पंजाब | 83.7 |
| गोवा | 95.5 | राजस्थान | 61.7 |
| गुजरात | 92.3 | सिक्किम | 86.7 |
| हरियाणा | 73.7 | तमिलनाडु | 96.6 |
| हिमाचल प्रदेश | 85.1 | तेलंगाना | 93.3 |
| कर्नाटक | 91.5 | त्रिपुरा | 80.5 |
| केरला | 93.5 | उत्तरप्रदेश | 84.6 |
| मध्यप्रदेश | 94.1 | उत्तराखंड | 79.1 |
| महाराष्ट्र | 91.9 | पश्चिम बंगाल | 86.0 |

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में कार्यालय कर्मी की मौत

**रमना।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के कार्यालय कर्मी रमना के टंडवा निवासी शिव कुमार सिंह पिता स्व. शिव मंडिल सिंह (40 वर्ष) की मौत सड़क दुर्घटना में गुरुवार की देर रात्रि हो गई. घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है. शिवकुमार गुरुवार को कार्यालय से काम खत्म करने के बाद अपने घर वापस हो रहे थे. तभी यह हादसा हो गया.

### नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी करार

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुराचार करने के आरोप में निरसा पुअलाडीह निवासी आरजू लोहार को अदालत ने दोषी करार दिया है. धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शनिवार की तारीख निर्धारित की है. पीड़िता की मां की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में केस दर्ज की गई थी. केस के मुताबिक 16 अप्रैल 2022 को आरोपी ने उसकी पुत्री को ले गया था.

### लाला हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जमीन कारोबारी लाला खान की हत्या के चर्चित मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई. जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने अपर लोक अभियोजक को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. जमीन कारोबारी मोहम्मद असरफ अल हसन उर्फ लाला खान की गोली मारकर हत्या 12 मई 2021 को दोपहर करीब तीन बजे की गई थी. जब्बार मस्जिद के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने लाला खान को गोली मारी थी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी.

### बाइक लेकर जा रहे कंटेनर में लगी आग

**गिरिडीह।** गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिरसिया-सिहोडीह रोड पर आम बागान के समीप बाइक लदे कंटेनर में अचानक आग लग गई. कंटेनर हीरो कंपनी की 32 नई बाइक लेकर दिल्ली से देवघर स्थित शोरूम जा रहा था. आग शार्ट सर्किट से लगी. वाहन से निकलता धुआं देख ड्राइवर ने कंटेनर गाड़ी को आम बगान मैदान में खड़ा कर शोर मचाया. शोर सुन वहां भीड़ जुट गई. स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत पहुंची और आग पर काबू पा लिया.

### भवनाथपुर में लूना से टक्कर में एक घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप-भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित रेलवे साइडिंग के समीप लूना से टक्कर में अरसली उत्तरी निवासी देवकी पासवान घायल हो गया. जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार देवकी अपनी लूना से भवनाथपुर जा रहा था कि रेलवे साइडिंग के समीप एक एक कर तीन लूना से टक्कर हो गया. जिसमे देवकी पासवान घायल हो गए.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**पीड़टांड़ (गिरिडीह)।** डुमरी-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हरलाडीह के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. घटना के संबंध में बताया गया कि तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. जांच-पड़ताल के बाद पुलिस शव को थाना ले गई.

### छापेमारी कर 20 टन कोयला जब्त

**बाघमारा।** बीसीसीएल ब्लॉक दो प्रबंधन के आदेशानुसार शुक्रवार को सीआईएसएफ की टीम ने ब्लॉक दो के केसर गढ़ स्थित नदखरकी पैच में छापा मारकर अवैध ढंग से जमा किये गए करीब 20 टन कोयला को जब्त किया. इस छापेमारी के दौरान बाघमारा थाना की पुलिस मौके पर मौजूद थी. जब्त कोयले को ब्लॉक दो प्रबंधन के हवाले कर दिया गया है. छापेमारी से ब्लॉक दो क्षेत्र में अवैध रूप से कोयले का धंधा करने वाले धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है.

## कंप्यूटर नहीं जानने वाले भी बजा रहे साइबर थाने में ड्यूटी

# पोस्टिंग साइबर एक्सपर्ट पर, थानेदारी जीटी रोड में

रिजवान शम्स। धनबाद

एक इंस्पेक्टर साहब को पुलिस मुख्यालय ने साइबर एक्सपर्ट मानते हुए धनबाद जिले में पोस्टिंग दी. बताया गया कि जिले को एक साइबर का जानकार दिया जा रहा है. लेकिन साहब यहां आते ही जीटी रोड की थानेदारी में लगकर ट्रकों की गिनती में मशगूल हो गए. इधर, साइबर थाने में कंप्यूटर को भी नहीं जानने वाले लोग पूरी ईमानदारी से ड्यूटी बजा रहे हैं. वहीं एक दूसरे एक्सपर्ट ने साइबर थाने में योगदान तो दिया लेकिन छह महीने में ही तबादले की व्यवस्था जुगाड़ कर ली. ये बताने की जरूरत नहीं है कि वर्तमान परिवेश में साइबर थाने का क्या रोल है. फिलहाल साइबर थानों में पूरे जिले के सभी थानों से अधिक शिकायतें पहुंच रही हैं. खैर यहां एक डीएसपी और आधा दर्जन पुलिस पदाधिकारियों की टीम मौजूद है. कुछ लोग नए हैं और तो पुराने पदाधिकारी हैं. दो आरक्षी और दो कंप्यूटर,चंद कुर्सियां, दो-तीन टेबल....यही तो है अपने धनबाद जिले के साइबर थाने की कुल कायनात.

**न है गाड़ी और न मिलता तेल:** वैसे तो धनबाद साइबर थाने के दर्द की सूची बहुत लंबी है. लेकिन जो सबसे ज्यादा तकलीफ देती है वो ये बात है कि इनके पास एक भी विभागीय वाहन नहीं है. गश्ती तो करनी नहीं है, लेकिन आरोपियों को पकड़ना तो होगा, ऐसे में वाहन कहां से आएगा, ये सोच हमेशा कायम रहती है. यदि कहीं से गाड़ी की व्यवस्था हो भी गई तो तेल का जुगाड़ अलग से सिरदर्द है. कहते हैं कि धर-पकड़ का काम अब एक दिन का तो है नहीं, हर दिन अपराधियों के पीछे दौड़ना है, टावर लोकेशन जहां का मिला, उधर की दौड़ लगी. कभी बंगाल तक दौड़ लग जाती है. लेकिन रास्ते के तेल खर्च की राशि इनको नहीं मिलती है. ऐसे में यहां के पदाधिकारी मायूस हो जाते हैं. दो आरक्षी साइबर अपराध के बारे में ठीक-ठाक जानकारी रखते हैं तो कुछ ऐसे लोगों की भी यहां पोस्टिंग है, जिन्होंने पूरे जीवन में कंप्यूटर छूआ तक नहीं था.

**दो कंप्यूटर, चंद कुर्सियां और पुराना भवन है साइबर थाने की कुल कायनात**



**करोड़ों के मॉडल थाने में लगा पैबंद है साइबर थाना**

**धनबाद।** धनबाद में जहां कई मॉडल थाने हैं, जिनकी लागत करोड़ों में है, वहीं साइबर थाने की खस्ताहाली इन मॉडल थानों की खूबसूरती में पैबंद की तरह है. न ही अपनी जमीन है और न ही अपना भवन, बीसीसीएल की जमीन पर वर्ष 2016 में आपातकालीन तरीके से साइबर सेल का गठन किया गया था, तब तत्काल रूप से बीसीसीएल की मदद से एक भवन को साइबर सेल का कार्यालय बनाया गया था, सालों बाद साइबर थाने का नोटिफिकेशन हुआ लेकिन इमारत और वहां मौजूद सुविधाएं जस की तस रहीं. सिर्फ साइबर सेल की जगह अब साइबर थाने नाम हो गया. आज भी यहां 2016 के ही सामान उपलब्ध हैं.

### दो लाख से अधिक के फ्रॉड में पहुंचे साइबर थाने

चूंकि जिले का इकलौता साइबर थाना होने के कारण यहां प्रतिदिन ठगे जाने वाले लोगों की भीड़ लगने लगी. तब वरीय पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि यहां अब दो लाख से उपर की ठगी में ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, इससे कम की राशि को पीड़ित के लोकल थाने में भिजवाया जाएगा. इस व्यवस्था के लागू होने के बाद यहां भीड़ थोड़ी कम हुई.

### दमेलवा जंगल से डंप किए गए दो ट्रैक्टर माईका जब्त

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को लोकाय थाना क्षेत्र के दमेलवा जंगल में डंप किए गए दो ट्रैक्टर अवैध माइका को जब्त किया है. बताया जाता है कि रात के अंधेरे में दमेलवा,नारोटांड, असुरहड्डी,डुब्बा के जंगलों से ट्रैक्टरों में अवैध माइका लोड कर तिसरी लाया जा रहा था, जहां से इसे ट्रकों में लोड कर गिरिडीह स्थित माइका फैक्ट्रियों में भेजे जाने की तैयारी थी. अवैध माइका परिवहन की सूचना पर वन विभाग की टीम गुरुवार देर रात लोकाय के जंगलों को खंगालती रही. हालांकि इसकी भनक लगते ही माइका तस्करों ने ट्रैक्टर में लोड माइका को जंगल में ही अनलोड कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए. जिसके बाद वन विभाग की टीम ने जंगल में पड़े माइका को जब्त कर तिसरी स्थित बीट कार्यालय ले आई.

# पांच दिनों से लापता युवक का शव नदी से बरामद

संवाददता। जमशेदपुर

बिष्टुपुर थाना अंतर्गत बेल्डीह ग्राम बस्ती के पास स्वर्णरेखा नदी से शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद हुआ. शव की पहचान सोनारी के झाबरी बस्ती निवासी भीम सिंह भूमिज (32) के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार भीम सिंह सर्किट हाउस एरिया स्थित एक ऑफिस में काम करता था. वह सोमवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. नदी में शव होने की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. भीम सिंह के छोटे भाई भोपाल सिंह भूमिज ने बताया कि उनका भाई कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था. घर में भी शांत रहता था और किसी से कोई बात नहीं करता था. भाई की किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा.



भीम सिंह भूमिज (फाइल फोटो)

# अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ छापेमारी, 10 टन कोयला जब्त

संवाददता। बेंगाबाद (गिरिडीह)

कोयला के अवैध कारोबार के खिलाफ बेंगाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 टन कोयला जब्त किया है. वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में गिरीडीह-महेशमुण्डा पथ के किनारे स्थित भण्डारीडीह मैदान के समीप छापेमारी कर डंप किये गए अवैध कोयला को जब्त किया गया है. कार्रवाई के दौरान मौके पर से 10 साइकिल एवं कोयला लदा एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया है. शुक्रवार की सुबह अचानक हुई कार्रवाई से धंधेबाजों में हड़कंप मच गया. पुलिस टीम को देखते ही धंधेबाज मौके पर से फरार हो गए. जिसके बाद पुलिस टीम ने लगभग 10 टन कोयला जब्त किया. इस संबंध में थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मोटरसाइकिल में अवैध रूप से कोयला ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार व्यक्ति बीरबल यादव गांडेय थाना क्षेत्र के दासडीह का रहने वाला है. उन्होंने कहा कि मामले को लेकर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए थाना में एफआईआर दर्ज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा.



# करमाटांड़ बस्ती से साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2 फरार

संवाददाता। जामताड़ा

जामताड़ा पुलिस ने शुक्रवार की सुबह करमाटांड़ बस्ती में छापेमारी कर साइबर अपराध के आरोपी शम्स तबरेज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया. जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे. पकड़े गए शम्स तबरेज के पास से छह मोबाइल फोन व छह सिम कार्ड बरामद किए गए हैं. यह जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर अजय कुमार पंजिकार ने प्रेसवार्ता में दी. बताया कि वह फेसबुक व वाट्सएप पर यूनियन बैंक के क्रेडिट कार्ड से विशेष लाभ लेने का फर्जी पोस्ट डालकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था. उन्होंने बताया कि जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी मंजरूल होदा, चंद्रशेखर, अजय कुमार पंजिकार के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी की गई.



### साइबर पुलिस ने दो संदिग्ध को पकड़ा

**धनवाद।** शुक्रवार को साइबर थाने की पुलिस ने दो संदिग्ध अपराधियों को धनसार थाना क्षेत्र के गोल बिल्डिंग इलाके से हिरासत में लिया है. सूत्रों के अनुसार पकड़े गए अपराधी नवादा बिहार के बताए जा रहे हैं. पकड़े गए आरोपियों से साइबर पुलिस पूछताछ कर रही है.

### चौथी मंजिल से गिरकर बुजुर्ग की हुई मौत

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत विवेकानंद रोड स्थित अन्नपूर्णा टावर की चौथी मंजिल से गिरकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई. वह छत से कैसे गिरे, पुलिस इसकी जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक कदमा अन्नपूर्णा टावर में 66 वर्षीय पी प्रह्लाद राव अपनी बेटी-दामाद के साथ रहते थे. वह गुरुवार शाम को टहलने के दौरान अपार्टमेंट की छत से नीचे गिर गए. गिरने की आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत ही उन्हें एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. जहां इलाज के क्रम में बुजुर्ग की मौत हो गई. प्रह्लाद राव के दामाद जी तारकेश्वर राव ने बताया कि उनके ससुर की दिमागी हालत ठीक नहीं थी. वे रोज की तरह छत पर टहलने गए थे. लेकिन अचानक जमीन पर आ गिरे, जिससे उनकी मृत्यु हो गई.



पी प्रह्लाद राव की फाइल फोटो

## डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

# अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

- मृतका किटिया देवी अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी सुभाष पासी की पत्नी थी

संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह शहर के नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित विश्वनाथ नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक महिला किटिया देवी की मौत हो गयी. परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया. मृतका किटिया देवी अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी सुभाष पासी की पत्नी थी. परिजनों ने बताया कि किटिया देवी को शनिवार को नर्सिंग में भर्ती कराया था, जहां उसका पथरी का ऑपरेशन हुआ. इसके बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. घर जाने के बाद महिला को पेट में दर्द की शिकायत पर सोमवार को उसे दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने कहा कि मरीज को डेंगू हो गया है. इसके बाद उसे ब्लड चढ़ाया गया, लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गयी.

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने इलाज में घोर लापरवाही बरती. मरीज को कंपाउंडर के भरोसे छोड़ दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन बकाया 11 हजार रुपये जमा करने के बाद ही शव ले जाने की बात कही, जिससे परिजन उग्र हो गए और जमकर हंगामा किया. सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और जांच में जुट गई.




### कंप्यूटर ऑपरेटर की संदिग्ध हालत में मौत

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहार कुल्ली में गुरुवार की देर रात व्यक्ति की मौत हो गई. बताया जाता है कि लगभग 45 वर्षीय हितेश सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था. उसका गुरुवार देर रात किराएदार से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. मृतक की मां ने दोनों के बीच हस्तक्षेप कर विवाद को खत्म कराया. मां हितेश को समझा-बूझाकर घर ले जा रही थी. तभी हितेश अचानक सीढ़ियों से फिसल कर गिर पड़ा. गिरने से रेलिंग के रॉड में उसका सिर टकरा गया, जिससे उसे चोट लग गई. घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे अशर्फी अस्पताल लेकर गए. जहां से घायल को बेहतर इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हितेष के दो बच्चे और उनकी मां साथ रहते हैं.

## सफलता टाटानगर आरपीएफ को मिली सफलता, चोरी के आभूषण बरामद किए गए

# ट्रेनों में चोरी करने वाले सांसी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

पूरे देश में चलती ट्रेन से यात्रियों के आंख में धूल झोंककर चोरी करने के मामले में सांसी गैंग के दो सदस्यों को आरपीएफ की फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने गिरफ्तार किया है. शुक्रवार को इसकी जानकारी टाटानगर आरपीएफ प्रभारी संजय कुमार तिवारी ने दी. उन्होंने बताया कि टाटानगर व आसपास के स्टेशनों में ऐसे कई मामले दर्ज हुए हैं जिनमें हरियाणा के इस सांसी गैंग की संलिप्तता सामने आई है. बताया जाता है कि राउरकेला से टाटानगर आ रही इस्पात एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे चार लोगों को आरपीएफ ने आदित्यपुर स्टेशन के पास पकड़ने की कोशिश की, तो उनमें से तीन भाग गए जबकि एक पकड़ा गया. बाद में उसके एक अन्य साथी को आदित्यपुर यार्ड के पास से पकड़ लिया गया. इनके दो अन्य साथी भागने में सफल रहे. जांच के दौरान पैड मोबाइल, तीन हजार रुपये नकद, चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और लगभग 3.50 लाख रुपए के चोरी के गहने बरामद हुए हैं.



**हरियाणा के रहने वाले है सभी :** आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा का रहने वाला टिंकू उर्फ मोटा और बलवंत उर्फ काला शामिल है. जबकि दो अन्य साथी बिट्टू कुमार और अनूप सिंह फरार होने में कामयाब हुए है, जिनकी तलाश की जा रही है.

### मुंगेर से पकड़ाया शातिर चोर, भेजा जेल

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर चोपन-गोमो पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के क्रम में एक महिला यात्री के पर्स से आठ लाख के गहने गायब कर दिए गए. महिला ने इस संबंध में राजकीय रेल थाना पुलिस (जीआरपी) डालटनगंज में मामला दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिहार के एक शातिर चोर को स्टेशन परिसर से गिरफ्तार किया है. महिला चोर और उसके गैंग के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. आरोपित चोर को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा भरतपुर निवासी बबलू कुमार सिंह की 35 वर्षीय पत्नी नमिता देवी 12 दिसंबर को अपने पति और बच्चों के साथ रामगढ़ जाने के लिए डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर चोपन-गोमो ट्रेन में चढ़ रही थी. इसी क्रम में उसके पर्स से लाखों के गहनों से भरा डब्बा गायब कर दिया गया. सीसीटीवी फुटेज से जांच करने पर पता चला कि पारो देवी नामक महिला नमिता देवी के पर्स से गहनों को गायब किया है. सीसीटीवी फुटेज में महिला के साथ मौजूद गैंग के अन्य सदस्य भी नजर आए. जांच के क्रम में गैंग के शातिर चोर विपिन कुमार मंडल उर्फ कैला को स्टेशन परिसर से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया. बिहार के मुंगेर जिले के बलियारपुर पड़ैया निवासी के रूप में उसकी पहचान हुई. पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि उसके गैंग में 6-7 लोग हैं.

# पति-सास की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने खाया जहर

संवाददताा। धनबाद

करमाटांड़ की रहने वाली युवती ने शुक्रवार को जहर खाकर जान देने का प्रयास किया. आनन-फानन में युवती को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान जानकारी मिली की युवती ने फिनाइल पी ली है. इधर, भर्ती कराने वाले परिजन ने बताया कि ईशा दुबे की शादी बीते 3 दिसंबर को जमशेदपुर के रहने वाले संतोष तिवारी से हुई थी. शादी के दूसरे दिन से ही उसे ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा. युवती को एक कमरे में बंद कर मोबाइल छीन लिया गया और अपने परिजनों से कभी बातचीत नहीं करने की धमकी दी गई. बीते 11 दिसंबर को युवती अपने माइका पति के साथ पहुंची थी. युवती का आरोप है कि यहां भी उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और जबरदस्ती करने का प्रयास किया. इस बीच युवती को अपने दोस्तों से भी मिलने से मना कर दिया गया. आखिरकार युवती ने तंग आकर माइका में ही शुक्रवार को फिनाइल पी लिया. युवती ने अपने एक दोस्त को सोशल मीडिया के जरिए एक सुसाइड नोट भी भेजा था. युवती की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है. वहीं, जहर पीने की बात सुन युवती का पति अस्पताल से फरार हो गया. शुक्रवार देर शाम तक सरायढेला पुलिस ने युवती का फर्द बयान दर्ज नहीं किया था.



## स्पीकर से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पुष्पगुच्छ से हुआ अभिवादन



**रांची ।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पीकर रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात की. सीएम ने विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष से मिले और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया. इस क्रम में मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया. मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की सचिव वंदना दादेल ने भी सीएम से मुलाकात कर उनका स्वागत किया. झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने भी सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की.

## आईटी, ईडी और सीबीआई में भाजपा अपने नेताओं को नियुक्त करे : मिथिलेश



**रांची।** धीरज साहू प्रकरण को लेकर सदन के बाहर भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने अब तक मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है. उधर भाजपा धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग कर रही है. इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां तो केंद्र की भाजपा सरकार के नियंत्रण में है. ऐसा लग रहा है कि अब तो भाजपा को इन एजेंसियों पर भी भरोसा नहीं है. इसका एक ही रास्ता है. भाजपा दिल्ली से लेकर रांची तक इन केंद्रीय एजेंसियों के डायरेक्टर और अधिकारियों के पद पर अपने नेताओं को नियुक्त कर दे.

## धीरज साहू कैश कांड को लेकर सदन के बाहर बीजेपी ने किया जमकर हंगामा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित कंपनी के ठिकानों पर आईटी रेड का मामला गूंजा. धीरज साहू के ठिकानों से 500 करोड़ की बरामदगी को लेकर विपक्ष (भाजपा) ने सदन के बाहर हंगामा किया. वे सवाल उठा रहे थे कि 500 करोड़ किसका. पत्थर चोरी, कोयला चोरी, बालू चोरी या ट्रांसफर पोस्टिंग का. इस दौरान भाजपा के विधायक लगातार सीबीआई जांच की मांग करते नजर आये. हंगामे के दौरान अनंत ओझा, बिरंची नारायण, नीरा यादव, राज सिन्हा, जयप्रकाश भाई पटेल, समरी लाल और ढुल्लू महतो मौजूद रहे.

## स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की टिप्पणी पढ़ी



**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है. विपक्ष ने सदन के बाहर धीरज साहू प्रकरण को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर यह बता दिया है कि यह सत्र हंगामेदार होगा. सदन की कार्यवाही 11 बजकर 07 मिनट में शुरू हुई. स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के तहत इस सत्र के लिए सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा की. इसके बाद स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की ओर से की गयी टिप्पणी को हुबहू सदन में पढ़ा. उसके बाद उन्होंने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ियों और आम लोगों को श्रद्धांजलि दी. स्पीकर के बाद सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने शोक प्रस्ताव पढ़ा.

### विधान सभा सत्र : कांग्रेस विधायकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगन किये जाने को गलत बताया, बोले

# जेएसएससी और सीजीएल की परीक्षाएं स्थगित किया जाना अत्यंत गंभीर विषय

**शुभम संदेश टीम ।रांची**

झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने 16 और 17 दिसंबर को होने वाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा-2023 को स्थगित कर दिया था. अब यह परीक्षा नये साल के पहले महीने 21 और 28 जनवरी को ली जायेगी. कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित करने को अत्यंत गंभीर विषय बताया. कहा कि हमने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री जी से बात कर आग्रह किया कि इस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाये. आगे कहा कि गवर्नमेंट सेंटर पर एग्जाम नहीं होते हैं.

सभी परीक्षाएं प्राइवेट सेंटर पर होते हैं. वही सेंटर रेलवे, प्राइवेट कंपनियों, केंद्र और राज्य सरकार का एग्जाम लेती हैं. कहा कि एग्जामिनेशन के डेट निर्धारित कर दी गयी थी. लेकिन सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्धारित तिथि पर एग्जाम कंडक्ट नहीं हो सका. आगे कहा कि अगर सरकार का अपना सेंटर होगा तो हम इस समस्या से उबर पायेंगे.

## शुभम संदेश की कटिंग लेकर सदन पहुंचीं शिल्पी

**रांची ।** वन संरक्षण कानून का मामला शुभम संदेश व लगातार डॉट इन प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है. विधानभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शुभम संदेश अखबार की पेपर कटिंग लेकर सदन पहुंचीं. उन्होंने कहा कि कोई भी वन संरक्षण के मुद्दों पर बात नहीं कर रहा है. झारखंड में जल जंगल जमीन वाली मुद्दों पर बात नहीं हो रही है. उन्होंने इस मुद्दे को सदन के अंदर उठाने की बात कही है .बता दें कि केंद्र सरकार वन संरक्षण कानून में बदलाव ला रही है. इसको लेकर वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक 2023 लाया गया है, जो लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया है. वहीं सरकार चाहती है कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू हो. इस पर भी गहराई से विचार-विमर्श जारी है.





### सत्र खत्म होने के बाद बैठक कर मुद्दे पर होगी चर्चा

इस मुद्दे पर कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जेएसएससी का एग्जाम होना था, लेकिन अचानक जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि एजेंसी अभी एग्जाम नहीं ले सकती है इसलिए परीक्षा को स्थगित कर दिया गया. कहा कि परीक्षा स्थगित होने से कही न कही एजेंसी पर भी सवाल उठते हैं. सरकार किसी की भी होरोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दे पर हम गंभीर है. कहा कि सीएम से इस मुद्दे पर बात की तो उन्होंने कहा है कि विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद इस पर बात की जायेगी. जेएसएससी के साथ बैठक कर एक तिथि निर्धारित की जायेगी.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने क्या-क्या किया

- झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र की बैठक में शामिल हुए.
- विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में भी शामिल हुए.
- खूंटी में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए.
- रांची के प्रोजेक्ट भवन मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक में शामिल हुए.

## रांची में ही रहे सभी कैबिनेट मंत्री

**रांची ।** हेमंत सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को रांची में ही रहे. शुक्रवार सुबह 11 बजे शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने विधानसभा पहुंचे. सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से मुलाकात की. सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता खूंटी पहुंचे और खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए. वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख नेपाल हाउस स्थित अपने विभाग पहुंचे. मंत्रियों ने विधानसभा में आए सवालों पर विभाग के अफसरों से जानकारी ली. शाम चार बजे सभी मंत्री कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेने प्रोजेक्ट भवन पहुंचे.

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधायकों मंत्रियों के वाहनों की भी हुई जांच



**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को प्रारंभ हुआ, जो 21 दिसंबर तक चलेगा. संसद में हुई घटना के बाद झारखंड विधानसभा में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है. विधानसभा में आने वाली सभी गाड़ियों की जांच की जा रही है. बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है. विधायक और मंत्रियों के भी वाहनों की चेकिंग हो रही है. इस मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत है. सभी ने विधानसभा में अंदर प्रवेश करने से पहले गाड़ियों की जांच को सुरक्षा की दृष्टि से सही बताया. एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक खुद सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना कर रहे हैं. बता दें इस सत्र में 1000 से ज्यादा सुरक्षा बल लगाये गये हैं.

## सदन की कार्यवाही 18 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पहले दिन स्पीकर ने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ियों और आम लोगों को श्रद्धांजलि दी. स्पीकर के बाद सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने भी शोक प्रस्ताव पढ़ा. शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही 18 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी.

## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** दशम चंद्र है. पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का अवसर मिलेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे.

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा, पर किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है. दौड़धूप अधिक रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है.

**मिथुन** क्रोध से बचें. जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा.

**कर्क** दिन आनंददायक बीतेगा. पर पेट रोग से बचे. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें. भोजन सोच विचार कर ले.

**सिंह** शिक्षा को ले कर व्यस्तता रहेगी. शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. जल्दबाजी न करें.

**कन्या** माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन को न अपनायें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें. जल्दबाजी न करें.

**तुला** किसी से विवाद हो सकता है. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी.

**वृश्चिक** कार्य और पराक्रम के बल पर अच्छा आय होगा. योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें.

**धनु** व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेगी. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**मकर** शारीरिक और मानसिक सुख मिलेगा, पर वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** बाहरी खर्चो से मन खिन्न होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे.

**मीन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी.

## 'वाऊ सिनेमा' की पहली वर्षगांठ कल, होगा 'ब्लडी इश्क' का मुहूर्त

**संवाददाता ।संवाददाता**

रांचीओटीटी प्लेटफार्म 'बाऊ सिनेमा' की पहली वर्षगांठ 17 दिसम्बर को शाम 6.00 बजे बिरसा चौक, रांची में स्थित 'होटल रासो' में धूमधाम से मनाया जाएगा. इस अवसर पर बॉलीवुड भोजपुरी एक्टर कुणाल सिंह, गायक सह एक्टर आलोक कुमार, अजीत आनंद ( सिंगर एवं एक्टर), प्रिया राजपूत (एक्ट्रेट), हीरा लाल यादव (फाइट मास्टर) शामिल हो रहे हैं एवं हैदराबाद से कैमरा मैन भास्कर डोरनाला, शशि नाथ दूबे (निर्माता. एवं निर्देशक) बनारस के डीओपी संदीप गुप्ता भी मौजूद रहेंगे. इसके आलावा रांची से देवेश खान,आनंद जलान, सिराज अहमद, रीना सहाय, वर्षा ऋतु , रमन गुप्ता, रोहित आरके, इन्द्रजीत सिंह, उमे झारखंडी, कुमार गहलौत, विजय प्रभाकर, पंकज पप्पन, पवन रॉय, मोनू राज ,निगार सुल्ताना, गायिका वीणा श्री, कविता होरो, कैलाश जैक्शन, शिवानी जैक्शन के शामिल होने की संभावना है. उद्घोषक राज मौर्या एवं उद्घोषिका संतोष मृदुला कार्यक्रम का संचालन करेंगे. इस कार्यक्रम के दौरान एक हिन्दी फिल्म "ब्लडी इश्क " का मूहूर्त भी किया जाएगा. इस फिल्म की निर्मात्री हैं शबनम राज़. इसके आलावा लेखक निर्देशक प्रभात राज़ ,पटकथा संवाद पुष्पेन्द्र कुमार अनूप, गीतकार संजीव देव चौधरी एवं प्रभात राज़, अपूर्वा बनर्जी, डीओपी भास्कर डोरनाला एवं कैमरा मैन संदीप गुप्ता शामिल हैं. इस फ़िल्म के मुख्य कलाकारों में संजय मौर्य, प्रिया राजपूत, साना भट्टाचार्या, कुणाल सिंह, देवेश खान, प्रभात राज, सिराज अहमद, एस०एम० मेहदी आदि है.

### वर्षगांठ के अवसर पर श्रेणीबद्ध एवार्ड

'वाऊ सिनेमा' लाइफ टाइम एचिवमेन्ट एवार्ड, 'वाऊ सिनेमा' मेम्बर्स एप्रिशियशन एवार्ड 2023, प्रेस मीडिया प्रोत्साहन एवार्ड 2023, स्मारिका 'लेखन प्रोत्साहन' एवार्ड 2023, सिंगर्स प्रोत्साहन'एवार्ड 2023, 'वाउ सिनेमा' स्पेशल एवार्ड 2023, उद्घोषक प्रोत्साहन एवार्ड 2023, विज्ञापन दाता प्रोत्साहन एवार्ड 2023, मुख्य अतिथि सम्मान एवार्ड 2023, विशेष अतिथि सम्मान एवार्ड 2023 तथा अतिथि प्रोत्साहन मोमेन्टो एवार्ड 2023.

## धीरज साहू झारखंड प्रदेश के अडानी-अंबानी हैं : डॉ इरफान अंसारी

**रांची।** धीरज साहू कैश कांड पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि धीरज बाबू वाला कोई मामला ही नहीं है. वह एक कारोबारी हैं और व्यावसायिक मामला अलग है. वह झारखंड के अडानी अंबानी हैं. आगे कहा कि वह मददगार हैं, इसलिए वह दोषी नहीं है. जब उनसे पूछा गया कि क्या 300 करोड़ रखना उचित है. इस पर इरफान अंसारी ने जवाब दिया कि हमलोग को भी समझ में नहीं आ रहा है. आगे कहा कि यह सवाल उनसे इनकम टैक्स वाला न पूछेगा कि बीजेपी वाला पूछेगा. आगे कहा कि बीजेपी वाले खुद को पाक (पवित्र) समझ रहे हैं ? इरफान अंसारी ने कहा कि हमलोग धीरज साहू के साथ खड़े हैं. वह मददगार हैं. इसलिए लोहरदगा में हजारों लोग रो रहे हैं. आगे कहा कि देश जब कंगाली के कगार पर था, तब साहू परिवार ने देश की मदद की. आगे कहा कि बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वे इसको उठा रहे हैं. उन्होंने बीजेपी को चुनौती देते हुए कहा कि सदन में आइये, आपके एक-एक सवाल का जवाब देंगे.

### क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर को सौंपा ज्ञापन

## डिलिस्टिंग महारैली रद्द करने की उठायी मांग

**संवाददाता।रांची**

ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने आरएसएस और वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 24 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी में होने वाली डिलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग उठायी है.

शुक्रवार को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के झारखंड प्रदेश महासचिव, प्रवीण कच्छप की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा है. प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने कहा कि 24-25 दिसम्बर को ईसाई समुदाय का मुख्य क्रिसमस त्योहार है. इस पर्व को लेकर पूरा ईसाई समुदाय खुशियां मना रहा है. इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है.खुशी के त्योहार में बाधा पहुंचने एवं माहौल खराब होने का डर सता रहा है. 24 दिसम्बर को भाजपा नेता कडिया मुंडा द्वारा घोषित उलगुलान आदिवासी डिस्टिलिंग रैली को रोका जाए, ताकि ईसाई समुदाय हर्षोउल्लास के साथ क्रिसमस मना सके. हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के त्योहारों पर सरकार व प्रशासन शांति और उल्लास के साथ त्योहार मनाने के लिए समान रूप से अवसर प्रदान करता आया है. डिलिस्टिंग रैली में ईसाई और मुस्लिम धर्म अपनाने वाले आदिवासियों को जनजाति कोटे से बाहर करने और उनका आरक्षण रद्द करने की मांग की जाएगी. ऐसे में ईसाइयों के सबसे प्रमुख त्योहार के दिन इस तरह की ईसाई विरोधी रैली और हेट स्पीच देना कहां तक न्यायसंगत है. प्रतिनिधिमंडल में शामिल फ्रंट के संयोजक प्रवीण कच्छप, प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, झारखंड प्रदेश सपा अध्यक्ष अजीत बाखला, अलेक्स लकड़ा, समीर हेंब्रम शामिल थे.



शमशेर आलम से मिलते क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के प्रतिनिधि.

### गुरु नानक स्कूल में छात्रों की करियर काउंसलिंग

**रांची।** गुरु नानक स्कूल में 9वीं 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए यूनिवर्सिटी एक्सपोजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के तहत एसआरएम और चितकारा विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसरों ने छात्रों की करियर काउंसलिंग की. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के बाद पाठ्यक्रम के चुनाव में होने वाले असमंजस की स्थिति में उनका मार्गदर्शन करना था, ताकि विद्यार्थी अपने करियर के लिए सही निर्णय ले सकें.

### पशुधन विकास योजना कृषि मंत्री ने कांके में किया पशु-पक्षी मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन

# एक ट्रेंड किसान 50 किसानों को कर सकता है प्रशिक्षित

**संवाददाता।रांची**

कृषि मंत्री बादल ने कहा कि लगातार जलवायु परिवर्तन की वजह से राज्य का किसान बीते दो वर्षों से लगातार प्रभावित हो रहा है. खेती किसानी और बाड़ी पर हमारे राज्य के किसानों की आजीविका निर्भर है. ऐसे में मॉनसून की बेरुखी की वजह से कृषि की पैदावार प्रभावित हुई है. इसलिए किसानों को खेती के साथ-साथ बाड़ी पर भी फोकस करने की जरूरत है. वह शुक्रवार को कांके स्थित क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत पशु पक्षी मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हमें वैकल्पिक उपाय तलाशने होंगे. इसके लिए पशुधन से बेहतर विकल्प और कोई नहीं हो सकता है. अगर एक किसान प्रशिक्षित होता है तो वह किसान अपने गांव और क्षेत्र में 50 किसानों को व्यवहारिक तौर पर प्रशिक्षित कर सकता है.



### पशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा शीघ्र

कृषि मंत्री ने कहा कि जल्द ही विभाग पशुधन के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मोबाइल वेटनरी एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत करने जा रहा है. उस एंबुलेंस में डॉक्टर, कंपाउंडर, दवा, जांच और सर्जरी की व्यवस्था होगी. इस हेतु टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. इस योजना के तहत हर एम्बूलेंस में तीन विशेषज्ञों की टीम हमेशा मौजूद रहेगी, जो पशुपालकों के घर पर जाकर पशुओं का इलाज करेगी. वहीं पशुधन बीमा का प्रस्ताव भी विभाग तैयार करने जा रहा है, इसके लिए कई राज्यों के मॉडल का अवलोकन किया जा रहा है. जल्द ही राज्य में बेकन फैक्ट्री को फिर से शुरू करने जा रहे हैं.

### दूध पर 3 रुपये प्रति किलो की दर से दी जा रही है अतिरिक्त सब्सिडी

विभाग की ओर से किसानों को सशक्त बनाने के लिए दूध पर 3 रुपये प्रति किलो की दर से अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है. इससे कई महिलाओं के खाते में बड़ी रकम दुर्गापूजा के दौरान विभाग द्वारा भेजी गई है. वहीं सरकार पशु शेड निर्माण और गो पालन हेतु 75 और 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराने जा रही है. राज्य की जीडीपी में कृषि का योगदान 20 प्रतिशत हो इसके लिये हम प्रयासरत हैं. वीडियो के माध्यम से भी बादल ने खूंटी और रामगढ़ में लाभुकों के बीच पशु का वितरण किया.

### पशुधन योजना से राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था हो रही सशक्त : रंजन

राज्य गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुधन योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था सशक्त होती जा रही है. बंद और सुस्त पड़े फॉर्म को जीवित करने का प्रयास इस बात की गवाही है कि विभाग पूरी निष्ठा के साथ दायित्व निभा रहा है.

## रांची के प्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ. सुधीर रंजन को पितृशोक



**रांची।** रांची के प्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ. सुधीर रंजन के पिता जयनारायण प्रसाद का गुरुवार की रात निधन हो गया. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे. पिछले 10 दिनों से उनकी तबीयत गंभीर बनी हुई थी. उन्होंने रात में करीब एक बजे अंतिम सांस ली. प्रसाद के बड़े पुत्र डॉ. राजीव रंजन ने शुक्रवार को हरमू मुक्तिधाम में मुखाग्नि दी. प्रसाद अपने पीछे दो पुत्र के अलावा तीन पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनकी अंतिम यात्रा में रांची के गणमान्य लोगों के अलावा कई प्रसिद्ध चिकित्सक, उनके रिश्तेदार और आमजन शामिल थे.

# बायोस्कोप



(18 दिसंबर को रिलीज हुई थी मेरा नाम जोकर)

# दुनिया भर के कलाकारों को राजकपूर का एक ट्रिब्यूट मेरा नाम जोकर

हस्ताक्षर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

किसी भी सिनेमा की उम्र बाक्स आफिस की सफलता से नहीं आंकी जा सकती वह एक ही चीज से आंकी जाती है, इमोशन. कोई फिल्म हमारे इमोशन को किस हद तक कुरेद कर अंदर तक पेवश्त हो सकती है, उसी पर उसकी कालजियता निर्भर करती है. 1970 आनंद, आन मिलो सजना, सच्चा झूठा जैसी फिल्मों के साथ राजेश खन्ना का था, यह वह समय था जब मिट्टी भी उनके छू भर देने से सोना हो जाया करती थी. देव आनंद की 'जानी मेरा नाम' साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म थी. मनोज कुमार की 'पूरब और पश्चिम' अपने चिर परिचित राष्ट्रवाद के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही थी, जुबली कुमार माने जाने वाले राजेन्द्र कुमार की 'गंवार' भी उस समय बाक्स आफिस पर दर्शकों की भीड़ जुटाने में सफल थी. लेकिन 1970 की कोई फिल्म आज, या कहें आज के 100 साल बाद भी हिंदी सिनेमा के इतिहास में याद की जाती रहेगी, तो वह होगी- 'मेरा नाम जोकर'. राज कपूर की 'मेरा नाम जोकर', जिसे रिलीज के पहले ही हफ्ते में फ्लाप करार दे दिया गया था.

## हरेक संवाद में, हरेक गीत में राजकपूर की मौजूदगी

'मेरा नाम जोकर' राजकपूर की बायोपिक नहीं थी, लेकिन बायोपिक से कहीं बढ कर थी. इसके हरेक शाट में, हरेक संवाद में, हरेक गीत में कहीं न कहीं राजकपूर उपस्थित दिखते थे. 'जाने कहां गए वो दिन' जैसे गीत हों या 'आदमी में दिल होता है, दिल में आदमी' जैसे संवादों में लगता राजकपूर स्वयं ध्वनित हो रहे. आश्चर्य नहीं कि अपने जन्मदिन 14 दिसंबर से 4 दिन बाद की तारीख उन्होंने मेरा नाम जोकर के रिलीज के लिए चुनी, 18 दिसंबर. इस फिल्म का आधार 1965 में राजकपूर वैजयंतीमाला के साथ बन रही फिल्म 'बहुरुपिया' में देखा जा सकता है. इस फिल्म के कुछ गाने रिकार्ड भी हुए, और शूट भी हुए, लेकिन फिल्म पूरी नहीं हो सकी. राजकपूर ने जोकर की उस संक्षिप्त सी कहानी को लेखक ख्वाजा अहमद अब्बास के साथ मिल कर मानवीय स्वभाव और भावनाओं की महागाथा के रुप में रच दिया. ज्यों-ज्यों इसकी कहानी आकार लेते जा रही थी, राजकपूर इस फिल्म से एकाकार हुए जा रहे थे, फिल्म बडी और बडी होती जा रही थी, यहां तक कि फाइनेंसरों ने हाथ खींच लिए, लेकिन राजकपूर किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं थे. इस फिल्म को पूरा करने में राजकपूर ने अपनी सारी संपत्ति गिरवी रख दी. आश्चर्य नहीं कि आज 'मेरा नाम जोकर' में किसी भी स्तर पर कोई भी कमी ढूंढ पाना आसान नहीं.

## 4 घंटे 43 मिनट की थी मूल जोकर फिल्म

इसके पहले 1964 में आयी संगम दो इंटरवल के साथ आने वाली पहली हिंदी फिल्म थी, मेरा नाम जोकर उससे भी लंबी थी, 4 घंटे 43 मिनट की. लेकिन दो ही हप्ते में वितरकों और सिनेमा मालिकों के दवाब पर इसे 4 घंटे 9 मिनट की बनायी गई. बाद में यह फिल्म 3 घंटे के भी संस्करण में आयी. लेकिन मूल फिल्म जिस तरह किसी महागाथा के रूप जीवन के हरेक पल को व्याख्यायित करती है, वह विल्क्ष्ण आस्वाद संक्षिप्त संस्करण में संभव ही नहीं. कहानी कहने को किसी राजू की है, जिसके जीवन की महात्वाकांक्षा सबको खुश रखने की है, हंसाने की है, जोकर बनने की है. लेकिन एक ईमानदार व्यक्ति की यह छोटी सी इच्छा कितनी बड़ी लगने लगती है, कथा तो यही है, लेकिन राजू के जीवन में आए छोटे छोटे पलों के इमोशन इसे महागाथा का रूप देती है, जहां जीवन पर ठहर कर संवेदना से विचार करने की एक समझ मिलती है. यह एक ऐसी गाथा है, जिसे देखते हुए आप हंसते हैं, लेकिन आपका मन रोता है.

वास्तव में 'मेरा नाम जोकर' को दुनिया भर के कलाकारों को राजकपूर के एक ट्रिब्यूट के रुप में देखा जाना चाहिए, जिसमें राजकपूर खुद भी शामिल रहे हैं. राजू जब कहता है 'दिल बडा होना, बडी खतरनाक बात है', तो शायद वह सभी कलाकारों को संबोधित होता है, जिनका मूलमंत्र है..शो मस्ट गो आन.

# जो फिसली जुबां तो...

**बॉलीवुड सेलेब्स के कुछ बयान ने भी इस साल खूब बवाल काटे. ऐसे ही दो खास बयान थे आलिया और दीपिका के. एक नजर इन पर भी**



### आलिया की लिपस्टिक

आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि रणबीर कपूर को उनका लिपस्टिक लगाना नहीं पसंद है. अगर वो लगा भी लेती हैं तो रणबीर उसे हटवा देते हैं. बस आलिया के इसी कमेंट पर काफी हंगामा हुआ था. लोगों ने रणबीर कपूर को काफी ट्रोल किया था और उन्हें रेड फ्लैग, टॉक्सिक जैसे टैग दिए थे.

### चीटर दीपिका!

कॉफी विद करण 8 के पहले एपिसोड में साथ आए रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी खुलासे किए थे. शो में दीपिका ने कहा था कि रणवीर सिंह के साथ होते हुए भी वो कई लड़कों से मिलती थीं इसके बाद लोगों ने दीपिका को काफी ट्रोल किया था और उन पर चिटर जैसा इल्जाम लगाया था.



# जो है नाम वाला, वही तो बदनाम है...

**गुजरता साल बॉलीवुड के लिए बेहद खास रहा. कोरोना और बाईकॉट ट्रेंड झेल चुकी इंडस्ट्री को इस साल कई ऐसी फिल्में मिलीं जिनसे टिकट काउंटर पर रौनक रही. दूसरे शब्दों में कहें तो वर्ष 2023 ने बॉलीवुड में जान फूंक दी. वहीं इस साल कई फिल्में ऐसी आईं जो किसी न किसी वजह से विवाद में फंसी रहीं. ऐसी फिल्मों में से कुछ जबरदस्त तरीके से हिट भी रहीं. आइए, आज ऐसी ही पांच फिल्मों की करें चर्चा...**

### एनिमल




इस फिल्म को लेकर विवाद सड़क से संसद नजर आया. फिल्म में रणबीर कपूर को काफी हिंसक दिखाया गया है. एनिमल में मेरिटल रेप औऱ एक्ट्रा मैरिटल अफेयर जैसी चीजों को जमकर दिखाया गया है. बोल्ड सीन्स की भी भरमार है. एक्शन औऱ हिंसा सीन पर भी जमकर सावल उठ रहे हैं. फिल्म में बताई गई अल्फा मेल की ये थ्योरी भी लोगों को पसंद नहीं आ रही है. बावजूद इसके फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चांदी काट रही.



### आदिपुरुष

आदिपुरुष फिल्म आदिपुरुष का जब ट्रेलर आया था तो लोग भड़क गए थे. इस ट्रेलर में रावण से लेकर सीता और हनुमान तक के लुक्स को लेकर विवाद हुआ था. राम बने प्रभास से लोगों को काफी उम्मीदें थीं लेकिन 600 करोड़ में बनी इस फिल्म ने राम भक्तों को खासा निराश किया. न तो फिल्म में प्रभास भगवान राम की तरह सौम्य नजर आए. न डायलॉग्स में वो मर्यादा रही जो भगवान राम औऱ हनुमान के नाम पर होनी चाहिए जिसके चलते फिल्म विवादों में घिरी रही. चलती फिल्म में इसके डायलॉग को बदलना पड़ा.

### पठान




पठान फिल्म का एक गाना बेशर्म रंग रिलीज के समय से ही विवादों में घिरा रहा. दरअसल बेरशम रंग में दीपिका ने भगवा रंग की बिकिनी पहन कर बेहद बोल्ड अंदाज में नजर आई थी. इसपर जमकर विवाद हुआ और कई सारे पोस्ट जलाए गए, नारे लगे. बंपर विरोध के बाद भी फिल्म सुपरहिट रही और जमकर कमाई की थी.



### द केरल स्टोरी

सुदीप्तो सेन और विपुल शाह की फिल्म द केरल स्टोरी साल के बीच में आई थी और फिल्म के टीजर, पोस्टर और ट्रेलर से शुरू हुआ विवाद फिल्म के रिलीज होने तक चलता रहा. कई सारे लोगों ने इसे समुदाय विशेष के लिए महज एक प्रोपोगेंडा बताया. साथ ही कई राजनेतिक पार्टी ने इसका जमकर विरोध किया औऱ मुस्लिम संस्था जमीयत उलमा-ए-हिंद ने फिल्म की कहानी को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए और सीबीएफसी से फिल्म को रद्द करने कमाग की थी, हालांकि इतने विवादों के बीच भी फिल्म पर्दे पर आई औऱ जब आई तो इसने जमकर पैसे बटोरे और इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई.



### ओएमजी 2

फिल्म ओएमजी के सिक्वल का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था. लेकिन सेक्स एजुकेशन पर बनी ओएमजी 2 फिल्म का टॉपिक विवादों में रहा. फिल्म के कुछ सीन पर जमकर विवाद हुआ था और हाकाल मंदर के पुजारी ने फिल्म के निमार्ताओं को लीगल नोटिस भेजा था और इसके कुछ सीन काटने तक पड़े थे, हाालंकि इन सबके बाद भी फिल्म ने 200 करोड़ तक पैसे कमा लिए थे.

# दुनिया का सबसे गरीब शख्स शाहरुख !

**इन दिनों हिंदू देवी-देवताओं के आशीष पाने के लिए मंदिरों में भटक रहे शाहरुख खान बुरी तरह से ट्रोल के शिकार हो रहे हैं. दरअसल एक वायरल वीडियो में साईं बाबा के मंदिर पर सजदा करते शाहरूख को देखकर मुस्लिम समुदाय भड़का हुआ है. कमेंट्स के जरिए एक्टर को जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं.**



### क्या है मामला

पहले वैष्णो देवी और फिर मुंबई के शिरडी मंदिर में गए शाहरूख खान का वीडियो इंटरनेट पर वायरल है. वहीडियो में शाहरुख खान पहले हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं और फिर सिर को झुकाते हुए सीधे अपने माथे को मंदिर पर लगा देते हैं. उनका यह अंदाज देख कर एक ने लिखा- "मैं होता तो मंदिर में जाके नमाज पढ़ता." एक ने लिखा, "सजदा सिर्फ अल्लाह के लिए है." एक अन्य ने कमेंट किया, "हर एक धर्म को इज्जत देनी चाहिए....लेकिन अल्लाह के अलावा किसी के सामने ये सर झुकना नहीं चाहिए. मंदिर में सिर झुकाने के कारण एक यूजर्स ने उन्हें दुनिया का सबसे गरीब शख्स करार दिया, वहीं एक अन्य ने लिखा- "अगर आपको अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने की अनुमति नहीं है तो लालत है. क्या फ़ायदा इतना स्टेटस का. शर्म की बात है." एक का कहना है, "अस्तागफिरुल्लाह, दुनिया की इज्जत की खातिर शिर्क कर लिया छी."

### नो कमेंट

शाहरुख खान के तरफ से किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं आ रहा है. वायरल वीडियो में उनके साथ सुहाना खान और उनकी मैनजर पूजा डडलानी भी नजर आ रही हैं. मंदिर दर्शन के लिए सुहाना ने हरे रंग का सूट और मैचिंग दुपट्टा पहना था. पूजा ने बेज रंग का आउटफिट चुना. शाहरुख उनके पीछे-पीछे मंदिर परिसर के अंदर चले गए. वह सफेद टी-शर्ट, डेनिम और जैकेट में नजर आए. एक्टर ने टोपी और चश्मा भी पहना था.

# इन रिश्तों पर उठा सवाल

**इस साल बॉलीवुड के दो कपल के रिश्तों पर भी खूब सवाल, खूब तांक-झांक हुए. इनमें एक ऐश्वर्या-अभिषेक का रिश्ता था तो दूसरा मलाइका-अर्जुन का रिश्ता**



### अभि की नहीं रही ऐश!

मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी हो या नीता अंबानी के गणपति उत्सव, या अंबानी परिवार के एनएनएसीसी इवेंट, या एक नवंबर को ऐश्वर्या राय का जन्मदिन या फिर 16 नवंबर को आराध्या का बर्थडे...ऐश्वर्या हर जगह अपनी बेटी के साथ अकेली नजर आई. बिग बी फैमिली से अलग. इसी बीच बिग बी की तरफ से अपनी बेटी श्वेता नंदा को बतौर गिफ्ट एक बड़ी प्रॉपर्टी दे देना. ऐसे में इस खबर को खूब हवा लगी कि ऐश्वर्या और अभिषेक का तलाक हो रहा है. जब एक इवेंट में पहुंची ऐश्वर्या की उंगली से वेडिंग रिंग मिसिंग दिखी. तब लोगों ने मानों खबर की पुष्टि ही कर दी कि अब ये कपल जल्द ही तलाक ले लेगा. हालांकि बच्चन फैमिली को लेकर सामने आ रही ये अफवाहें तब खारिज हो गई, जब ऐश्वर्या राय पूरे बच्चन परिवार के साथ अगस्त्य नंदा की फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में पहुंची. जहां सभी ने एकसाथ पैपराजी को कई सारे पोज भी दिए.



### अर्जुन की लाइफ में नहीं मलाइका

अर्जुन और मलाइका के ब्रेकअप की खबर भी इस पूरे साल मीडिया में नजर आई. खबर यह भी आई कि अर्जुन अब एक्टर कुशा कपिला को डेट कर रहे हैं.

दरअसल लंबे समय से दोनों को साथ नहीं देखा गया था. साथ ही सोशल मीडिया पर मलाइका ने पूरे साल कई ऐसे स्टेटमेंट ( जैसे बदलाव ही प्रकृति का नियम है ) डाले जिससे इस खबर को हवा लगी. वहीं अर्जुन के परिवार के लोगों को सोशल मीडिया पर मलाइका का अनफॉलो करना भी इसकी वजह बना.

बता दें कि अर्जुन को डेट करने और उनके साथ लिव-इन रिश्ते में आने से पहले मलाइका की शादी 1998 में अभिनेता-निर्देशक अरबाज खान से हुई थी. मई 2017 में दोनों का तलाक हो गया.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## वाराणसी में सभा के स्थगन का मामला गरमाया, भाजपा-जदयू आमने-सामने

# काशी की सभा में सीएम नीतीश खोलते प्रधानमंत्री की पोल

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वाराणसी में प्रस्तावित जनसभा के स्थगन ने सियासी रंग ले लिया है. आरोप-प्रत्यारोप के महाभारत को पब्लिक चटकारे लेकर देख-सुन रही है. सभा 24 दिसंबर को वाराणसी के रोहनिया में होने वाली थी. जदयू और भाजपा आमने-सामने है और इंडिया व एनडीए के घटक दल किनारे खड़ा हो तमाशा देख रहे हैं न कोई भाजपा के पक्ष में बोल रहा है और न कोई जदयू का पक्ष ले रहा है..

इस संबंध में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि चूंकि नीतीश की सभा में दो हजार की भीड़ भी नहीं जुटती इसलिये जदयू ने सभा रद्द कर दिया. इधर, बिहार के मंत्री और जदयू के यूपी प्रभारी श्रवण कुमार ने शुक्रवार को आरोप किया कि यूपी की भाजपा सरकार ने जानबूझ कर रैली रद्द करने की साजिश रची. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अगर जनसभा करने के लिए कॉलेज परिसर में जगह दी गई तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी. कॉलेज भवन पर बुलडोजर चला दिया जाएगा. सीएम नीतीश की वाराणसी रैली को रद्द कराने के लिए यह पूरा षड्यंत्र उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा रचा गया. इसके लिए रोहनिया की इंटर कॉलेज के कॉलेज प्रशासन पर दबाव बनाया गया. उन्होंने कहा कि जब हमने जनसभा करने के लिए कॉलेज प्रशासन से अनुमति मांगी तो 5 दिनों तक प्रबंधन ने हम लोगों को कहा कि हम जनसभा कर सकते हैं. लेकिन छठे दिन हमारे प्रतिनिधियों को कहा गया कि हम पर दबाव है. हमारे कॉलेज की मान्यता रद्द करने की धमकी दी जा रही है. हमारे कॉलेज पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी गई है. इस हालत में आपको जनसभा करने के लिए यहां अनुमति देना संभव नहीं है.

उन्होंने कहा कि इस बात की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को देने के बाद इसके बाद कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय किया गया. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए यूपी प्रभारी श्रवण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं. उन्हें डर है कि अगर सीएम नीतीश उनके संसदीय क्षेत्र में जनसभा करेंगे तो पीएम मोदी के झूठ का पोल खुल जाएगा. उन्होंने कहा कि इस देश में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं. उन्होंने साल में लोगों को दो करोड़ नौकरी देने के वादा किया था लेकिन नौकरी नहीं मिली. नीतीश कुमार ने एक महीने में ही लाखों लोगों को शिक्षक की नौकरी दी. इसमें बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के लोग रहे. ऐसे में भाजपा और पीएम मोदी को डर है कि नीतीश कुमार वाराणसी जाएंगे तो उनकी सच्चाई उजागर होगी और लोकसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान होगा. इसलिए कॉलेज प्रबंधन को धमकी दी गई कि आपके परिसर पर बुलडोजर चला दिया जाएगा.

आखिर वाराणसी में सीएम नीतीश कब रैली करेंगे के सवाल पर श्रवण ने कहा कि जदयू की ओर से वाराणसी में जनसंपर्क किया जा रहा है. लोगों से मिलकर उन्हें केंद्र सरकार की सच्चाई बताई जा रही है. अगले महीने सीएम नीतीश की रैली वाराणसी में हो सकती है. इसके लिए जगह की तलाश की जा रही है.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- कांग्रेस के बांकीपुर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे? – आरएन मुथोलकर
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में 4200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी ? – उत्तराखंड
- स्टेलनेस स्टील किसका मिश्रित धातु है? – क्रोमियम और आयरन
- ग्रीक राजदूत डेमोचेट्स किसके काल में रहा था ? – बिंदुसार
- भारत छोड़ो आंदोलन के समय बिहार के किस जिले को अपराधी जिला घोषित किया गया था ? – सारण
- इजराइल ने हमास के खिलाफ लड़ाई को क्या कोड का नाम दिया ? – ऑपरेशन आयरन स्वोर्ड
- सीसा पेन्सिल के निर्माण में किसका प्रयोग किया जाता है ? – ग्रेफाइट
- किन वंश के शासकों ने सीरिया के साथ राजनीतिक संबंध बनाए थे? – मौर्य

## ब्रीफ खबरें

### सिवान में थाना प्रभारी के खिलाफ वारंट जारी

**सीवान।** सिवान में कोर्ट ने थाना प्रभारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि जिले के सराय ओपी थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह के खिलाफ उस वक्त गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया, जब कोर्ट द्वारा पिछले कई माह से उनसे एक केस में बार-बार केस डायरी की डिमांड की जा रही थी, लेकिन वह न तो डायरी प्रस्तुत कर रहे थे और न ही न्यायालय में हाजिर हो रहे थे. कोर्ट की बात नहीं सुनने पर बाध्य होकर कोर्ट ने सिवान एसपी शैलेश कुमार सिन्हा को आदेश दिया है.

### पटना के एक होटल में मिली लाश

**पटना।** राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्टेशन के पास स्थित एक होटल में झारखंड के युवक ने आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि युवक देवघर से आया था और उसे दिल्ली जाना था. इसी क्रम में वह पटना जंक्शन के पास स्थित एक होटल में रुका था. मौके पर कोतवाली थाने की पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है. वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया. मृतक युवक की पहचान झारखंड के देवघर निवासी 23 वर्षीय बासुकीनाथ शर्मा के रूप में हुई है. पुलिस ने युवक होटल के कमरे से एक बैग और एक मोबाइल बरामद किया है.

## नालंदा के बेलधना गौढ़ापुर गांव के पास हुआ हादसा

# ट्रैक्टर के पलटने से चालक समेत 3 मरे

**संवाददाता।पटना**

नालंदा जिले के चंडी थाना इलाके के बेलधना गौढ़ापर गांव के समीप शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई. जिससे दबकर चालक समेत की तीन मौके पर ही मौत हो गई. चंडी थाना इलाके के सलेहपुर मोड़ के पास ट्रैक्टर सड़क किनारे करीब 15 फीट गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलट गयी. ट्रैक्टर पर ईंट लदा हुआ था. चालक तेज रफ्तार में जा रहा था. ट्रैक्टर के पलटने से इसमें दबकर तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई.

मृतकों में चालक मानपुर थाना क्षेत्र के पेढ़का निवासी रामाधीन यादव का 32 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार है. जबकि दो अन्य की पहचान नहीं हो सकी है. परिजनों ने बताया जाता है कि मानपुर से ईंट लोडकर पटना बेचने जा रहा था. इसी बीच सरमेरा बिहटा पथ गौढ़ापर गांव के समीप दूसरे वाहन के चकमा देने पर अनियंत्रित होकर 20 फीट गड्ढे में पलट गई. सुबह जब ग्रामीणों की नजर ट्रैक्टर पर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे तीनों युवकों के शव को बाहर निकाला.

प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार साह ने बताया कि एक युवक की पहचान अभी हो पाई है. तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है.



### बारात में फायरिंग, बैंक मैनेजर की मौत

**पटना।** बिहार में हर कार्यक्रम चाहे वो शादी हो या पार्टी लोग हर्ष फायरिंग करते हैं. इसको लेकर कड़े कानून का भी प्रावधान है. फिर भी लोग कानून का उल्लंघन करते हैं. ताजा मामला पटना का है, जहां मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नौबतपुर से जहानाबाद के काको बारात गये लोगों ने हर्ष फायरिंग की. इस हर्ष फायरिंग दिल्ली से आये बैंक मैनेजर की मौत हो गयी. इसके बाद आरोपियों ने उसके शव को गाड़ी में रखा और मसौढ़ी तक ले गये. फिर ड्राइविंग सीट पर शव को रखकर भाग गये. युवक की पहचान अमित कुमार (26) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, अमित कुमार दिल्ली स्थित कनाट प्लेस के किसी निजी बैंक में मैनेजर के पद पर तैनात थे. लेकिन वो मूल रूप से मोकामा स्टेशन रोड निवासी प्रभु लाल भगत के बेटे थे. अमित अपने दोस्त शुभम की शादी में शामिल होने के लिए नौबतपुर आये थे.

### त्रिपुरारी शरण होंगे राज्य के छठे मुख्य सूचना आयुक्त

**पटना।** पूर्व मुख्य सचिव त्रिपुरारी शरण छठे मुख्य सूचना आयुक्त होंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा के साथ बैठक कर यह फैसला लिया है. त्रिपुरारी शरण आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त बनने वाले पांचवें रिटायर आईएएस होंगे. ऐसे अभी त्रिपुरारी शरण बिहार के सूचना आयोग में आयुक्त हैं. त्रिपुरारी शरण के अलावा बिहार सूचना आयोग में अभी पीपी चौधरी भी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं. बिहार में 2005 में सूचना आयोग का गठन किया गया था, इसमें एक मुख्य सूचना आयुक्त और तीन आयुक्त होते हैं. रिटायर न्यायमूर्ति शशांक कुमार सिंह बिहार के पहले मुख्य सूचना आयुक्त थे. न्यायमूर्ति शशांक को 2006 में मुख्य सूचना आयुक्त बनाया गया था. उसके बाद लगातार चार रिटायर आईएएस अधिकारियों को मुख्य सूचना आयुक्त बनाया गया, जिसमें अशोक कुमार चौधरी, आरजेएम पिल्लई, अशोक कुमार सिन्हा और एन के सिन्हा बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त बने. अब त्रिपुरारी शरण मुख्य सूचना आयुक्त होंगे.

- त्रिपुरारी शरण के अलावा बिहार सूचना आयोग में अभी पीपी चौधरी भी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं

# धर्मगुरु दलाई लामा बोधगया पहुंचे

**संवाददाता।पटना**

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा शुक्रवार को स्पेशल फ्लाइट से बोधगया पहुंचे हैं. सड़क मार्ग से गुजरते समय बड़ी संख्या में लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया. बोधगया के तिब्बती मंदिर में दलाई लामा करीब एक माह का प्रवास करेंगे. इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. धर्मगुरु दलाई लामा के बोधगया आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं. गया एयरपोर्ट से लेकर बोधगया तक चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है. बौद्ध गुरु दलाई लामा का प्रवचन सुनने के लिए दर्जनों देशों के लोग बोधगया पहुंचे हैं. दलाई लामा 20 दिसंबर को महाबोधि संस्कृति केंद्र में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें 30 देशों के हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. दलाई लामा का टीचिंग कार्यक्रम भी होगा. बोधगया के कालचक्र मैदान में 29, 30 और 31 दिसंबर को यह कार्यक्रम होगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे. इसे लेकर कालचक्र मैदान की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है.



## सीएम ने 'हर घर गंगाजल योजना' का किया लोकार्पण

# 13,965 घरों में पहुंचेगा शुद्ध पेयजल

**पटना।** जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सीएम नीतीश ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के दूसरे चरण की शुरूआत की. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में हर घर गंगाजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया, जिसको लेकर पूरी तैयारियां की गई थी. बता दें कि नवादा शहर के 17 वार्डों के 13,965 घरों में शुद्ध गंगाजल की पेयजल के रूप में आपूर्ति शुक्रवार से शुरू हो गई. इसको लेकर जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक, पहली और अतिमहत्वाकांक्षी गंगाजल आपूर्ति योजना के पहले चरण के कार्यों को पिछले वर्ष रिकार्ड समय में पूरा किया गया था. पहले चरण के लोकार्पण के दौरान उन्होंने वर्ष 2023 के अंत तक नवादा शहर में भी गंगा जल की आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिये थे.



### सौ बोतल कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**अररिया।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने कोडिनयुक्त प्रतिबंधित सौ बोतल कफ सिरप के साथ दो सौदागरों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर फारबिसगंज के अंसारी चौक पर यह कार्रवाई की. पुलिस को यह सूचना मिली थी कि अंसारी चौक पर प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप का काम अवैध रूप से चलाया जाता है. सूचना के सत्यापन के तहत पुलिस ने छापेमारी की. पुलिस ने मामले में हरिपुर वार्ड संख्या आठ का रहने वाला 29 वर्षीय मो.नुरुल्ला और रामपुर दक्षिण वार्ड संख्या तीन का रहने वाला 21 वर्षीय मो समीर पिता मो. जमील को गिरफ्तार किया.

## कारोबार

### 575 करोड़ में लुमेन जीआर का किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड ने करीब 575 करोड़ रुपये में ऑस्ट्रेलिया के लुमेन ग्रुप और स्विट्जरलैंड के डेल्टाकार्ब एसए का अधिग्रहण करने की घोषणा की. संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड (एसएएमआईएल) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने उसके पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा संवर्धन मदरसन ऑटोमोटिव सिस्टम ग्रुप बीवी को लुमेन ग्रुप और डेल्टाकार्ब एसए का अधिग्रहण करने की अनुमति दे दी.

### व्यापार विवाद के फैसले के खिलाफ की अपील

**नयी दिल्ली।** भारत ने यूरोपीय संघ की ओर से दायर एक मामले में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की व्यापार विवाद निपटान समिति के फैसले के खिलाफ अपील की है. यूरोपीय संघ ने कुछ सूचना एवं प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत के आयात शुल्क के खिलाफ मामला दायर किया था. समिति ने अप्रैल में फैसला सुनाया था कि कुछ सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईसीटी) उत्पादों पर भारत द्वारा लगाया गया आयात शुल्क वैश्विक व्यापार मानदंडों का उल्लंघन है.

### भारत का निर्यात घटकर 33.9 अरब डॉलर हुआ

**नयी दिल्ली।** भारत का निर्यात इस साल नवंबर में 2.83 प्रतिशत घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो एक साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर था. शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई. आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में आयात भी घटकर 54.48 अरब डॉलर रह गया, जबकि नवंबर 2022 में यह 56.95 अरब डॉलर था. देश का व्यापार घाटा नवंबर में 20.58 अरब डॉलर रहा. चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 6.51 प्रतिशत घटकर 278.8 अरब डॉलर रहा. वहीं इस अवधि में आयात 8.67 प्रतिशत गिरकर 445.15 अरब डॉलर रहा.

## एनसीएलटी ने आरसी की कुछ संपत्तियों की बिक्री की अनुमति दी

# रिलायंस कम्युनिकेशन की ट्रेडिंग बंद

**भाषा ।नयी दिल्ली**

कारोबार की दुनिया में यह जरुरी नहीं की विरासत में मिली इंडस्ट्री की तरक्की ही हो. समय और रणनीति अगर साथ न दे तो उद्योग का पतन होते देर नहीं लगती है. कुछ ऐसी ही स्थिति इन दिनों मुकेश अंबानी के भाई अनिल अंबानी के साथ हो रही है. दोनों ही भाई को कंपनी विरासत में मिली थी. दोनों ने ही कारोबार शुरू किया था. इसमें मुकेश की कंपनी दिन दूनी रात चौगुनी होती गई, वहीं अनिल की डूबती गई. दरअसल अनिल अंबानी को एक और झटका लगा है. उनकी एक और कंपनी की ट्रेडिंग बंद हो गई है. हाल ही में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने इसकी कुछ संपत्तियों की बिक्री की अनुमति दी है. यह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन (आरसी) है. रिलायंस कम्युनिकेशन एक समय शेयर बाजार की शान हुआ करती थी. कभी 700 रुपये के स्तर के ऊपर चल रहा रिलायंस कम्युनिकेशन के शेयर की अब ट्रेडिंग बंद है. साल 2007 में आरकॉम के शेयर 785 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे. अब पिछले कुछ समय से रिलायंस कम्युनिकेशन का शेयर की ट्रेडिंग 2.49 रुपये के भाव पर बंद हैं. ऐसे में देखा जाय तो रिलायंस कम्युनिकेशन के शेयर 99 फीसदी से ज्यादा गिर चुके हैं.

अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशन के दिन मुकेश अंबानी के रिलायंस जियो की लॉन्चिंग के बाद बदल गए. मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो साल 2016 में लॉन्च हुई थी. यहीं से कंपनी की हालत खराब होना शुरू हो गई. यह कंपनी प्राइस और डेटा वॉर की जंग में पिछड़ती चली गई. कंपनी पर अनिल अंबानी की आर्थिक कमजोरी का भी असर पड़ा. कंपनी बैंकों के कर्ज को डिफॉल्ट करने लगी और दिवालिया प्रक्रिया में चली गई. कंपनी के यूजर्स में तेज गिरावट आई. कंपनी पूरी तरह से डूब गई. कंपनी बैंकों के कर्ज को डिफॉल्ट करने लगी और दिवालिया प्रक्रिया में चली गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिलायंस कम्युनिकेशन की बिक्री संपत्तियों में चेन्नई का ऑफिस शामिल है. इसके अलावा कंपनी का पुणे में 871 वर्ग मीटर में फैले भुवनेश्वर स्थित ऑफिस को भी बेचा जाएगा. कैंपियन प्रॉपर्टीज के शेयर में निवेश और रिलायंस रियलटी के शेयरों में निवेश को भी बेचा जाएगा. बताया जाता है कि आरकॉम के शेयर में निवेश करने वालों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है. आरकॉम का शेयर जून 2006 से चढ़ना शुरु हुआ था. उस समय यह 225 रुपये पर था. दिसंबर 2006 तक यह शेयर 471 रुपये पर पहुंच गया था. अक्टूबर 2007 में यह शेयर 786 रुपये पर पहुंचा था. इसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरु हुई और फरवरी 2009 में यह 160 रुपये पर आ गया था. यहां से फिर शेयर में तेजी आई और मई 2009 में 306 रुपये पर पहुंच गया था. इसके बाद इस शेयर में उतार-चढ़ान चलता रहा.



### कंपनी डूबी

- रिलायंस जियो साल 2016 में लॉन्च हुई थी
- आरसी का शेयर 700 रुपये के ऊपर गया था

### 2007 में अनिल के पास 45 अरब डॉलर की संपत्ति थी

फोर्ब्स की सूची के मुताबिक 2007 में अनिल अंबानी के पास 45 अरब डॉलर की संपत्ति थी. उनकी सबसे बड़ी संपत्ति रिलायंस कम्युनिकेशंस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी थी. बड़े भाई मुकेश का नेटवर्थ 49 अरब डॉलर था. लेकिन, 2018 आते-आते दोनों की संपत्ति में बड़ा अंतर आ चुका था. सबसे अमीर भारतीयों की सूची में मुकेश अंबानी 47 अरब डॉलर के साथ टॉप पर थे तो अनिल अंबानी 2.44 अरब डॉलर के साथ 66वें स्थान तक फिसल गए. वहीं समूह की कंपनियों में भी यही ट्रेंड दिखा।.ब्लूमबर्ग के मुताबिक, बंटवारे के बाद 10 साल में मुकेश की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कंपाउंड ऐनुअल ग्रोथ रेट 11.2% (सेल्स), 9.4% (प्रॉफिट) और 17.8 फीसदी (रिटर्न) है, जबकि अनिल के समूह के लिए यही दरें क्रमशः 9.4%, -12.6% और -1.7% है.

## आखिरी माह में शेयर बाजार बना रहा रिकॉर्ड

# सेंसेक्स ने 458 अंक लगायी छलांग, निफ्टी 21000 के पार

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार साल के आखिरी महीने में लगातार इतिहास रच रहा है. हर दिन सेंसेक्स और निफ्टी अपने ऑल टाइम हाई के लेवल को पार कर रहा है. सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भी भारतीय शेयर बाजार में निवेशक लिवाल नजर आ रहे हैं. सुबह 10 बजकर 12 मिनट मे सेंसेक्स 433.69 अंकों की बढ़त के साथ 70947.8 के लेवल पर पहुंच गया है. जबकि निफ्टी 136.5 अंक उछलकर 21319.2 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. हालांकि थोड़े देर के बाद ही सेंसेक्स 457.28 अंकों की वृद्धि के साथ 70971.4 के लेवल पर पहुंच गया. सेंसेक्स में आज के टॉप गेनर की लिस्ट में इंफोसिस, एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल है. वहीं नेस्ले, एक्सिस बैंक, आईटीसी, कोटक महिंद्रा और एचयूएल टॉप लूजर की श्रेणी में नजर आ रहे हैं. निफ्टी की बात करें तो इंफोसिस, एलटी माइंड ट्री, एचसीएल टेक, टीसीएस और हिंडाल्को के शेयर टॉप गेनर की लिस्ट में शामिल हैं. वहीं, एचडीएफसी लाइफ, नेस्ले, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एक्सिस बैंक और ब्रिटानिया टॉप लूजर की श्रेणी में कारोबार कर रहे हैं.



### एशियाई बाजारों में भी तेजी के साथ कारोबार

एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की फायदे में ट्रेड कर रहा है. अमेरिकी बाजार गुरुवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,570.07 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे.

## इजाफा लगातार चौथे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

# 2.84 बिलियन डॉलर बढ़ा, 606.85 बिलियन डॉलर रिजर्व

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

लगातार चौथे हफ्ते देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा देखने को मिला है. आरबीआई के डेटा के मुताबिक 8 दिसंबर 2023 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.84 बिलियन डॉलर के इजाफे के साथ 606.85 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है. विदेशी मुद्रा 600 बिलियन डॉलर के ऊपर बना हुआ है. बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार का डेटा जारी किया है. डेटा के अनुसार 8 दिसंबर तक विदेशी मुद्रा भंडार 606.85 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है जो इसके पहले हफ्ते में 604.04 बिलियन डॉलर रहा था. विदेशी करेंसी एसेट्स में भी बढ़ोतरी आई है और ये 3.08 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 536.69 बिलियन डॉलर रहा है. हालांकि आरबीआई के गोल्ड रिजर्व में इस हफ्ते गिरावट आई है.



आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 199 मिलियन डॉलर की कमी के साथ 47.13 बिलियन डॉलर रहा है. एसडीआर भी 63 मिलियन डॉलर की कमी के साथ 18.18 बिलियन डॉलर रहा है. जबकि इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में जमा रिजर्व 11 मिलियन डॉलर की कमी के साथ 4.84 बिलियन डॉलर रहा है. हाल ही में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहा है.

अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन डॉलर के लेवल तक जा पहुंचा था जिसके बाद इसमें बड़ी गिरावट आई और ये घटकर 525 बिलियन डॉलर तक आ गया था. पर अब विदेशी निवेशकों के निवेश में बढ़ोतरी के चलते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा आ सकता है. फेड रिजर्व के 2024 में ब्याज दरें घटाने के संकेत के बाद विदेशी निवेश और बढ़ने के आसार हैं.

### नवंबर महीने में इंपोर्ट में कमी कम हुआ व्यापार घाटा

**नयी दिल्ली।** नवंबर 2023 में इंपोर्ट में कमी के चलते व्यापार घाटे में कमी आई है और घटकर 20.58 बिलियन डॉलर रहा है. नवंबर 2023 में भारत का मर्केंडाइज एक्सपोर्ट 33.90 बिलियन रहा है जो कि नवंबर 2022 के मुकाबले कम है जब मर्केंडाइज एक्सपोर्ट 34.89 बिलियन डॉलर का रहा था. नवंबर 2023 में भारत ने 54.48 बिसियन डॉलर का मर्केंडाइज इंपोर्ट किया है जबकि नवंबर 2022 में 56.96 बिलियन डॉलर का इंपोर्ट किया था. इंपोर्ट में बीते साल के मुकाबले 4.3 फीसदी की कमी आई है. वाणिज्य मंत्रालय ने नवंबर महीने के लिए ट्रेड डेटा जारी किया है. इस डेटा के मुताबिक मर्केंडाइज और सर्विसेज दोनों को मिलाकर एक्सपोर्ट्स 1.23 फीसदी के उछाल के साथ 62.58 बिलियन डॉलर का रहा है जबकि नवंबर 2022 में 61.82 बिलियन डॉलर का भारत ने एक्सपोर्ट किया था. नवंबर 2023 में मर्केंडाइज और सर्विसेज दोनों को मिलाकर इंपोर्ट 67.88 बिलियन डॉलर रहा है जो नवंबर 2022 में 72.34 बिलियन डॉलर रहा था. मर्केंडाइज और सर्विसेज को मिलाकर नवंबर 2023 में ट्रेड घाटा 5.30 बिलियन डॉलर रहा है जो 2022 के समान महीने में 10.52 बिलियन डॉलर रहा था.

## दिल्ली हवाई अड्डे का मामला

# मई 2024 तक 'फुल बॉडी स्कैनर' लगाए जाने की उम्मीद

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

दिल्ली हवाई अड्डे पर मई 2024 तक 'फुल बॉडी स्कैनर' लगाए जाने की उम्मीद है. वहीं कंप्यूटर टोमोग्राफी एक्स-रे को भी अगले साल मई तक स्थापित किया जा सकता है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने कहा कि कुछ प्रावधान संबंधी मुद्दों के कारण, कुछ हवाई अड्डों पर 'फुल-बॉडी स्कैनर' और 'सीटीएक्स स्कैनर' स्थापित करने की समय सीमा बढ़ाई जा रही है. दोनों उपकरणों को 31 दिसंबर तक स्थापित किया जाना था. राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में हसन ने कहा कि कुछ प्रावधान संबंधी मुद्दे हैं. बीसीएएस स्कैनर की स्थापना पर हवाई अड्डा संचालकों के साथ चर्चा कर रहा है. उन्होंने कहा, हमें फुल बॉडी स्कैनर और एक्स-रे मशीन के मई तक स्थापित किए जाने की उम्मीद है. हसन ने कहा कि दोनों के अगले साल मई तक दिल्ली हवाई अड्डे पर स्थापित होने की उम्मीद है. बीसीएएस ने हवाई अड्डों पर कंप्यूटर टोमोग्राफी प्रौद्योगिकी से लैस स्कैनर लगाने की पिछले साल सिफारिश की थी. सीटीएक्स (कंप्यूटर टोमोग्राफी एक्स-रे) स्कैनर लगाए जाने के बाद यात्रियों को हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को अपने सामान से अलग नहीं निकालना पड़ेगा.

## ब्रीफ खबरें

### कांके से बांका का रहने वाला मानसिक रोगी लापता

**कांके।** सीआईपी में इलाज कराने आया मानसिक रोगी मनान अंसारी (70 वर्ष), 14 दिसम्बर को सीआईपी ओपीडी के समीप से लापता है. वह बांका बिहार अमरपुर थाना अंतर्गत ग्राम डुमरामाँ का निवासी है. इस संबंध में रोगी के परिजनों ने कांके थाना के दिये आवेदन में बताया कि वे लोग गुरुवार को अहले सुबह मनान का इलाज कराने सीआईपी आये थे. सीआईपी ओपीडी के समीप मरीज को छोड़कर चाय पीने बगल की दुकान दुकान पर चले गए.

### 17 वें रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**डकरा ।** डकरा ओल्ड डिस्पेंसरी भवन में कल शनिवार को सिविल सोसाइटी डकरा-खलारी द्वारा 17वां रक्तदान शिविर लगाया जाएगा.रांची सदर अस्पताल के डे-केयर सेंटर में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ लगाए जाने वाले इस शिविर में सदर अस्पताल रांची के ब्लडबैंक की टीम सहयोग करेगी.सोसाइटी के प्रवीण प्रसाद ने बताया कि शनिवार को लगभग 200 लोगों ने रक्तदान करने की सहमति दी है और यह अब तक क्षेत्र में सबसे बड़ा रक्तदान शिविर होगा.

### असहाय लोगों के बीच कबंल का वितरण किया

**सिल्ली/मुरी।** समाजसेवी श्याम सुंदर महतो ने शुक्रवार को नायक जोबला गांव में वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच 30 कंबल का वितरण किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि शीतलहरी को देखते हुए गरीब असहाय लोगों के बीच कमल का वितरण करना बहुत ही सौभाग्य की बात है वैसे लोग जो ठंड में उनके पास कमल ना रहने की वजह से ठंड के कारण उनकी मौत हो जाती है हम चाहेंगे कि अपने अपने क्षेत्र में जितने समाजसेवी है वह आगे बढ़कर गरीबों का सेवा करें.

### शिव मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण का शिलान्यास

**अनगड़ा ।** चिलदाग स्थित शिवमंदिर परिसर में डीएमएफटी मद से पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा. शुक्रवार को इसकी आधारशिला रखी गयी. जिला परिषद सदस्या अनुराधा मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा व प्रमुख दीपा उरांव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया. इस अवसर पर अनुराधा मुंडा ने कहा कि मंदिर परिसर आसपास के श्रद्धालुओं के लिए खास महत्व रखता है. यहां विभिन्न पर्व त्योहारो पर कार्यक्रम आयोजित होते हैं.

### कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**अनगड़ा ।** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर प्रखंड कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है. 17 दिसंबर रविवार को कांग्रेस पार्टी की एक अहम बैठक अनगड़ा में आयोजित की गयी है. जिसमें पार्टी के वरीय नेता कार्यकर्ताओं को चुनाव को लेकर कई जरूरी बातों की जानकारी देंगे. बैठक में पर्यवेक्षक बेलस तिर्की, ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा मुख्य रूप से शामिल हुए.

### सांसद प्रतिनिधि ने किया चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**बेड़ो।** जनजातियों के सामाजिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्प है. उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहीं. वे प्रखंड के महुंगांव सरना टोली गांव में सांसद मद से बनने वाली सरना स्थल में चबूतरा निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान कही. सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने गांव के पहान बुधवा पहान व महतो मार्टिन एक्का के साथ विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया.

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक का आयोजन

**मांडर।** मांडर प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अलताफ अहमद अंसारी की अध्यक्षता में किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अलताफ अहमद अंसारी ने कहा कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक ने बिगत 8 जुलाई से राजभवन के समक्ष बेमियादी धरना प्रदर्श किया जा रहा है. लेकिन एक 170 दिन बीत जाने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया .

पीएलएफआई के खिलाफ एनआईए में झारखंड समेत चार राज्यों में की छापेमारी

# एनआईए छापा : हथियार व गोला-बारूद संग दो गिरफ्तार

संवाददाता ।रांची



पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड समेत चार राज्यों में छापेमारी की. इस दौरान एनआईए ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया , साथ ही हथियार और गोला-बारूद बरामद किए. एनआईए ने शुक्रवार को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली गई. इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं.

**खास बातें**

- शुक्रवार को चार राज्यों के 23 स्थानों पर की गई तलाशी
- झारखंड के 19 ठिकानों की तलाशी ली गई

**रंगदारी और लेवी वसूली के मामले में हुई छापेमारी :** एनआईए ने शुक्रवार को जिन आरोपियों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआइ के कैडर और समर्थक थे. वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे. छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान बिहार के रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित और दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले के निवेश कुमार के रूप में हुई.

**उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम देने की थी साजिश**

एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है, कि पीएलएफआई के कैडर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाने में शामिल थे. वे सुरक्षा बलों पर हमले, हत्या, आगजनी सहित विभिन्न उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश भी रच रहे थे. समाज में आतंक पैदा करने के लिए विस्फोटक का उपयोग कर रहे थे. मामले की जांच से यह भी पता चला है कि झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और अन्य पीएलएफआई प्रभावित राज्यों में संगठन को पुनर्जीवित और विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा था.

सोनाहातू में तीसरे दिन क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ समापन

# 1000 छऊ नृत्य कलाकरों ने एक साथ दी नृत्य प्रस्तुति

संवाददाता।सोनाहातू



क्षेत्रीय गूंज महोत्सव सिल्ली स्टेडियम में शुरू होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के पूर्व शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के थाना मैदान में क्षेत्रिय गूंज महोत्सव का समापन किया गया. इस मौके पर विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का उद्देश्य लोगों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचने के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच देने और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना है.गूंज के सफर में एक नया अध्याय उनके मकसद को और व्यापक बनाएगी इस दौरान कला संस्कृति के कार्यक्रमों के साथ समाज कल्याण और गरीब के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. झारखंड की कला संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई इस महोत्सव में एक साथ 1000 कलाकारों ने छऊ नृत्य की अद्भुत पेशकश की . इसके अलावा 600 स्कूली छात्रों का सामूहिक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इस दौरान अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूरे प्रखंड के ग्रामप्रधान, संयोजिका, रसोइयार, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, महिला समूह, क्षेत्रीय कवि ,लेखक, कलाकार को सम्मानित कर उन्हें आगे भी बेहतर करने के लिए उनका उत्साह वर्धन किया गया इस दौरान ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच बाद्य यंत्र वितरण किया गया. स्टूडेंट के लिए निशुल्क स्टूडेंट एक्सप्रेस आई कार्ड का भी वितरण किया गया.कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन हुआ. दिव्यांग जनों के लिए रजिस्ट्रेशन कर प्रमाण पत्र भी दिए गए इस दौरान दिव्यांगों के बीच निशुल्क सहायक उपकरण व्हीलचेयर आदि का वितरण किया गया ,साथ ही निशुल्क उज्ज्वल एलपीजी गैस कनेक्शन का वितरण हुआ.

**खास बातें**

- मंच से 3000लोगों को किया गया सम्मानित
- 600 स्कूली छात्रों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी

**शिविर में 150 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

3000 लोगो को सम्मानित किया गया जिसमें जलसहिया स्वास्थ्य सहिया,संयोजिका, रसोइया , ग्राम प्रधान ,उप प्रधान, कलाकार, कवि ,गायक, सामाजिक कार्यकर्ता, सांस्कृतिक दल के सदस्य तथा महिला समूह के शामिल थे .150 लोगो का स्वास्थ्य जांच हुआ . सोनाहातू सीएचसी ओर सदर अस्पताल रांची के स्वास्थ्यकर्मी के द्वारा जांच किया गया . डॉ जयराम शर्मा,डॉ उषा सिंह,डॉ कांति सिंह, की टीम ने जांच किया . 18 दिव्यांग का जांच हुआ जिसमें तत्काल पांच लोगों को सहायता उपकरण दिये गये . दिव्यांग कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण सांकेतिक क्षेत्रीय केंद्र के द्वारा जांच कराया गया जिसमें सद्दाम हुसैन विजय कुमार अविनाश कुमार नितीश कुमार का योगदान रहा .उज्ज्वला योजना तहत साई इंडेन सोनाहातू द्वारा 40 तथा उर्मिला भारत गैस के द्वारा 50 लाभुकों को रसोई गैस का वितरण हुआ . जिला कृषि विभाग के द्वारा किसान मेला का आयोजन किया गया जिसमें 92 किसानों को उत्कृष्ट उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया .

### अजय कुमार को कैबिनेट सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** कैबिनेट सचिव वंदना दादेल शनिवार 16 दिसंबर से 28 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगी. ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को कैबिनेट सचिव (मंत्रिमंडल सचिवालय) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अजय सिंह के पास वित्त विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार है. कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है.

### कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 29 दिसंबर 2023 को मोरहाबादी मैदान में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक में डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती व अन्य मौजूद रहे. डीसी ने कई निर्देश जारी किये.

### पारसनाथ उरांव बने केंद्रीय सचिव,दी बधाई

**नामकुम।** खिजरी विधानसभा के आजसू कार्यकर्ताओं ने खिजरी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव को आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव बनने पर हर्ष जताते हुए बधाई दिया है. हर्ष जताने वाले खिजरी विधानसभा क्षेत्र के आजसू नेताओं कार्यकर्ताओं ने कहा कि पारसनाथ उरांव केंद्रीय सचिव बनने से कुशल नेतृत्व में पार्टी पूरे झारखंड प्रदेश में और मजबूत होगा .

धरती का हम उम्र बढ़ाएं आओ इको क्लब बनाएं

# इको क्लब के गठन से दूरगामी परिणाम सामने आएंगे : सफदर



संवाददाता ।कांके

विद्यालयों में इको क्लब के गठन तथा उसके उद्देश्यों की पूर्ति को लेकर ईमानदार प्रयासों से दूरगामी परिणाम सामने आएंगे. यह बहुत अच्छा है कि इसके गठन में सीआरपी की महत्वपूर्ण भूमिका होंगी. उक्त बातें शिक्षा विद और माध्यमिक शिक्षक संघ के रांची जिला अध्यक्ष सफदर इमाम ने कही. वे यूनिसेफ के सहयोग से झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में रांची जिले के विद्यालयों इको क्लब के गठन को लेकर राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय कांके में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही. प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य मो. कुर्बान अंसारी, माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और शिक्षाविद् सफदर इमाम एवं कांके प्रखंड की प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मरसी मंजुला बिलूंग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. इस मौके पर बतौर प्रशिक्षक विजय रंजन पाठक, वरीय प्रधानाध्यापक हरेकृष्ण चौधरी, भूपेश प्रसाद श्रीवास्तव, परमेश्वर महतो ने प्रतिभागियों को विभिन्न विद्यालयों में इको क्लब की आवश्यकता एवं इसके गठन के उद्देश्यों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी.

# राजा पीटर ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा

संवाददाता।तमाड़



पूर्व विधायक पूर्व मंत्री राजा पीटर ने जेल से निकलते ही प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर पहुंचे और पूरे परिवार के साथ माता के चरणों में मत्था टेका एवं माता से आशीर्वाद प्राप्त किया. इस मौके पर सैकड़ों समर्थक मंदिर परिसर में उपस्थित थे. ऐसे तो रात के समय मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं. लेकिन जैसे ही पता चला राजा पीटर जेल से निकालने के बाद माता के चरणों में माता मत्था टेकेंगे. मंदिर के कपाट खोल दिया गया. इस दौरान राजा पीटर अपने पत्नी आरती जयसवाल एवं दोनों बेटियों के साथ मंदिर परिसर रात के 9:00 बजे करीब पहुंचे एवं मंदिर पहुंचकर सीधे मंदिर के अंदर घुसकर पूजा अर्चना की. मंदिर के पुजारी शमल पाहून द्वारा पीटर का विधि विधान से पूजा अर्चना कराया गया. बता दे कि पूर्व मंत्री और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा की हत्या के आरोप में पिछले छह साल से जेल में बंद राजा पीटर को झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को जमानत दे दी. इस हत्याकांड में अभी ट्रायल जारी है, लेकिन लंबे कस्टडी पीरियड एवं ट्रायल में गवाहों की लंबी सूची को देखते हुए अदालत ने कुछ शर्तों के साथ उन्हें जमानत प्रदान की है.

### बुंडू पहुंचने पर राजा पीटर का भव्य स्वागत हुआ



**बुंडू ।** रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर शुक्रवार को जमानत पर आज जेल से बाहर आने के बाद बुंडू पहुंचने पर उनके समर्थकों ने फूल माला से लाद दिया. गुलदस्ता भेट किया और राजा पीटर के समर्थन में जिंदावाद का नारा लगाते हुए बुंडू के मुख्य मार्ग पर गाजा बाजा के साथ एक जुलूस निकाला. जुलूस बुंडू स्थित टॉल प्लाजा से ब्लॉक रोड, धुर्वा मोड़, थाना रोड, सुभाष चौक,होते हुए चौक बाजार स्थित काली मंदिर में माथा टेका और पूजा अर्चना किया. इसके पश्चात् जुलूस अस्पताल रोड होते हुए राधारानी मंदिर पहुंची. यहां भी उन्होंने पूजा किया और भगवान के समक्ष अपना माथा टेका. जुलूस में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो उनके साथ रहे. जुलूस में उनके पुराने सभी पार्टी सदस्य व समर्थक जुटते गये और उनका काफिला बढ़ता ही गया .

**व्यवस्था** ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन ने लिखा गृह मंत्रालय को पत्र

# रेल थाने होंगे बंद, आरपीएफ के हवाले होगी कमान

संवाददाता। धनबाद



धनबाद समेत देशभर के 74 रेल मंडलों में आनेवाले समय में सभी रेल थाने बंद हो जाएंगे. विधि-व्यवस्था की कमान आरपीएफ के हवाले होगी. इस संबंध में ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन की ओर से केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा गया है कि रेलवे में एक ही सुरक्षा एजेंसी रहे, ताकि क्राइम होने पर दोनों एजेंसी के पदाधिकारी एक-दूसरे पर फेंका-फेंकी न करें. किसी ट्रेन में आरपीएफ की एस्कॉर्ट पार्टी रहते हैं और उसमें कोई आपराधिक घटनाएं होती हैं, तो जीआरपी का आरोप रहता है कि जब आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान ट्रेन में थे, तो वे क्यों एफआईआर करेंगे, कैसे अपराधियों की पहचान करेंगे. घटना होने के बाद एस्कॉर्ट पार्टी के पदाधिकारी व जवान अनुसंधान में मदद भी नहीं करते हैं. जब तक रेलवे में दो एजेंसी रहेगी, यह दिक्कत होता रहेगा. इसको लेकर रेलवे के यूनियन मंडल, जोनल और केंद्रीय स्तर पर बैठक कर चर्चा कर चुके हैं. कई बार ऐसा होता है कि जीआरपी ही आरोप लगा देते हैं कि आरपीएफ के पदाधिकारियों-जवानों ने ही क्राइम कराया है. अपराधियों से मिले हुए हैं. फेडरेशन की ओर से दिए गए लिखित पत्र पर गृह मंत्रालय स्तर पर मंथन हो रहा है. रेलवे मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक होगी.

**सीआरपीसी-आईपीसी समेत अनुसंधान-सुपरविजन की मिलेगी ट्रेनिंग**

सूत्रों के अनुसार रेलवे संपति की चोरी के अलावा यात्रियों, रेलकर्मियों व अधिकारियों के साथ आपराधिक घटनाएं होने पर आरपीएफ को ही एफआईआर कर अनुसंधान करना होगा. सीआरपी-आईपीसी का अधिकार आरपीएफ को ही मिलेगा. इसके लिए आरपीएफ के अधिकारियों व जवानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, एफआईआर कर अनुसंधान, सुपरविजन करने व चार्जशीट सौंपने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो. रेलवे संपत्ति, यात्रियों, रेलकर्मियों व अधिकारियों की सुरक्षा का जिम्मा वर्तमान समय में आरपीएफ-जीआरपी दोनों के पास है.

**धनबाद रेल जिला पुलिस क्षेत्र में हैं 21 रेल थाने**

धनबाद रेल जिला पुलिस क्षेत्र में 21 रेल थाने हैं, जिसमें धनबाद समेत गोमो, कोडरमा, चंद्रपुरा, गोमिया, बरकाकाना, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जसीडीह, साहिबगंज, पाथरडीह, भागा, जामताड़ा, चितरंजन, बड़हरवा आदि हैं. अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की संख्या लगभग पांच सौ के आसपास है, जिसपर हर माह वेतन समेत अन्य मद में पांच करोड़ रुपये खर्च होते हैं. रेल थाना बंद होने और अधिकारियों व कर्मियों के जिला बल शिफ्ट होने से सरकारी फंड में करोड़ों की बचत होगी.

## न्यूज अपडेट

### 13 दिवसीय पोशाक ज्लेवरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सिल्ली/मुरी।** श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय पोशाक आभूषण उद्यमी ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अथिति के रूप में मुरी ओपी ए एसआइ आशीष रंजन ने राज्य के विभिन प्रखंड से आए 18 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया और खुद का स्वरोजगार करने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि समय में पोशाक आभूषण ज्वैलरी का बहुत डिमांड है बाजारों में शादी विवाह के मौके पर आप बहुत ज्यादा से ज्यादा आय कर सकतें है अपने स्वरोजगार से और अपने स्वरोजगार को बैंक से लोन लेकर भी आगे बढ़ा सकतें है और दूसरो को भी रोजगार दे सकते है.

### चकला पंचायत में लगा शिविर,उमड़ी लोगों की भीड़



**ओरमांझी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चकला पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सभी विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी सभी ग्रामीणों के बीच पहुंचाया गया. ग्रामीणों को इससे लाभ उठाने की बातें कही गई. कार्यक्रम में बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि सरकार की संपूर्ण विभाग आपके द्वार पर आकर खड़ी है. मौके पर जिप सदस्य सरिता देवी, प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, मुखिया शिवनाथ मुंडा, मुखिया दीपक बड़ाइक,समुंद्र पाहन आदि शामिल थे.

### चुरी मध्य पंचायत में लगा शिविर,लोगों ने उठाया लाभ



**डकरा।** खलारी प्रखंड के चूरी मध्य पंचायत के बूढ़ी मां मंदिर के समीप आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तहत शिविर लगाया गया. शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई. शिविर में कुल 1359 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 962 आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ शिशुपाल आर्या ने किया. मौके पर डॉ.प्रतिमा कुमारी,शाबीर अंसारी, गोपाल राम दास, विनय कुमार गुप्ता, आदित्य नाथ झा, असित कुमार,कनीय अभियंता,रवि रंजन कुमार आदि शामिल थे.

### एन के क्षेत्र में खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**डकरा।** महाप्रबंधक कार्यालय डकरा परिसर में एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने सुरक्षा ध्वज फहराकर खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया.इस दौरान एरिया के खान सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई. इस मौके पर उपमहाप्रबंधक केके झा, यूनियन प्रतिनिधि मनोज कुमार रजक, विनय सिंह मानकी, डीपी सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव, अमर भूषण सिंह, गोविन्द चंद महतो, ध्वजाराम धोबी सहित सभी विभाग के विभाग अध्यक्ष मौजूद थे. वही केडीएच पिट ऑफिस में झंडोतोलन करके शुरुआत किया गया.

### केंद्र सरकार दुर्गम क्षेत्रों में भी योजनाओं को पहुंचा रही है : सन्नी



**लापुंग ।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के बोकरोंदा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई.आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा केंद्र सरकार समाज के दुर्गम क्षेत्रों में भी योजनाओं को पहुंचा रही है. केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है. मौके पर मौके पर उपप्रमुख विश्वनाथ मुंडा,बीडीओ इमानुएल जयविरस लकड़ा,मुखिया सरोज मुंडा,पंचायत सचिव शैलैश कुमार कंडुलना, चरकु साहु,सत्यनारायण सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे.

### किचटो में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**पिपरवार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत टंडवा प्रखंड अन्तर्गत किचटो पंचायत भवन परिसर में "मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी" के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, कीचटो पंचायत मुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत् फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मौके पर टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा विभाग) गणेश प्रसाद साहु उर्फ ललित साहु, टंडवा बीपीओ सुबोध पासवान पंचायत के संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, इन्ना कुमारी, उपमुखिया ललीता देवी, मनीलाल महतो,अंगद कुमार महतो, शिवलाल महतो सहित ग्रामीण शामिल थे.

## पेज एक का शेष...

### 85000 से अधिक आवेदन रद्द

**आवेदन रद्द होने पर अभ्यर्थियों ने उठाये सवाल :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की नई तिथि जारी होने के बाद शुक्रवार को 85 हजार से अधिक आवेदन रद्द किये जाने पर अभ्यर्थियों ने सवाल उठाए हैं. छात्रों का कहना है कि आयोग ने बताया था कि परीक्षा लेने वाली एजेंसी ने असमर्थता जता दी थी, जिस कारण परीक्षा स्थगित की गयी. लेकिन यदि परीक्षा समय (16-17 दिसंबर) को होती तो क्या जिन 85 हजार अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द किए गए हैं, उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती. छात्रों का कहना है कि अपनी नाकामियां छुपाने के लिए आयोग कभी कुछ बहाने बना रहा है, तो कभी कुछ.

**छात्रों का आरोप- जेपीएससी व जेएसएससी पूरी तरह निष्क्रिय :** आयोग कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे छात्रों में मुख्य रूप से राजेश ओझा, विशाल पाल, प्रकाश पोद्दार, काजल मंडल, कुणाल प्रताप, सत्यनारायण शुक्ला, विनय मेहता, अरुण अग्रवाल, भारती खुशवाहा,अनुज शंकर, इमाम सफी,अनिल मिश्र, संजय तिवारी, पवन झा, स्मृति ऐश्वर्या, राजा दास,रामशरण सहित कई अन्य शामिल थे. छात्रों ने साफ-साफ कहा कि युवाओं को नौकरी देने के लिए सरकार ने जिन दो आयोग का गठन किया है, वह युवाओं को नौकरी देने में पूरी तरह से असफल है. अभ्यर्थियों का आरोप है कि जेपीएससी व जेएसएससी पूरी तरह निष्क्रिय है. न तो समय पर कोई परीक्षा ले पा रहा है और कोई परीक्षा आयोजित भी कराता है, तो विवादित हो जाता है. और अंततः परीक्षा रद्द कर दी जाती है.

**पार हो रही उम्र सीमा, सरकार को चिंता नहीं :** आयोग की परीक्षा के इंतजार में हजारों छात्रों की उम्र सीमा या तो समाप्त हो गयी या समाप्त होने की कगार पर है. जेएसएससी स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता (सीजीएल) परीक्षा जो वास्तव में 2016 की वेकेंसी है, कई बार रद्द हो चुकी है. 16-17 दिसंबर को होनेवाली परीक्षा भी कुछ दिन पहले ही स्थगित कर दी गयी. आयोग ने परीक्षा रद्द करने का जो कारण बताया है, वह छात्रों के गले नहीं उतर रहा.

### जमशेदपुर बनेगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप....

राज्य सरकार की रिक्तियों में आंदोलनकारियों के एक आश्रित को पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने का फैसला किया गया है. राज्य सरकार की तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नियुक्तियों में हर आंदोलनकारी के एक आश्रित को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देगी. . यह लाभ आंदोलनकारी परिवार को एक ही बार देय होगा. इसके लिए झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है. इसके आलवे आंदोलनकारियों के आश्रितों के आश्रितों महिलाओं को भी रिक्तियों में पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा. जबकि दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत राज्य की सभी नियुक्तियों में आरक्षण प्रदान किया जायेगा, बताते चलें कि राज्य सरकार की नियुक्तियों में एसटी को 26 प्रतिशत, एससी को 10 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को आठ प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग को छह प्रतिशत व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण पहले ही दे रही है. इसके अतिरिक्त कैबिनेट में विधानसभा में नियुक्ति एवं प्रमोशन में बरती गई गड़बड़ी की जांच के लिए एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय न्यायालय के समर्पित रिपोर्ट को आवश्यक कार्रवाई के लिए सभा में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया.

# जोकोविच व सबालेंका ने जीता आईटीएफ विश्व चैंपियन पुरस्कार

**भाषा । लंदन**

नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया. उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई. वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे. जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है. सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया. उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था.


वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी. वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी. उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया.

**नोवाक जोकोविच**



1. 8वीं बार जोकोविच एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे
2. 24 ग्रैंडस्लैम अब तक जीत चुके हैं जोकोविच
3. 8वीं बार जोकोविच ने विश्व चैंपियन पुरस्कार जीता

**सबालेंका**



1. सबालेंका ने पहली बार जीता विश्व चैंपियन पुरस्कार
2. रैंकिंग में सबालेंका सत्र का अंत दूसरे स्थान पर किया
3. इस साल सबालेंका ने जीत था ऑस्ट्रेलिय ओपन

## आओ जानें
## सबसे महंगी खेल वस्तुएं

| वस्तु | साल | राशि (मि. डॉलर) |
|---|---|---|
| 1952 टॉप्स मिकी मेंटल कार्ड | 2022 | 12.6 |
| माइकल जॉर्डन का शिकागो बुल्स जर्सी | 2022 | 10.1 |
| माराडोना का "हैंड ऑफ गॉड" जर्सी | 2022 | 8.9 |
| पियरे डी कूबर्टिन द्वारा "द ओलंपिक मेनिफेस्टो" | 2019 | 8.8 |
| मुहम्मद अली की डब्ल्यूबीसी बेल्ट | 2022 | 6.18 |
| बेब रूथ की न्यूयॉर्क यांकीज जर्सी | 2019 | 5.64 |
| बेब रूथ की वर्ल्ड सीरीज रिंग | 2017 | 4.4 |
| जेम्स नाइस्मिथ की "बास्केटबॉल के संस्थापक नियम" | 2010 | 4.3 |
| डेनियल लुसियस एडम्स का बेस बॉल नियम | 2016 | 3.2 |
| मार्क मैकगवायर की 70वीं होम रन बॉल | 1999 | 3 |

## ब्रीफ खबरें

### फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा स्पेन

**ज्यूरिख ।** महिला विश्व कप विजेता स्पेन यूएफा नेशंस लीग के अंतिम चार में पहुंचने के बाद शुक्रवार को जारी फीफा रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ शीर्ष पर पहुंच गया. स्वीडन महिला विश्व कप के बाद अगस्त में जारी पिछली फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर था लेकिन अब पांचवें स्थान पर खिसक गया है. स्पेन इस महीने नेशंस लीग में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा. चार टीमों के इसी ग्रुप में स्वीडन तीसरे स्थान पर था. स्पेन पहली बार महिला फुटबॉल में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचा है. उसने अमेरिका, फ्रांस और विश्व कप के उपविजेता इंग्लैंड को पछाड़ कर यह स्थान हासिल किया. फीफा ने बताया कि 211 सदस्यों में से इस रैंकिंग में 192 को जगह मिली है.

### आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री में 12वें स्थान पर रहे गुरदीप

**दोहा ।** राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां आईडब्ल्यूएफ (अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ) ग्रां प्री दो में पुरुषों के 109 किग्रा भार से अधिक के वर्ग में 12वें स्थान पर रहकर निराशाजनक प्रदर्शन किया. पंजाब के इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल मिलाकर 340 किग्रा भार उठाया जो पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उठाए गए वजन से 50 किग्रा कम था. गुरदीप ने राष्ट्रमंडल खेलों में 390 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता था. कलाई की चोट के कारण इस साल अधिकतर प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाने वाले गुरदीप ने स्नैच वर्ग में 145 किग्रा और इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 195 किग्रा वजन उठाया.

### पाकिस्तान को भारत से सीखने की जरूरतः बट

**कराची ।** पूर्व टेस्ट कप्तान सलमान बट का मानना है ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त देने के लिए पाकिस्तान को पड़ोसी भारत से सीख लेनी चाहिए. पाकिस्तान मौजूदा समय में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है. भारत लगातार चार बार दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली टेस्ट मैचों की श्रृंखला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का विजेता रहा है. टीम ने इस दौरान दो बार भारत में जबकि दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराया. बट ने पाकिस्तान को भारत के नक्शेकदम पर चलने की सलाह देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय गेंदबाजों ने चुनौतीपूर्ण लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की.

## महिला क्रिकेटः दीप्ति के ऑलराउंड प्रदर्शन से बैकफुट पर इंग्लैंड

# भारतीय टीम जीत के करीब

**भाषा । मुंबई**

दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली और जीत के करीब पहुंच गयी है. अभी दो दिन का खेल बचा है और दूसरी पारी में अब तक 478 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत के पास घरेलू सरजमीं पर पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने का मौका है. दीप्ति ने भारतीय टीम की पहली पारी में 113 गेंद में 67 रन बनाकर टीम के स्कोर को 428 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद अपनी शानदार फिरकी से इंग्लैंड की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया. उन्होंने 5.3 ओवर में चार मेडन और सात रन देकर पांच विकेट चटकाये जिससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गयी.

इंग्लैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 108 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद दीप्ति के कहर से उसकी पारी सस्ते में निपट गयी. टीम ने 10 रन के अंदर आखिरी छह विकेट गंवा दिये. स्नेह राणा ने 25 रन देकर दो जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट चटकाये. भारत ने पहली पारी में 292 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड को फालोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया. टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिये.

**05** विकेट चटकाए दीप्ति शर्मा ने

**67** रन बनाए थे दीप्ति ने पहली पारी में

**44** रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं हरमप्रीत





### हरमनप्रीत ने संभाली भारत की दूसरी पारी

स्टंप्स के समय कप्तान हरमनप्रीत कौर 44 और हरफनमौला पूजा वस्त्राकर 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं. हरमनप्रीत ने भारत की दूसरी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला.हरमनप्रीत ने पूजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए अब तक 53 रन की साझेदारी कर ली है. दिन का खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिल रही थी. असामान्य उछाल के कारण बल्लेबाजों को परेशानी कर सामना करना पड़ रहा था.

### दूसरे दिन 19 विकेट गिरे, 15 स्पिनरों ने लिए

मैच के दूसरे दिन कुल 19 विकेट गिरे जिसमें भारत की पहली पारी के तीन विकेट शामिल है. इसमें से 15 विकेट स्पिनरों के नाम रहे. भारत ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 410 रन से आगे की लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने 10.3 ओवर में 18 रन के अंदर बाकी बचे तीनों विकेट चटका लिये. तेज गेंदबाज रेणुका ने इंग्लैंड को पारी के तीसरे ओवर में ही पहला झटका दिया. उन्होंने सोफी डंकली को बोल्ड किया . नेट स्किवेर ब्रंट ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट के साथ 51 रन की साझेदारी करके मैच में इंग्लैंड को वापसी कराने की कोशिश की.

# मेस्सी की जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी

**भाषा । न्यूयॉर्क**

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी. नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की. सोथबी ने बताया कि मेस्सी ने इन जर्सी को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था. इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही. अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था. निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था. इन जर्सी के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है.



- इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में सर्वाधिक कीमत में बिकी जर्सी
- विश्व कप के दौरान मेस्सी ने पहनी थी जर्सी

### सऊदी ओपन में संयुक्त 22वें स्थान पर अहलावत

**रियाद ।** वीर अहलावत ने पहले दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 22वें स्थान पर हैं, जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है. भारत के ही एस चिक्कारंगप्पा और युवराज संधू ने इवन पार 71 का कार्ड खेला और यह दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर हैं. थाईलैंड के चैपचाई नीरत सात अंडर 64 का स्कोर बनाकर पहले दौर के बाद बढ़त पर हैं. भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू दो ओवर 73 का कार्ड खेलकर हनी बैसोया और करणदीप कोचर के साथ संयुक्त 60वें स्थान पर हैं. राशिद खान और गगनजीत भुल्लर ने निराशाजनक शुरुआत की.

## वर्तमान दौरे में दक्षिण अफ्रीका की पिचें स्पिनरों के अनुकूल : कुलदीप

**भाषा । जोहानिसबर्ग**



भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं. कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए. वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी-20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया. अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की. कुलदीप ने मैच के बाद कहा कि यह मेरे लिए विशेष दिन बन गया. मैंने पांच विकेट लेने के बारे में कभी नहीं सोचा था. मैं केवल इतना चाहता था की टीम जीते जो कि अधिक महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि मैं अपनी गेंदबाजी को लेकर थोड़ा चिंतित था.

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 10 रनों से हराया, श्रृंखला में 2-0 की बढ़त



**भाषा । सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)**

ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई.इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया.

सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया. पावेल ने सैम कुरेन के एक ओवर में चार छक्के और एक चौका जड़ा.

## प्रियंका को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास करने की अनुमति मिली

**नयी दिल्ली ।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में अभ्यास करेगी. उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय सहित अन्य खर्च शामिल होंगे. एमओसी ने इसके अलावा लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम के विकास ग्रुप में शामिल ग्रीको रोमन पहलवान आशु (67 किग्रा), सूरज (55 किग्रा) और रोनित शर्मा (48 किग्रा) के कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी.

# पाकिस्तान की पहली पारी में सतर्क शुरुआत

## आमिर जमाल ने किया कमाल, अपने पदार्पण मैच में चटकाए 6 विकेट

**भाषा । पर्थ**

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही पारी में छह विकेट लेने का कारनामा करके ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 500 रन तक पहुंचने से रोका, जिसके बाद पाकिस्तान ने सतर्क शुरूआत करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 53 ओवर में दो विकेट पर 132 रन बनाए. ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने 90 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन जमाल ने 111 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 487 रन ही बनाने दिए. उसकी पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा. उन्होंने पहले दिन 211 गेंद पर 164 रन की



पारी खेली थी. पाकिस्तान की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 355 रन पीछे है. उसके बल्लेबाजों ने किसी तरह का जोखिम नहीं लिया. अब्दुल्ला शफीक (42) और इमाम उल हक (136 गेंद पर नाबाद 38) ने पहले टिकट के लिए 36.2 ओवर में 74 रन जोड़कर पाकिस्तान को सधी शुरुआत दिलाई. ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने शफीक को वॉर्नर के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई.

### खास बातें

- शतक से चुके मिचेल मार्श, 90 रन बनाए
- पाकिस्तान ने पहली पारी में दो विकेट पर 132 रन बनाए

पाकिस्तान के आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज कप्तान शान मसूद (30) थे जिन्हें तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विकेट के पीछे कैच कराया. स्टंप उखड़ने के समय इमाम 38 और नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद सात रन पर खेल रहे थे. ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 5 विकेट पर 346 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी. पाकिस्तान ने सुबह के सत्र में दो विकेट हासिल किए थे और यह दोनों सफलताएं उसे जमाल ने दिलाई. इस तेज गेंदबाज ने एलेक्स केरी (34) और मिशेल स्टार्क (12) दोनों को बोल्ड किया. ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक सात विकेट पर 476 रन बनाए थे लेकिन दूसरे सत्र में उसने 20 गेंद और 11 रन के अंदर अपने बाकी बचे तीनों विकेट गंवा दिए. इनमें मार्श का विकेट भी शामिल था जिन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे खुर्रम शहजाद (83 रन देकर दो विकेट) ने दूसरे सत्र की पहली गेंद पर बोल्ड किया. मार्श ने अपनी 107 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया. जमाल ने इसके बाद बाकी बचे दो विकेट लेने में देर नहीं लगाई.

**हॉकी** जूनियर विश्व कप में भारत के पास पदक के साथ घर लौटने का आखिरी मौका

# कांस्य पदक के लिए स्पेन से भिड़ेगी भारतीय टीम

**भाषा । कुआलालंपुर**

अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है, तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा. भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए, जिससे इस मैच में भारत को 4-1 से हार का सामना करना पड़ा. इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम (शीर्ष तीन में शामिल) पर पहुंचना है तो स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा. पूल चरण के मैच में स्पेन ने भारत को 4-1 से हराया था. स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 3-1 से हार के कारण आहत होगी, लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी. भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. उत्तम ने कहा कि हमें काफी मौके मिले लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए.



### खास बातें

- फाइनल मुकाबले में जर्मनी से भिड़ेगा फ्रांस
- सेमीफाइनल में भारत ने गवांए थे 12 पेनल्टी कॉर्नर

### विश्व कप में चौथा पदक हासिल करना चाहेगा भारत

भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी. उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था. लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा. भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है. उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था.

### विश्व कप में भारत के खिलाफ स्पेन का पलड़ा भारी


स्पेन की बात है तो उसकी टीम अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है. उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था जब उसकी टीम ने कांस्य पदक जीता था. भारत और स्पेन ने पुरुष जूनियर विश्व कप में अभी तक एक दूसरे के खिलाफ आठ मैच खेले हैं. इनमें से स्पेन ने पांच मैच में जीत दर्ज की है. इस बीच 2021 में भुवनेश्वर में उप विजेता रही जर्मनी की टीम फाइनल में फ्रांस का सामना करेगी.

### मानवजीत और अंजुम ओलंपिक क्वालीफायर से करेंगे वापसी

**नयी दिल्ली ।** अनुभवी निशानेबाज मानवजीत सिंह संधू और अंजुम मौदगिल अगले महीने क्रमशः जकार्ता और कुवैत सिटी में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे. राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के लिए क्वालीफायर पांच से 18 जनवरी तक जकार्ता (इंडोनेशिया) तो वही शॉटगन क्वालीफायर 12 से 23 जनवरी तक कुवैत सिटी में होंगे. भारत ने 20 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम को मैदान में उतारा है. इसके अलावा 12 निशानेबाज शॉटगन क्वालीफायर में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे. अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए जकार्ता में राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के लिए कुल 16 कोटा उपलब्ध हैं, जबकि शॉटगन प्रतियोगिता में आठ स्थान उपलब्ध हैं.


**क्रिकेट**

## वेंचर स्किल टूर्नामेंट



- अंडर-14 जेके क्रिकेट अकादमी बनाम डेस्टिनी सीए
- **जेके क्रिकेट अकादमी** : 296/10 ओवर – 31.5
- **दीपक** : 63, **आशुतोष** : 62
- **प्रिंस** : 5/51, **ऋषभ** : 2/28
- **डेस्टिनी सीए** : 143/10 ओवर : 29.2
- **प्रिंस** : 38, **आयुष** : 20
- **तरनजोत** : 3/20

*153 रनों से जीती जेके क्रिकेट अकादमी की टीम*



- तरूण संगम किड्स बनाम आरसीए (जूनियर)
- **तरूण संगम किड्स** - 229/3, ओवर 30
- **तेजस** : 105*, **उस्तत** : 59*
- **अभिराज** : 2/40, **सक्षम** : 1/55
- **आरसीए (जूनियर)**- 105/10 ओवर–13.3
- **आदित्य** - 22, **अयान** - 21, अभिराज – 10
- **हर्ष** : 3/14, **जयेश** : 2/30, **तेजस** : 1/9, जीत – 2/6

*तरूण संगम की टीम 124 रनों से जीती*

# राजस्थान में भजनलाल शर्मा ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ






शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा.

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई. यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को मंत्री पद की शपथ दिलाई. कुमारी और बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े शर्मा को 12 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया था. शर्मा (57) का आज जन्मदिन है. मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने हिन्दी में शपथ ली. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे. पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा वसुंधरा राजे भी समारोह में शामिल हुए. समारोह के लिए राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया.

## आओ जानें

### दुनिया में बेरोजगारी की दर

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाइजीरिया | 33.3% | फिनलैंड | 7.2% |
| दक्षिण अफ्रीका | 32.6% | फ्रांस | 7.2% |
| इराक | 15.55% | मिस्र | 7.1% |
| बोस्निया–हर्जेगोविना | 13.3% | अर्जेंटीना | 6.9% |
| अफगानिस्तान | 13.3% | पराग्वे | 6.5% |
| स्पेन | 11.6% | यूरो क्षेत्र | 6.4% |
| ग्रीस | 11.1% | वेनेजुएला | 6.4% |
| यूक्रेन | 10.5% | पाकिस्तान | 6.3% |
| ईरान | 9.7% | पुर्तगाल | 6.1% |
| तुर्की | 9.6% | ऑस्ट्रिया | 5.9% |
| कोलंबिया | 9.34% | बेल्जियम | 5.7% |
| स्वीडन | 9.2% | जर्मनी | 5.6% |
| चिली | 8.53% | कनाडा | 5.5% |
| उरुग्वे | 8.2% | इंडोनेशिया | 5.45% |
| ब्राज़ील | 8% | चीन | 5.3% |
| भारत | 8% | सऊदी अरब | 5.1% |
| इटली | 7.4% | पोलैंड | 5% |

## ब्रीफ खबरें

### उल्फा(आई) ने असम में विस्फोट की जिम्मेदारी ली

**गुवाहाटी।** प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (इंडिपेंडेंट) ने असम के जोरहाट जिले में बृहस्पतिवार रात सैन्य स्टेशन के पास हुए विस्फोट की जिम्मेदारी ली है. रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि शहर के लिचुबारी इलाके में सैन्य स्टेशन के गेट के पास एक कूड़ेदान में बृहस्पतिवार रात कम तीव्रता का एक विस्फोट हुआ. प्रवक्ता ने बताया कि बम विशेषज्ञ मौके पर पहुंच गए हैं और इस बात का पता लगा रहे हैं कि विस्फोट के लिए किस विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया है. विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है.

### बच्चों की हत्या करने के बाद की आत्महत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सिद्दिपेट के जिलाधिकारी के एक निजी सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को अपनी रिवॉल्वर से पत्नी और दो बच्चों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली. पुलिस ने यह जानकारी दी. सिद्दिपेट की पुलिस आयुक्त एन श्वेता के अनुसार, निजी सुरक्षा अधिकारी ए नरेश, चिन्नाकोडूर मंडल में अपने गांव रामुनी पाटला गये थे, क्योंकि जिलाधिकारी शहर में नहीं थे. श्वेता के मुताबिक, नरेश ने करीब साढ़े 11 बजे यह कदम उठाया. उनकी उम्र 30 साल से अधिक थी.

### ईरान में एक थाने पर हमले में 11 की मौत

**दुबई।** ईरान के सरकारी टीवी ने शुक्रवार को बताया कि एक अलगाववादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने दक्षिण-पूर्वी ईरान के एक थाने पर रात में हमला कर दिया जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के उप गवर्नर अली रजा मरहेमती ने कहा कि तेहरान से करीब 1400 किलोमीटर दूर रस्क कस्बे में देर रात दो बजे हुए इस हमले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मी मारे गए. उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुठभेड़ में कई हमलावरों को मार गिराया.

### विधानपरिषद सदस्य शेख सब्जी की मौत

**चेरुकुवाडा।** आंध्र प्रदेश में पश्चिम गोदावरी जिले के चेरुकुवाडा गांव में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में विधानपरिषद सदस्य शेख सब्जी की मृत्यु हो गयी. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न करीब साढ़े 12 बजे सब्जी (57) की कार एक अन्य कार से टकरा गयी. वह इलुरु से भीमावरम जा रहे थे. पश्चिम गोदावरी जिले के पुलिस अधीक्षक यू रवि प्रकाश ने कहा कि विपरीत दिशा से आ रही कार असंतुलित थी. सब्जी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी. उन्होंने बताया कि यह हादसा उंडी थानाक्षेत्र में हुआ.

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पी विश्वनाथन का निधन

**त्रिशूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केरल के पूर्व मंत्री के पी विश्वनाथन का शुक्रवार को त्रिशूर के एक निजी अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वह उम्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे थे. पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी. छह दशक तक राजनीति में सक्रिय रहने वाले विश्वनाथन ने कांग्रेस सदस्य के रूप में राज्य विधानसभा में कुन्नम्कुलम और कोडकारा सीट का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने युवा कांग्रेस के जरिये राजनीति में कदम रखा और 1967 से 1970 तक त्रिशूर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया.

## विपक्ष के निलंबित सांसदों का संसद परिसर में प्रदर्शन

# अमित शाह सदन में आने से डर रहे हैं, बयान दें : टैगोर

**भाषा। नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया. इन सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष और संसद भवन के मकर द्वार के निकट धरना दिया. मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित लोकसभा सदस्य और कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कहा कि हमारी मांग रही है कि गृह मंत्री अमित शाह को सदन में बयान देना चाहिए. वह सदन में नहीं आ रहे हैं. उन्हें वक्तव्य देना चाहिए. वह ऐसा नहीं कर रहे हैं क्योंकि वह संसद में आने से डरे हुए हैं. उन्होंने कहा, हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया और न्याय के लिए प्रदर्शन जारी रखेंगे. संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर हंगामे के दौरान अशोभनीय आचरण तथा आसन की अवमानना करने' को लेकर विपक्षी दलों के कुल 14 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया. निलंबित सांसदों में लोकसभा के 13 सदस्य शामिल हैं.

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को निलंबित किया गया है. लोकसभा में कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद, मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस, द्रमुक की कनिमोई, माकपा के एस वेंकटेशन और पी आर नटराजन तथा भाकपा के के सुब्बारायन का निलंबन हुआ है.



## खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद और सांसदों की सुरक्षा पर भारी चूक हुई है

### आईएनडीआईए ने बैठक में की निलंबन के मुद्दे पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस के घटक दलों ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में बैठक की. बैठक में एक बार फिर दुहराया गया कि संसद की सुरक्षा में चूक के विषय पर गृह मंत्री अमित शाह को सदन में वक्तव्य देना चाहिए. इस मामले पर चर्चा कराई जानी चाहिए. बैठक में संसद की सुरक्षा में चूक और दोनों सदनों से 14 विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर चर्चा की गयी. विपक्षी दलों की बैठक में कांग्रेस के खड़गे और जयराम रमेश, द्रमुक केटीआर बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय और डेरेक ओब्रायन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा और कई अन्य विपक्षी सांसद शामिल हुए. बैठक के बाद खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद और सांसदों की सुरक्षा पर भारी चूक हुई है. उस पर विपक्ष के सांसदों को गैरकानूनी ढंग से निलंबित करना किस तरह का न्याय है?.

**14 सदस्य शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आईएनडीआईए के घटक दलों की मांग है कि अमित शाह संसद में वक्तव्य दें और फिर दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा हो. उनका कहना था, राष्ट्रीय सुरक्षा के इस गंभीर विषय पर आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है, संसदीय धर्म है. बता दें कि संसद की सुरक्षा में चूक के विषय पर गुरुवार को दोनों सदनों में विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा किया था. इसके बाद अशोभनीय आचारण तथा आसन की अवमानना को लेकर दोनों सदनों के 14 सदस्यों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया. इनमें लोकसभा के 13 और राज्यसभा के एक सदस्य शामिल हैं.

### 'तुझसे नाराज नहीं जिंदगी' के गायक अनूप नहीं रहे

**कोलकाता।** हिंदी फिल्म 'मासूम' के लोकप्रिय गाने 'तुझसे नाराज नहीं जिंदगी' के गायक अनूप घोषाल का शुक्रवार को यहां निधन हो गया. उनके परिवार ने यह जानकारी दी. बंगाली गायक अनूप घोषाल ने अपनी आवाज से सत्यजीत रे की कई फिल्मों के गीतों को अमर बना दिया. घोषाल 77 वर्ष के थे. वह पिछले कई दिनों से वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे और अपराह्न एक बजकर 40 मिनट पर उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद दिया, जिस कारण उनका निधन हो गया. घोषाल के परिवार में दो बेटियां हैं. उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर उत्तरपाड़ा सीट से 2011 का विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक लड़ा था.

# चीन में हिमपात के बीच रेल दुर्घटना में 515 यात्री घायल

**भाषा। बीजिंग**

चीन की राजधानी बीजिंग में भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए. प्राधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि घायलों में से 102 लोगों की हड्डियां टूट गयी हैं. यह हादसा बीजिंग के पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम को चांगपिंग लाइन पर हुआ.

शहर के परिवहन प्राधिकरण ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा कि पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गयी. पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पायी और वह फिसल गयी. बयान के अनुसार, आपात चिकित्सा कर्मी, पुलिस और परिवहन प्राधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रात करीब 11 बजे तक सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया. 25 यात्री निगरानी में हैं और 67 यात्री शुक्रवार को सुबह तक अस्पताल में भर्ती थे.

बीजिंग में बुधवार को असामान्य रूप से भारी हिमपात शुरू हो गया जिससे कुछ ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ा और स्कूल बंद करने पड़े. शहर में और हिमपात की चेतावनी दी गयी है. रात भर पारा शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा. उत्तरी चीन में आए बर्फीले तूफान से अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

# दुष्कर्म के आरोपी भाजपा विधायक रामदुलार को 25 साल की सजा

**भाषा। लखनऊ**

नाबालिग से रेप के दोषी दुद्धी से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड़ को एमपी/एमएलए कोर्ट ने 25 साल की सजा सुनाई है. कोर्ट ने 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है. विधायक से जुर्माना वसूल कर पीड़िता को दिये जाने का आदेश दिया या है. सजा की घोषणा होते ही विधायक की सदस्यता चली गयी है.

12 दिसंबर को सोनभद्र की एमपी/एमएलए कोर्ट ने विधायक को नाबालिग से रेप मामले में दोषी करार दिया था. पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. एमपी/एमएलए कोर्ट के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एहशानुल्ला खान की अदालत में



विधायक को सजा के मुद्दे पर 15 दिसंबर की तारीख तय की थी. मामले की तह में जायें तो नौ साल पूर्व म्योरपुर थाने में रामदुलार गोंड़ के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था. उस समय वह प्रधानपति था. आरोप है कि चार नवंबर (2014) को रामदुलार गोंड़ ने एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म किया. इस मामले में पीड़िता के भाई ने म्योरपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई. पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया. अदालत में लंबी सुनवाई के बाद पिछले शुक्रवार को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी व विकास शाक्य ने दुद्धी विधायक रामदुलार गोंड़ के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किये.

विधायक की ओर से अधिवक्ता रामवृक्ष तिवारी ने दलील दी. बता दें कि कोर्ट ने दोनों पक्षोंको सुनने के बाद फैसले की तिथि 12 दिसंबर तय की थी. 12 दिसंबर, मंगलवार को लंच बाद अपर सत्र न्यायाधीश एहसानुल्लाह खान ने मामले की सुनवाई करते हुए विधायक राम दुलार गोंड़ को दोषी करार दिया था.

# 19 व्यक्तियों को मृत्यु के आठ महीने बाद दफनाया गया

**भाषा। इंफाल**

मणिपुर में जातीय हिंसा में मारे गए कुकी जो समुदाय के 19 व्यक्तियों को मृत्यु के आठ महीने बाद राज्य के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार को दफना दिया गया. फाईजांग गांव में कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) द्वारा आयोजित सामूहिक अंतिम संस्कार में पीड़ितों के मित्र एवं रिश्तेदार शामिल हुए. ज्वाइंट फिलेन्थ्रापिक ऑर्गेनाइजेशंस (जेपीओ) के संयोजक लालदॉनलियान वर्ते ने कहा कि जनजातीय समुदाय के 87 अन्य सदस्यों के शव 20 दिसंबर को चूराचांदपुर जिले में दफनाए जाएंगे. आयोजकों ने कहा कि 19 पीड़ितों के शव इंफाल में करीब आठ महीने से शवगृह में थे. आखिरकार सम्मानजनक तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया. सीओटीयू द्वारा इस दिन को शोक दिवस के रूप में मनाए जाने के मद्देनजर 12 घंटे के बंद के आह्वान के बाद कुकी बहुल जिले में कई मकानों पर काले झंडे फहराए गए और बाजार एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे तथा सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद थे.

बृहस्पतिवार को इंफाल घाटी में जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के शवगृह से 60 शवों को हवाई मार्ग से चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में लाया गया. उन 60 में से 19 शवों को दिन के दौरान कांगपोकपी जिले में दफनाया गया जबकि 41 अन्य को चुराचांदपुर भेजा गया.

# हमास के खिलाफ लड़ाई में और वक्त लगेगा : इजराइली रक्षा मंत्री

**भाषा। तेलअवीव**

इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने लंबे समय तक युद्ध चलने का अनुमान जताते हुए कहा कि हमास को तबाह करने में कई महीने लगेंगे. उनका यह बयान तब आया है जब इजराइल और उसके शीर्ष सहयोगी अमेरिका पर गाजा में तबाही को लेकर अंतरराष्ट्रीय रूप से अलग-थलग पड़ने का दबाव बढ़ गया है. अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने गाजा में बड़ी लड़ाई खत्म करने की समयसीमा पर चर्चा करने के लिए हाल में इजराइली नेताओं से मुलाकात की.

इजराइली नेताओं ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के लिए आतंकवादी संगठन को खत्म करने तक सैन्य हमला जारी रखने का संकल्प दोहराया. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने हताहतों की संख्या कम करने में इजराइल की नाकामियों और गाजा के भविष्य के लिए उसकी योजनाओं को लेकर असहजता दिखायी है लेकिन साथ ही व्हाइट हाउस हथियार भेजकर इजराइल की पूरी मदद कर रहा है.

**खास बातें**

- हमास को तबाह करने में कई महीने लगेंगे : याओव गैलेंट
- आतंकवादी संगठन को खत्म करने का संकल्प दोहराया

**अमेरिका इजराइल से सख्ती से निपटे : शतयेह**

फलस्तीन प्राधिकरण के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका इजराइल से अधिक सख्ती से निपटे, खासतौर से इजराइल–फलस्तीन संघर्ष के द्वि–राष्ट्र के समाधान के लिए युद्ध के बाद वार्ता करने की वाशिंगटन की मांग के संबंध में. एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि अमेरिका इस विकल्प की तलाश कर रहा है कि अगर इजराइल गाजा से हमास को उखाड़ फेंकने में कामयाब हो जाता है तो फलस्तीनी प्राधिकरण से जुड़े सुरक्षा कर्मी जन सुरक्षा बहाल करने में मदद करें.

# बीकानेर में एक ही परिवार के पांच लोगों ने की आत्महत्या

**भाषा। जयपुर**

राजस्थान के बीकानेर में एक ही परिवार के पांच लोगों ने आत्महत्या कर ली. इनमें से चार लोगों के शव फंदे पर लटके हुए पाये गये. एक की मौत जहर खाने के कारण हुई है. आत्महत्या करने वालों में पति-पत्नी और तीन बच्चे हैं. इस घटना से शहर में सनसनी फैल गयी है.

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. शुरुआती जांच में तथ्य सामने आये हैं कि सुसाइड का कारण परिवार पर भारी कर्ज था. पुलिस ने शवों को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. घर को चारों तरफ से सील कर जांच शुरू कर दी गयी है. पुलिस को अंदेशा है कि कि जिसने जहर खाकर जान दी. उसने पहले चारों को फांसी के फंदे पर लटका दिया होगा. घटना की सूचना मिलते ही एसपी तेजस्विनी गौतम मौके पर पहुंची. जानकारी के अनुसार परिवार के मुखिया अंत्योदय नगर निवासी हनुमान सोनी ने पत्नी विमला सोनी और तीनों बच्चों बेटा मोहित सोनी और ऋषि सोनी एवं बेटी गुड़िया सोनी के साथ आत्महत्या कर ली. इसकी खबर फैलते घर के बाहर भारी संख्या में लोग जुट गये.

**खास बातें**

- आत्महत्या करने वालों में पति–पत्नी और तीन बच्चे
- सुसाइड का कारण परिवार पर भारी कर्ज था

## मथुरा | सुप्रीम कोर्ट का इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक से इनकार

# श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले में 9 जनवरी को अगली सुनवाई

**भाषा। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह परिसर का सर्वेक्षण किये जाने की मंजूरी दिये जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया. बता दें कि गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण कराये जाने का आदेश दिया है.

सर्वेक्षण किस तरह होगा, कोर्ट यह 18 दिसंबर को निर्धारित करेगा. सर्वेक्षण का संचालन अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्तों की तीन सदस्यीय टीम करेगी. सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता सर्वे को लेकर



इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को कायम रखा. सुप्रीम कोर्ट में अब इस मामले में 9 जनवरी को अगली सुनवाई होगी. मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में इस पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई. शुक्रवार को इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की. मुस्लिम पक्ष के वकील हुजैफा अहमदी ने सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ के समक्ष जानकारी दी कि अचानक गुरुवार को हाई कोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर सर्वे का आदेश दे दिया. सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल राहत देने से इनकार करते हुए 9 जनवरी को सुनवाई की तिथि तय कर दी.

**खास बातें**

- सर्वेक्षण का संचालन करेगी अधिवक्ता आयुक्तों की टीम
- मस्जिद इंतजामिया ने हाईकोर्ट के फैसले को दी है चुनौती

**दावा - संपत्ति श्री कृष्णजन्मभूमि का हिस्सा थी**

बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्णय हिंदू पक्ष द्वारा मस्जिद के सर्वेक्षण कराने के अनुरोध पर आया. हिंदू पक्ष की ओर से दावा किया गया था कि यह संपत्ति हिंदुओं का अभिन्न अंग थी, श्री कृष्णजन्मभूमि का हिस्सा थी. यह एक हिंदू पूजा स्थल थी. मामला यह है कि लखनऊ निवासी और वकील रंजना अग्निहोत्री और छह अन्य ने 24 सितंबर 2020 को, निचली अदालत में 17 वीं शताब्दी की शाही ईदगाह मस्जिद को उस परिसर से हटाने की गुहार लगाते हुए याचिका दायर की थी, जो कटरा केशव देव मंदिर के साथ साझा की जाती रही है.

**याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद को हटाने का अनुरोध किया था**

दावा किया गया था कि शाही ईदगाह मस्जिद श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के स्वामित्व वाली 13.37 एकड़ भूमि के एक हिस्से पर निर्मित की गयी थी. याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद को हटाने का अनुरोध किया था. बाद में मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में पहुंचा. हाईकोर्ट के सर्वे के फैसले पर याचिकाकर्ता पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की दलीलों को खारिज करते हुए कोर्ट सर्वे की मांग मंजूर कर ली है. मैंने मांग की थी कि शाही ईदगाह मस्जिद में हिंदू मंदिर के चिन्ह और प्रतीक मौजूद हैं.

# खालिस्तानी गतिविधियों का कोई समर्थन नहीं : सिख नेता

**भाषा। वाशिंगटन**

एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सिख नेता ने कहा है कि अमेरिका में खालिस्तानी गतिविधियों का न तो सरकार और न ही समुदाय के लोग समर्थन करते हैं. 'सिख ऑफ अमेरिका' संगठन के जस्सी सिंह ने नरेन्द्र मोदी सरकार से युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या सहित पंजाब की कई प्रमुख चुनौतियों से निपटने के लिए एक पैकेज देने का आग्रह भी किया. सिंह ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी सरकार ने सिख समुदाय के लिए जो काम किए हैं, वे पिछली सरकारों की तुलना में अभूतपूर्व हैं. सिंह ने कहा कि इसके साथ ही, कई सिख मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है. इसमें 1984 के दंगों में सिखों के खिलाफ अत्याचार भी शामिल है. कोई भी सिख इसे नहीं भूलेगा. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सिखों की चिंताओं को दूर करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भारत और दुनिया में सिख समुदाय से सीधे तौर पर जुड़ना चाहिए, न कि बिचौलियों के माध्यम से. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नहीं, अधिकतर सिख खालिस्तानी गतिविधियों का समर्थन नहीं करते हैं.' उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका में एक छोटा सा अल्पसंख्यक वर्ग है जो इस तरह की गतिविधियों का समर्थन करता है. सिंह और उनका प्रतिनिधिमंडल 2014 से प्रधानमंत्री मोदी से उनकी हर अमेरिकी यात्रा के दौरान मुलाकात करता रहा है.

# आज रात से खरमास शुरू, सभी मांगलिक कार्य होंगे बंद

संवाददाता । धनबाद

खरमास शनिवार की आधी रात से शुरू हो रहा है, जिसके चलते रात 1:26 बजे से सभी मांगलिक कार्य रुक जाएंगे. यह अवधि कुल 29 दिनों की होगी. हिंदू पंचांग के अनुसार जब सूर्य वृश्चिक लग्न से धनु राशि में प्रवेश करता है तो, खरमास शुरू हो जाता है. इस दौरान बृहस्पति और शुक्र का अस्त हो जाता है, इसलिए सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाते है. यह जानकारी पंडित जितेंद्र शास्त्री ने दी. उन्होंने बताया कि इस स्थिति में शादी-विवाह, भूमि पूजन, गृह पूजा, जमीन की खरीदारी, मुंडन तथा नया व्यवसाय आदि का कार्य वर्जित रहेगा. हालांकि खरमास के दौरान पूजा-पाठ व दान-पुण्य का विशेष महत्व . लौह सामग्री दान करने से शनि दोष से छुटकारा मिलता है.



### खास बातें

- आज रात 1: 26 बजे से शुरू हो जाएगा खरमास
- 16 जनवरी से शुरू हो जाएंगे सभी शुभ कार्य

### 2024 में जनवरी से मार्च तक 36 शुभ मुहूर्त

खरमास की समाप्ति 15 जनवरी 2024 को दिन के 9 बजकर 13 मिनट पर होगी. इसके बाद सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा. इसी दिन मकर संक्रांति का त्योहार भी मनाया जायेगा. इसके बाद 16 जनवरी से सभी शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे. जनवरी में 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30, 31, फरवरी में 1, 2, 3, 4, 5, 6, 12, 13, 14, 17, 18, 19, 24, 25, 26, 27, 28, 29 तथा मार्च में 1, 2, 3, 5, 6, 7, 11, 12 तारीख विवाह के शुभ मूहर्त है. फरवरी में सबसे ज्यादा शादी होगी.

### पिछले दो माह में हुई हजारों शादियां

इस साल नवंबर और दिसंबर माह में भी लगातार शादियां हुई. हजारों जोड़े विवाह के बंधन में बंधे. शुक्रवार को भी अच्छा लग्न था. वहीं शनिवा रात 1:26 बजे तक ही लग्न है. हालांकि इस दिन कम शादियां हैं. जिला डेकोरेटर एसोशिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि इस सीजन में शादी विवाह में अच्छी बुकिंग हुई है. अधिकांश डेकोरेटर्स के पास 10-15 शादियों की एडवांस बुकिंग हुई है. अगले सीजन की बुकिंग भी अब होने लगी है.

## आओ जानें

### 16 दिसंबर का इतिहास

- 1945 – दो बार जापान के प्रधानमंत्री रहे फूमिमारो कनोए ने युद्ध अपराधों का सामना करने की जगह आत्महत्या कर ली.
- 1951 – हैदराबाद में सालारजंग संग्रहालय की स्थापना की गयी.
- 1960– अमेरिका के न्यूयार्क शहर में दो विमानों के टकराने से 136 लोगों की मौत.
- 1971 – भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच युद्धविराम पर सहमति के बाद पाकिस्तान से पृथक होकर बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना.
- 1985 – कलपक्कम में देश के पहले फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर ने काम करना शुरू किया.

# तीन रेल कर्मियों को मिला अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार



संवाददाता। चक्रधरपुर

नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुक्रवार को आयोजित 68वें रेलवे सप्ताह केन्द्रीय समारोह में दक्षिण पूर्व रेलवे के दस रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2023 से नवाजा गया. सम्मानित होने वालों में चक्रधरपुर रेल मंडल के भी तीन पदाधिकारी डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर अरविंद प्रदीप एस, आरपीएफ टाटानगर पोस्ट में तैनात सब इंसपेक्टर अनूप लाल रजक और राउरकेला के लोको पायलट नरहरि दास शामिल है. वैसे दक्षिण रेलवे के दस रेलकर्मियों को यह पुरस्कार दिया गया है. सभी रेलकर्मियों को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी को सम्मानित किया. दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि और पुरस्कार के लिए बधाई दी.

### इसलिए किया गया सम्मानित

चक्रधरपुर डिवीजन में कार्यरत डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर अरविंद प्रदीप एस के कार्यकाल के दौरान, एक वित्तीय वर्ष में बोकारो स्टील प्लांट से सर्वश्रेष्ठ आरआर डिस्पैच हासिल किया था. आरपीएफ सब इंसपेक्टर अनूप लाल रजक ने 23 मार्च 2022 को टाटानगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर चलती ट्रेन से गिरे एक यात्री की जान बचाई थी. वहीं 21 जुलाई 2022 को एक व्यक्ति ट्रेन के सामने ट्रैक पर लेट कर आत्महत्या की कोशिश कर रहा था उसे वहां से जबरन खींच कर हटा लिया था जिससे उसकी जान बच गई थी. जबकि चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला के लोको पायलट नरहरि दास ने 23 अक्टूबर 2022 को एक एक्सप्रेस ट्रेन में आपातकालीन ब्रेक लगाकर बड़ी संभावित दुर्घटना को टाल दिया था. उनकी त्वरित कार्रवाई से यात्रियों की जान बच गयी थी.

## सिमडेगा में 110 वर्षों से लगातार हो रहा है मेले का आयोजन

# सिमडेगा में तामड़ा जतरा मेले की शुरुआत आज से

संवाददाता । सिमडेगा

सिमडेगा की राजधानी कही जाने वाली तामड़ा की सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक जतरा मेले की शुरुआत आज से होगी. दो दिवसीय ऐतिहासिक मेले के लिए सभी तरह की तैयारी की जा चुकी है. जहां पर दूर-दूर से खेल तमाशा, बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन एवं मिठाई सहित अलग-अलग प्रकार की सामानों की दुकानें सज चुकी है.

पहान धर्मनाथ खड़िया द्वारा शनिवार को विधिवत ग्राम देवी की पूजा करने के पश्चात विधि विधान के साथ मेले की शुरुआत होगी. प्राचीन मेले को संरक्षण देने के लिए आयोजन समिति द्वारा जिला प्रशासन सिमडेगा से मदद की मांग की गई है. उन्होंने कहा है कि मेले का आयोजन निजी भूमि पर किया जाता है और अब उस जमीन पर धीरे-धीरे मकान बनने लगे हैं, ऐसे में मेला का अस्तित्व खतरे में आ रहा है. जिसे ध्यान में रखते हुए बगल में ही सरकारी भूमि है उक्त स्थल पर मेले के लिए स्थान दिया जाए ताकि मेला का अस्तित्व बचे. आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के प्रधान सरंक्षक -शखी ग्वाला,हीरा राम,अध्यक्षः लाल महतो, उपाध्यक्ष संतोष साहू, राहुल मिश्रा,सचिव कुबेर कैथवार, राहुल कैथवार, सुभाष कैथवार, कोषाध्यक्ष अरविंद कैथवार छोटा साहू , अजय बैठा, उप कोषाध्यक्ष मनीष केसरी, जुग्गी ग्वाला, राजकुमार गोप, उप सचिवः ब्रजनाथ कैथवार, रिजवान खलीफा, विक्की बैठा, मुरली केशरी, आयोजन सयोंजक विकास साहु संरक्षक मनोज सिंह, शत्रुघन श्रीवास्तव, फूलचंद ठाकुर, जितेंद्र पुरी मुकेश मिश्रा, अशोक गुप्ता, पूणा सिंह, किशोर तुरी, मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा शामिल हैं.



### मेले के पीछे की कहानी है रोचक

तामड़ा में जतरा मेला का आयोजन बीते 110 वर्षों से किया जा रहा है. मेले के पीछे की कहानी बड़ी रोचक है. 1913 में आसपास के गांव के ही कुछ उत्साहित लोग, जिसमें जागेश्वर सिंह महावीर साव, रामलाल साव, शिवलाल साव, बबन श्रीवास्तव, दुर्गा साव, फिरू लोहरा सहित अन्य लोगों के द्वारा क्षेत्र में अच्छी फसल होने और लोगों को संगठित और एक सूत्र में बांधने के लिए एक छोटे मेले का आयोजन किया गया था. परंतु दिन प्रतिदिन आसपास के गांव का सहयोग मिलने लगा और मेले ने बृहद रूप ले लिया.

### खास बातें

- ग्राम देवी की पूजा के साथ ही मेले का शुभारंभ हो जाएगा
- मिठाई , मनोरंजन व अन्य सामानों की दुकानें सज चुकी है

### मेले के एक सप्ताह पहले झाली मांगने की है परंपरा

तामड़ा जतरा मेले को लेकर शुरुआती दौर से ही झाली मांगने की परंपरा है, जहां पर छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर पारंपरिक गीत गाकर धान चावल आदि चीजों का संग्रहण करते हैं और यह प्रथा 110 वर्षों से लगातार गांव में चली आ रही है. यहां आज भी गांव के छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर गीत गाकर शाम के समय धान चावल मांगते हैं. जिसे बच्चे मेले में ले जाकर मुरही एवं चूड़ा से बदलकर मेले का आनंद लेते हैं. गांव के लोग भी उत्साह के साथ घर में आई नई फसल को दान करते हैं. मेले में कठपुतली नाच का आयोजन किया जाता था, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहता था. कठपुतली नाच को देखने के लिए लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते थे. यह कार्यक्रम बीरू के नायक समुदाय के लोगों के द्वारा किया जाता था और इसे देखने के लिए लोग उत्साहित रहते थे. लेकिन धीरे-धीरे यह संस्कृति और परंपरा विलुप्त हो गई और आज नायक समुदाय के वंशजों द्वारा यह खेल बंद कर दिया गया.

# जलियांवाला बाग एक्सप्रेस शुरू, सीजीपीसी ने मनाई खुशी



संवाददाता । जमशेदपुर

### खास बातें

- चार दिसंबर से एक मार्च तक के लिए रद्द कर दी गई थी ट्रेन
- सीजीपीएस कार्यालय में लड्डू खिलाकर जाहिर की गई खुशी

जलियांवाला बाग एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होने की घोषणा के बाद सिख समुदाय के लोगों में खुशी का माहौल है. शुक्रवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्रबंधक रघुवंश कुमार ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह और चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह को ट्रेन शुरू होने की सूचना दी. यह खबर सुनते ही सभी के चेहरे खिल उठे. जिस समय जानकारी मिली उस समय कमेटी के सभी सदस्य सीजीपीसी कार्यालय में मीटिंग में बैठे थे. ट्रेन चालू होने की खुशी में तत्काल लड्डू मंगवाए गए. सभी ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया. इसके बाद केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी टाटानगर स्टेशन पहुंचे और रघुवंश कुमार को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर आभार प्रकट किया. प्रधान भगवान सिंह व चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह खुशी अभी अधूरी है. जब तक जलियांवाला बाग और जम्मू तवी एक्सप्रेस को रोजाना नहीं कर दी जाती, तबतक आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद विद्युत वरण महतो, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक अरुण जे राठौर, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं स्टेशन निदेशक रघुवंश कुमार के प्रति आभार जताया.


बता दें कि रेलवे ने कोहरे के कारण चार दिसंबर से एक मार्च तक जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया था. बाद में सिख समुदाय द्वारा आंदोलन की घोषणा और रेल मंत्री से आग्रह करने के बाद रेल प्रशासन ने ट्रेन शुरू करने की घोषणा की.

मौके पर सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, वरीय उपाध्यक्ष चंचल सिंह, नरेंद्र पाल सिंह भाटिया, महासचिव अमरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, प्रधान महेंद्र पाल सिंह भाटिया, बिल्डिंग निर्माण प्रमुख सुरेंद्र पाल सिंह टीटू, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह भाटिया, सुखदेव सिंह बिट्टू, करनैल सिंह ज्ञानी समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# टॉप लॉ स्कूलों में एडमिशन के लिए लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट महत्वपूर्ण

## रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी



एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट लॉ स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए आवश्यक है. यह परीक्षा लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल द्वारा आयोजित की जाती है और पूरी दुनिया में मान्य है. 12 वीं कक्षा की परीक्षा में प्राप्त अंकों के अलावा एलएलबी की डिग्री हासिल करने के लिए एलएसएटी स्कोर एक शर्त है. परीक्षा में 99-102 बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं, जो 120-180 अंकों के पैमाने पर बनाए जाते हैं. इसके अलावा परीक्षा अवधि साढे.तीन घंटे की होती है.

### एलएसएटी स्कोरिंग : 120 से 180 के पैमाने पर मापा जाता

टॉप लॉ स्कूलों में प्रवेश पाने के लिए टेस्ट स्कोर बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है. चूंकि विभिन्न देशों में अलग-अलग स्कोरिंग सिस्टम के कारण मूल्यांकनकर्ताओं के लिए या पर्सेंटाइल के आधार पर आपके एडमिशन को संसाधित करना कठिन होता है. इसलिए एडमिशन काफी हद तक आपके एलएसएटी स्कोर पर निर्भर करता है. स्कोर को 120 से 180 के पैमाने पर मापा जाता है, जहां 120 न्यूनतम और 180 अंक उच्चतम स्कोर है. 152 अंक को औसत स्कोर माना जाता है, लेकिन एडमिशन पूरी तरह से संबंधित लॉ स्कूल द्वारा निर्धारित न्यूनतम स्कोर पर निर्भर करता है, जिसमें आप आवेदन कर रहे हैं. परीक्षण के बाद, स्कोर आपके ईमेल पर भेजा जाता है और आपके लॉ स्कूल के अलावा किसी और को नहीं बताया जाता है.

### लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट के लिए सुझाव

- समझबूझ कर पढ़ना
- गति बढ़ाने के लिए किताबें, उपन्यास, ब्लॉग पढ़ें
- वाक्यों के सही अर्थ जानिए
- पॉडकास्ट, वीडियो, वर्ड गेम्स जैसे विभिन्न माध्यमों से अपनी शब्दावली बढ़ाएं
- पैसेज-आधारित प्रश्नों में समय का प्रबंधन करें
- तार्किक विचार
- निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए प्रश्नों को समझें
- शब्दावली में सुधार करें
- पैटर्न, व्यवस्था और अनुक्रमण के आधार पर प्रश्नों को हल करने की तरकीबें सीखें
- विश्लेषणात्मक तर्क
- डेटा विश्लेषण में मानसिक गणना त्वरित होनी चाहिए
- प्रश्न की पहचान होनी चाहिए
- अधिक से अधिक मॉक टेस्ट का अभ्यास करें

### जानिए पियरसन व्यू के बारे में

पियरसन व्यू दशकों से कंप्यूटर आधारित परीक्षण उद्योग में अग्रणी रहा है, जो शिक्षा, आईटी और स्वास्थ्य सेवा में प्रवेश से लेकर हर उद्योग में सालाना 19 मिलियन से अधिक प्रमाणन और लाइसेंस परीक्षा आयोजित करने की सुविधा प्रदान करता है. पियरसन व्यू लगभग 20,000 अत्यधिक सुरक्षित परीक्षण केंद्रों के साथ-साथ 180 से अधिक देशों में ऑनलाइन परीक्षण के दुनिया के सबसे व्यापक नेटवर्क के माध्यम से उच्च-स्तरीय परीक्षाओं को विकसित करने और वितरित करने में वैश्विक लीडर हैं. मूल्यांकन क्षेत्र में संस्था अग्रणी प्रौद्योगिकी फर्मों से लेकर सरकार और नियामक एजेंसियों तक ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ परीक्षाएं आयोजित कर सेवाएं प्रदान कर रही है. संस्था के बारे में अधिक जानकारी पियरसन वीयूइ .कॉम पर हासिल की जा सकती है.

**मुख्य परीक्षा तिथियों और समय सीमा सहित अतिरिक्त जानकारी के लिए बवेबसाइट https://www.lsatindia.in/exam-basics/ पर जा सकते हैं.**

### वर्ष 2024 में एलएसएटी जनवरी और मई माब में

लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट (एलएसएटी) इंडिया की पेशकश वर्ष 2024 में दो बार, यानि जनवरी और मई माह में की जाएगी. इसे लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल (एलएसएसी) द्वारा डिजाइन किया गया है, जो कि पियरसन व्यू द्वारा आयोजित है. पबला टेस्ट 20 जनवरी को कई स्लॉट्स में होगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित है. इस परीक्षा के लिए उम्मीदवार https://www.lsatindia.in/ पर खुद ही रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

- **एलएसएटी**- इंडियाटीएम के बारे में बात करते हुए, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जेजीएलएस) के एसोसिएट अध्यक्ष ओपी जिंदल और ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) में लॉ एडमिशन के निदेशक प्रो आनंद प्रकाश मिश्रा ने कहा- "2009 में हमारे लॉ स्कूल के पहले वर्ष से हमने विशेष रूप से एलएसएटी- इंडियाटीएम के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया है. एलएसएटी-इंडिया टीएम स्कोर में हम इसकी विश्व स्तर की मान्यता और स्वीकृति पर विश्वास करते हैं. इस परीक्षा के माध्यम से प्रत्येक उम्मीदवार को मिले अद्वितीय प्रतिशत, प्रवेश प्रक्रिया को आसान और सुचारू बनाना सुनिश्चित करते हैं. यह परीक्षा वैज्ञानिक है और तर्क पर आधारित है, रटने पर आधारित नहीं."

प्रो मिश्रा ने आगे कहा कि चूँकि, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में सभी छात्रवृत्ति निर्णय एलएसएटी- इंडियाटीएम स्कोर पर आधारित होते हैं, इसलिए मैं सभी लॉ उम्मीदवारों और उनके पालकों से अनुरोध करता हूँ कि आप एलएसएटी- इंडिया टीएम जनवरी 2024 टेस्ट में जरूर शामिल हों. उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में बीकॉम एलएलबी, बीबीए एलएलबी और बीए एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रमों के साथ ही तीन वर्षीय एलएलबी और पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ डिग्री दोनों में प्रवेश के लिए एलएसएटी-इंडियाटीएम अनिवार्य होगा. हम सीएलएटी या किसी अन्य टेस्ट स्कोर को स्वीकार नहीं करेंगे."

- **अब अपने 15वें वर्ष में एलएसएटी**-इंडिया टीएम खुद को भारत के विभिन्न लॉ कॉलेजों द्वारा अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट दोनों पाठ्यक्रमों के लिए उपयोग की जाने वाली प्रमुख कानून प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में स्थापित कर चुका है. एनॉलिटिकल रीजनिंग, लॉजिकल रीजनिंग और रीडिंग कॉम्प्रेहेंशन पर अनुभागों के साथ एलएसएटी-इंडिया टीएम उन्नत पढ़ने के कौशल, महत्वपूर्ण सोच और अनौपचारिक और निगमनात्मक तर्क कौशल के आधार पर कानून के उम्मीदवारों के कौशल का आकलन करने के लिए एक मानक टेस्ट है. एलएसएटी-इंडिया टीएम में कुल 92 प्रश्न होते हैं, जिनके उत्तर देने की समय सीमा 2 घंटे 20 मिनट की होती है. परीक्षा का स्कोर कार्ड स्केल किए गए स्कोर और प्रतिशत रैंक, दोनों की रिपोर्ट प्रदान करता है.

- **घर से परीक्षा देने के लिए सिस्टम फॉलो करना होगा**

परीक्षा का आयोजन पूरे भारत में रिमोट प्रॉक्टरिंग के साथ ऑनलाइन मोड के माध्यम से होगा, ताकि परीक्षार्थियों को अधिकतम पहुंच और सुविधा प्रदान की जा सके. घर से परीक्षा देने के लिए उम्मीदवारों को सिस्टम आदि का पालन करना होगा. परीक्षार्थियों से आग्रह किया जाता है कि वे सिस्टम आवश्यकताओं और टेस्ट की तैयारी के लिए प्रासंगिक जानकारी हेतु परीक्षा वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का अभ्यास करें.

### एलएसएटी- इंडिया के बारे में

**एलएसएटी**- इंडिया यह एक मानकीकृत परीक्षा है, जिसे भारत भर के कई लॉ कॉलेजों द्वारा प्रवेश मानदंड के रूप में अपनाया जाता है. यह उन कौशल को मापता है, जिन्हें लॉ स्कूल में सफलता के लिए आवश्यक माना जाता है. एलएसएटी- इंडिया विशेष रूप से लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल, यूएसए (एलएसएसी) द्वारा भारत में लॉ स्कूलों में प्रवेश के लिए बनाया गया है. एलएसएसी 70 से अधिक वर्षों से विभिन्न देशों के लॉ स्कूलों को अपने आवेदकों के महत्वपूर्ण सोच कौशल का मूल्यांकन करने में मदद कर रहा है.

### अमेरिकी में एलएसएटी पास करना अनिवार्य

अमेरिकी बार एसोसिएशन (एबीए) से संबद्ध अमेरिका में लॉ स्कूलों ने छात्रों के लिए प्रवेश लेने के लिए एलएसएटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है. यूके एलएसएटी को मान्यता नहीं देता है और उसकी अपनी राष्ट्रीय परीक्षाएं होती हैं. इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया भर के शीर्ष लॉ स्कूलों को भी प्रवेश परीक्षा स्कोर की आवश्यकता होती है. कनाडा ने भी हाल ही में इस परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों को प्रवेश देना शुरू किया है.

### जानिए कनाडा के लॉ कॉलेजों के बारे में, जहां लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट (एलएसएटी) स्वीकार्य है



- अल्बर्टा विश्वविद्यालय
- एलार्ड स्कूल ऑफ लॉ, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया
- बोरा लास्किन विधि संकाय, लेक हेड विश्वविद्यालय
- कैलगरी विश्वविद्यालय
- शुलिच स्कूल ऑफ लॉ, डलहौजी विश्वविद्यालय
- मैनिटोबा विश्वविद्यालय
- मैकगिल विश्वविद्यालय
- न्यू ब्रंसविक विश्वविद्यालय
- ऑस्गोड हॉल लॉ स्कूल, यॉर्क यूनिवर्सिटी
- ओटावा विश्वविद्यालय
- क्विंस यूनिवर्सिटी
- रायर्सन विश्वविद्यालय
- सस्केचेवान विश्वविद्यालय
- टोरंटो विश्वविद्यालय
- पश्चिमी विश्वविद्यालय
- विंडसर विश्वविद्यालय

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)